CMYK
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
# शाह टाइम्स
बरेली, शुक्रवार 27 मार्च 2026 बरेली संस्करण: वर्ष 23 अंक 115 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00
अधिकतम :35°C
न्यूनतम : 19°C
विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper
shahtimes2015@gmail.com चैत्र कृष्ण पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2083 7 शव्वाल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



विकास की रफ्तार को कई गुना बढ़ा सकती है टेक्नोलॉजी : योगी पेज 2



राजस्थान रॉयल्स को अमेरिकी निवेशकों ने लगभग 15290 करोड़ में खरीदा खेल टाइम्स




युद्ध के चलते दुनियाभर में ऊर्जा लॉकडाउन का डर सम्पादकीय



बाब-अल मंदाब में नया मोर्चा खोलेगा ईरान पेज 12

# अमेरिका-इजरायल और ईरान के हमलों में हूती की एंट्री

■ ईरान के समर्थन वाले हूती विद्रोही इजरायल के खिलाफ जंग में शामिल होने के लिए तैयार
■ बाब अल-मंदाब स्ट्रेट पर कब्जे की तैयारी

**तेहरान।** ईरान और अमेरिका- इजरायल के बीच हमलों का दौर अब भी जारी है। 28 फरवरी को शुरू हुए इस हमले को लगभग एक महीना होने वाला है, लेकिन दोनों पक्षों के बीच अब तक कोई बात नहीं बनी है। इस बीच अमेरिका-इजरायल के ईरान पर हमलों के खिलाफ हूती विद्रोहियों की एंट्री हो सकती है।

ईरान की सरकारी न्यूज एजेंसी तस्नीम ने सूत्रों के हवाले से दावा किया है कि ईरान के समर्थन वाले हूती विद्रोही इजरायल के खिलाफ जंग में शामिल होने के लिए तैयार हैं। ईरानी मीडिया रिपोर्ट में बिना नाम बताए सूत्रों का हवाला देते हुए कहा गया है कि हूती, जिन्हें यमनी अंसारुल्लाह के नाम से भी जाना जाता है, बाब अल-मंदाब स्ट्रेट पर कब्जा करने के लिए तैयार हैं। अक्टूबर 2023 से विद्रोही समूह ने लाल सागर में पहले ही तनाव की स्थिति बना रखी है और गाजा पर इजरायल के हमलों का बदला लेने के लिए सैकड़ों इजरायली ठिकानों पर गोलाबारी की है। अमेरिकी मीडिया सीएनएन के अनुसार, हूती ने अमेरिका और ब्रिटेन से जुड़े जहाजों को भी निशाना बनाया है, जिससे दुनिया भर में व्यापार में रुकावट आई है।

## होर्मुज स्ट्रेट भारत के लिए खुला है: अराघची

**नई दिल्ली।** ईरान ने भारत और कुछ अन्य 'मित्र देशों' के जहाजों को होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने की अनुमति दे दी है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने गुरुवार को यह जानकारी दी। ईरानी समाचार एजेंसी तस्नीम ने विदेश मंत्री के हवाले से कहा कि तेहरान ने भारत, रूस, चीन, इराक और पाकिस्तान सहित मित्र देशों के जहाजों को स्ट्रेट से गुजरने की अनुमति दी है। श्री अराघची ने कहा कि हमने चीन, रूस, भारत, इराक और पाकिस्तान सहित मित्र राष्ट्रों को होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने की अनुमति दी है। उन्होंने कहा कि यह स्ट्रेट 'दुश्मनों और उनके सहयोगियों' के लिए बंद है।

## डंपर से टकराकर बस में लगी आग, 13 जिंदा जले, 22 घायल

**मरकापुरम।** आंध्र प्रदेश के मरकापुरम जिले में रायवरम के पास गुरुवार को एक सड़क हादसा हुआ। एक प्राइवेट ट्रैवल बस और डंपर में टक्कर हो गई। टक्कर लगते ही बस में आग लग गई। बस में सवार 13 यात्री जिंदा जल गए। हालांकि पुलिस की तरफ से पहले 14 मौतों की जानकारी दी गई थी। बाद में सीएम ऑफिस ने मौत के आंकड़े में ऑफिशियल कंफर्मेशन दिया। अधिकारियों ने बताया कि हरिकृष्णा ट्रैवल्स की बस तेलंगाना के निर्मल से नेल्लोर जा रही थी। हादसा सुबह 6:00 बजे के करीब हुआ। आग पर करीब तीन घंटे में काबू पाया गया। मरकापुरम के एसपी वी हर्षवर्धन राजू ने कहा कि डंपर ड्राइवर समेत 22 घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बस में 35 यात्री सवार थे। घटना की पूरी जानकारी जुटाने की कोशिश की जा रही है। मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने लोगों की मौत पर दुख जताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आंध्र प्रदेश के मरकापुरम जिले में हुए भीषण बस हादसे पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये व घायलों के लिए 50-50 हजार रुपये की सहायता राशि की घोषणा की है।

# देश में ऊर्जा आपूर्ति पूरी तरह सुरक्षित: सरकार

### पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने की दुष्प्रचार अभियान की निंदा

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ पेट्रोल- डीजल और एलपीजी की कोई कमी नहीं, देश में 60 दिन का तेल भंडार मौजूद

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट के बीच सरकार ने स्पष्ट किया है कि देश में पेट्रोलियम और एलपीजी की आपूर्ति की स्थिति पूरी तरह सुरक्षित तथा नियंत्रण में है और कहीं भी पेट्रोल, डीजल या एलपीजी की कमी नहीं है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने गुरुवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि सभी खुदरा ईंधन आउटलेट में पर्याप्त आपूर्ति है।

मंत्रालय ने नागरिकों से अपील की है कि वे जानबूझकर फैलाई जा रही भ्रामक सूचनाओं के सुनियोजित अभियान से गुमराह न हों क्योंकि इसका उद्देश्य अनावश्यक दहशत फैलाना है। आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता के संबंध में गलत जानकारी फैलाना मौजूदा कानूनों के तहत अपराध है और सरकार जानबूझकर दहशत फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने में संकोच नहीं करेगी। मंत्रालय ने कहा है कि पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं और वितरण में भी कहीं कोई बाधा नहीं है। देश में 60 दिन का तेल भंडार मौजूद है। सरकार ने भारत को ऊर्जा सुरक्षा में अग्रणी देशों में बताते हुए कहा है कि देश विश्व का चौथा सबसे बड़ा पेट्रोलियम शोधक और पांचवां सबसे बड़ा निर्यातक है, जो 150 से अधिक देशों को परिष्कृत ईंधन की आपूर्ति करता है। विश्व का शुद्ध निर्यातक होने के कारण भारत में घरेलू पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता संरचनात्मक रूप से सुनिश्चित है। देश भर में एक लाख से अधिक खुदरा आउटलेट से बिना किसी रुकावट के ईंधन की आपूर्ति कर रही हैं। किसी को भी आपूर्ति सीमित करने के लिए नहीं कहा गया है।

## भारत के साथ खड़ा हुआ अर्जेंटीना, बढ़ाया मदद को हाथ, बढ़ाई LPG की खेप

**ब्यूनस आयर्स।** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध की वजह से भारत में एलपीजी की कमी का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच हजारों किमी दूर बैठे एक मित्र देश अर्जेंटीना ने भारत की मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाया है। होर्मुज स्ट्रेट के बंद होने से भारत में एलपीजी आयात प्रभावित हुआ है। इसी के चलते दक्षिण अमेरिकी देश अर्जेंटीना ने भारत की तत्काल ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। समुद्री यातायात में आई बाधाओं ने भारत की ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। इसके चलते नई दिल्ली को अपने ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाने के प्रयासों में तेजी लानी पड़ी है। इस पृष्ठभूमि में अर्जेंटीना एक अप्रत्याशित लेकिन महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में उभरा है।




# नीरव मोदी की याचिका ब्रिटेन की अदालत ने की खारिज



■ लंदन स्थित रॉयल कोर्ट ऑफ जस्टिस की खंडपीठ ने किया भगोड़े हीरा कारोबारी के भारत प्रत्यर्पण का रास्ता साफ

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन के हाईकोर्ट ने भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी को एक बड़ा झटका देते हुए उसके भारत में प्रत्यर्पण के खिलाफ अपील पर फिर से सुनवाई की मांग करने वाली याचिका को खारिज कर दिया है।

अदालत ने केंद्र सरकार के ताजा आश्वासनों को पर्याप्त और विश्वसनीय मानते हुए यह फैसला सुनाया। लंदन स्थित रॉयल कोर्ट ऑफ जस्टिस की खंडपीठ ने 25 मार्च 2026 को दिए फैसले में कहा कि अपील को दोबारा खोलने के लिए 'असाधारण परिस्थितियों' की आवश्यकता होती है, जो इस मामले में मौजूद नहीं हैं। अदालत ने स्पष्ट किया कि कानूनी मापदंडों के आधार पर अपील को फिर से शुरू करने का कोई ठोस कारण नहीं है। यह निर्णय लॉर्ड जस्टिस स्टुअर्ट-स्मिथ और जस्टिस जे ने सुनाया। गौरतलब है कि नीरव मोदी की याचिका मुख्य रूप से 2025 के एक अन्य अदालती फैसले पर आधारित थी, जिसमें भारत में पूछताछ के दौरान खराब व्यवहार की आशंका जताई गई थी। ब्रिटिश अदालत ने सुनवाई करते कहा कि भारत सरकार ने सितम्बर 2025 से फरवरी 2026 के बीच व्यापक, विस्तृत और विश्वसनीय आश्वासन दिए हैं कि प्रत्यर्पण के बाद नीरव मोदी से किसी भी प्रकार की पूछताछ नहीं की जाएगी। भारतीय राजनयिक आश्वासनों के अनुसार, सीबीआई, प्रवर्तन निदेशालय या किसी अन्य भारतीय जांच एजेंसी को ब्रिटेन के अधिकारियों की पूर्व सहमति के बिना नीरव मोदी से पूछताछ करने की अनुमति नहीं होगी। अदालत ने कहा कि ये वादे राजनयिक स्तर पर बाध्यकारी हैं और यह मानने का कोई आधार नहीं है कि भारत अपनी प्रतिबद्धताओं के विपरीत कार्य करेगा। जजों ने कहा कि भले ही भारत के भीतर कानून लागू करने को लेकर कुछ सैद्धांतिक सवाल बाकी हों, लेकिन दिए गए आश्वासनों का व्यावहारिक असर इतना काफी है कि इससे किसी भी तरह के प्रतिबंधित बर्ताव का कोई भी असली खतरा खत्म हो जाता है।



## संक्षिप्त समाचार

### आतंकी मॉड्यूल की जांच में कश्मीर के दस स्थानों पर छापे

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर (सीआईके) ने पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से जुड़े एक आतंकी मॉड्यूल की जांच के सिलसिले में कश्मीर घाटी में दस स्थानों पर छापे मारे है। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि ये छापे श्रीनगर, शोपियां और गांदरबल जलिों में 10 स्थानों पर मारे गए है। यह कार्रवाई सीआईके पुलिस स्टेशन में दर्ज एक नए आतंकी जांच मामले का हिस्सा है। उन्होंने बताया कि ये छापे एक अदालत से तलाशी वारंट हासिल करने के बाद मारे गए। आखिरी रिपोर्ट मिलने के समय ये छापे जारी थे। जानकारी के अनुसार गांदरबल जलिे में छह जगहों पर, शोपियां जिले में तीन जगहों पर और श्रीनगर जिले में एक जगह पर तलाशी ली गई।

### गोवंश संरक्षण को लेकर सीसीटीवी से हो रही है मॉनिटरिंग

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में गोवंश संरक्षण को लेकर सीसीटीवी से मॉनिटरिंग हो रही है। इस दिशा में 5446 गो-आश्रय स्थलों पर अब तक 7592 सीसीटीवी कैमरे लगाए जा चुके हैं, जिससे इन स्थलों की निगरानी व्यवस्था हाईटेक हो गई है। पशुपालन विभाग के अपर मुख्य सचिव मुकेश मेश्राम के अनुसार 56 जनपदों में कमांड एवं कंट्रोल रूम सक्रिय हैं, जहां से कैमरों की मॉनिटरिंग की जा रही है। शेष 19 जनपदों में सीएसआर फंड के माध्यम से जल्द ही कंट्रोल रूम स्थापित किए जाएंगे, जिससे पूरे प्रदेश में एकीकृत निगरानी तंत्र विकसित होगा। सरकार का लक्ष्य है कि हर गो-आश्रय स्थल पर कम से कम 5 सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए जाएं। इस पहल से पारदर्शिता बढ़ने के साथ ही गोवंश की सुरक्षा और बेहतर देखभाल सुनिश्चित हो रही है।

# जनता की हर समस्या का त्वरित समाधान करें अफसर

**गोरखपुर, वार्ता**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को निर्देश दिया कि हर शिकायत का त्वरित, निष्पक्ष और संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने जनता को आश्वस्त करते हुए कहा कि चिंता मत करिए, सरकार आपकी हर समस्या पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित कराएगी। जनता दर्शन में पहुंचे लोगों को महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर बैठाया गया था, जहां मुख्यमंत्री स्वयं उनके बीच पहुंचे और एक-एक कर सभी की समस्याएं सुनीं। उन्होंने प्रार्थना पत्र लेकर संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक निर्देश



■ जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले को बख्शा नहीं जाएगा: योगी

दिए। जमीन कब्जा और अपराध से जुड़ी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि यदि कोई दबंग किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि गरीबों की संपत्ति पर उनका ही अधिकार सुनिश्चित किया जाए और किसी भी स्थिति में उन्हें उजाड़ने वालों को बख्शा न जाए। पारिवारिक विवादों के मामलों में मुख्यमंत्री ने पहले आपसी संवाद से समाधान निकालने की बात कही। यदि बातचीत से समाधान संभव न हो, तो विधिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग लेकर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जरूरतमंदों के इलाज का एस्टीमेट जल्द तैयार कराकर सरकार को भेजा जाए, ताकि तुरंत सहायता उपलब्ध कराई जा सके। कार्यक्रम के दौरान कुछ महिलाएं अपने बच्चों के साथ पहुंचीं, जिन्हें मुख्यमंत्री ने दुलार किया, चॉकलेट दी और आशीर्वाद दिया।

### विकास की रफ्तार को कई गुना बढ़ा सकती है टेक्नोलॉजी: योगी

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि टेक्नोलॉजी विकास की रफ्तार को कई गुना बढ़ा सकती है और गति को प्रगति में बदल सकती है। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार ने कई कार्यक्रम शुरू किए हैं और बजट में टेक्नोलॉजी पर विशेष ध्यान देने का प्रयास किया है। गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) में सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया (एसटीपीआई) के गोरखपुर सेंटर के लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जब हम तकनीक नहीं अपनाते उससे परहेज करते हैं, तो प्रतिस्पर्धा में नहीं होते हैं और जब प्रतिस्पर्धा में नहीं होते हैं तो प्रगति की जगह दुर्गति की ओर जाते हैं। हमें प्रगति की ओर नहीं जाना है, बल्कि प्रगति का अनुसरण करना है।

# शांति बहाली पर पाक को महत्व देना भारत की कूटनीतिक विफलता: कांग्रेस



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि पश्चिम एशिया में शांति बहाली के वास्ते मध्यस्थ के रूप में आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ावा देने वाले पाकिस्तान का नाम सामने आना भारत की कूटनीतिक विफलता है और अब विदेश मंत्री एस जयशंकर इस विफलता पर पर्दा डालने का प्रयास कर रहे हैं।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि पाकिस्तान जैसे देश को मध्यस्थ के रूप में स्वीकार किया जाना बेहद आपत्तिजनक है। उनका कहना था कि पाकिस्तान लंबे समय से आतंकवाद को बढ़ावा देने, ओसामा बिन लादेन जैसे आतंकियों को पनाह देने, परमाणु अप्रसार नियमों के उल्लंघन और एक्यू खान नेटवर्क के जरिए परमाणु प्रसार में शामिल रहा है। उसने अफगानिस्तान में नागरिक ठिकानों पर हमले किए और अपने ही नागरिकों तथा अल्पसंख्यकों के खिलाफ कार्रवाई की। श्री रमेश ने कहा कि 2008 के मुंबई हमले के बाद डॉ. मनमोहन सिंह सरकार ने पाकिस्तान को वैश्विक स्तर पर अलग-थलग कर दिया था, लेकिन हाल के घटनाक्रमों में ऐसा नहीं हो सका। उन्होंने आसिम मुनीर के बयानों का हवाला देते हुए कहा कि इसके बावजूद पाकिस्तान विश्व मंच पर और प्रासंगिक बनता जा रहा है।

### भाजपा पर अपराधियों को संरक्षित करने का लगाया आरोप

**नई दिल्ली।** महिला कांग्रेस अध्यक्ष अल्का लांबा ने गोवा, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में भारतीय जनता पार्टी पदाधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि इन सब के बावजूद पार्टी उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। उन्होंने यहां गुरुवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि गोवा में भाजपा पार्षद के बेटे पर कई नाबालिग लड़िकयों के साथ सामूहिक बलात्कार और यौन उत्पीड़न के आरोप हैं। उनका कहना था कि मामले में कार्रवाई तब हुई, जब पीड़ित परिवारों ने विरोध प्रदर्शन किया। लांबा ने कर्नाटक के चर्चित मामले का जिक्र करते हुए प्रज्जवल रेवन्ना पर लगे आरोपों को उठाया। इसके अलावा उत्तराखंड में अंकिता भंडारी हत्याकांड और उत्तर प्रदेश में कुलदीप सिंह सेंगर मामले का जिक्र करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नेताओं और उनके सहयोगियों के खिलाफ महिला अपराध के मामलों में पार्टी का रवैया संदिग्ध रहा है।

# सपा सरकार आई, तो रिवर फ्रंट पर लगेगी सम्राट अशोक की प्रतिमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** सम्राट अशोक की जयंती पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में सपा की सरकार आने गोमती रिवर फ्रंट पर सम्राट अशोक की भव्य प्रतिमा लगाकर उन्हें सोने के सिघासन पर प्रतिष्ठित किया जाएगा।

पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान धुरंधर-2 में ल्यारी गैंग के पोस्टर में अखिलेश यादव की फोटो लगी होने पर उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लोग किसी की छवि को खराब करने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर रहे हैं। जब फिल्म बनाने वाला ही कह रहा है कि वह काल्पनिक है, तो उसे सच क्या मानना। उन्होंने कहा कि सुनने में आया है कि अपनी जो फिल्म पालिसी है, ओटीपी पॉलिसी है, उसके तहत मिर्जापुर



के बाद गांजा गंज बनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि जो अपने मुकदमे स्वयं वापस लेता हो, उससे बड़ा माफिया कौन है। इस समय जितने माफिया हैं, सब भारतीय जनता पार्टी के हैं। प्रदेश में एलपीजी की किल्लत को लेकर उन्होंने कहा कि भाजपा ने लोगों को लाइनों में लगाने के अलावा किया ही क्या है। अब मैं देख रहा हूं कि लोग पेट्रोल के लिए भी लाइनों में लगे हुए हैं। पहले खाद के लिए किसान लाइन में लगे। सरकार ने एलपीजी संकट को लेकर कुछ भी तैयारी नहीं की। अब तो 14 किलो का सिलेंडर भी 10 किलो का आ रहा लेकिन उससे भी ज्यादा ली जा रही है।

## सरकार ने सोशल मीडिया पर फैली अफवाहों को खारिज किया

# यूपी में पेट्रोल-डीजल के लिए लगीं कतारें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कई जिलों में पेट्रोल-डीजल की कमी को लेकर सोशल मीडिया पर फैली अफवाहों ने अचानक अफरा-तफरी का माहौल पैदा कर दिया। अयोध्या, अंबेडकर नगर और बलरामपुर और देवरिया में पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें देखी गईं, कई जगह 'आउट ऑफ स्टॉक' के बोर्ड लग गए और सीमित मात्रा में ही ईंधन बिक्री की गई। हालांकि प्रशासन और तेल कंपनियों ने साफ किया है कि राज्य में पेट्रोल-डीजल की कोई वास्तविक कमी नहीं है और आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है।

अधिकारियों के मुताबिक सोशल मीडिया पर फैली भ्रामक खबरों के कारण लोगों ने जरूरत से



■ कई जगह पेट्रोल पम्पों पर आउट ऑफ स्टॉक के बोर्ड लगे, सरकार बोली प्रदेश में पर्याप्त स्टॉक अफवाहों पर ध्यान न दें

ज्यादा पेट्रोल-डीजल भरवाना शुरू कर दिया, जिससे कुछ पंपों पर अस्थाई दबाव बना। कई जगह सुबह 5 बजे से ही वाहन चालकों की लाइन लग गई और कुछ लोग बिना ईंधन लिए वापस लिए ही लौट गए। इस बीच पेट्रोल पंप संच. ालकों ने बताया कि तेल कंपनियों द्वारा हाल ही में क्रेडिट सिस्टम खत्म कर एडवांस पेमेंट व्यवस्था लागू की गई है। अब डीलरों को पहले भुगतान करना होता है, तभी वे ईंधन उठा सकते हैं। पहले वे स्टॉक लेकर बाद में भुगतान कर सकते थे, जिससे पंपों पर अधिक रिजर्व रहता था। तेल कंपनियों का कहना है कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण यह कदम वित्तीय रूप से जरूरी है। प्रशासन ने संवेदनशील पेट्रोल पंपों पर पुलिस तैनात की और भीड़ नियंत्रण के उपाय किए। पेट्रोल-डीजल की जमाखोरी रो. कने के लिए कैन/डिब्बों में बिक्री पर तत्काल रोक लगा दी गई। लोगों से अपील की गई कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और जरूरत के मुता. बिक ही ईंधन खरीदें। अयोध्या के जिला पूर्ति अधिकारी के मुताबिक बुधवार सुबह जिले में करीब 16 लाख लीटर डीजल और 10 लाख लीटर पेट्रोल उपलब्ध था, लेकिन अचानक बढ़ी मांग के कारण कई पंपों का स्टॉक खत्म हो गया।

### देशहित में सरकार के उठाए कदम के लिए तैयार रहें: सीएम योगी

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की आपूर्ति को लेकर लोगों को आश्वस्त किया है। उन्होंने कहा कि महीने भर चलने वाले सिलेंडर को 5वें दिन ही क्यों लेने आ रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि मिडिल-ईस्ट के वार से पड़ने वाले असर को लेकर हम सभी को तैयार रहना चाहिए। देशहित में अगर सरकार ने कोई कदम उठाया, तो हम उसके लिए खुद को तैयार करेंगे। पेट्रोल और डीजल को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब नंबर आएगा, तो रजिस्ट्रेशन करवाएं, रसोई गैस आपके घर तक पहुंच जाएगी। सीएम योगी ने कहा कि हमने प्रदेश में हर जिला प्रशासन से कहा है कि जैसे पहले होम डिलीवरी होती थी, वैसे ही पहुंचाएगी और लाइन लगाने की आवश्यकता नहीं है।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

# भारत की वृद्धि दर आंतरिक मांग की बदौलत ऊंची बनी रहेगी: एसोचैम

**नई दिल्ली, वार्ता**

भारत के प्रमुख उद्योग मंडल एसोचैम का अनुमान है कि वैश्विक स्तर पर भू-राजनीतिक संकटों के चलते आपूर्ति श्रृंखलाओं के व्यवधान से वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर मंद हो सकती है पर भारत आंतरिक उपभोग और निवेश मांग की बदौलत अगले वित्त वर्ष 2026-27 सात प्रतिशत से ऊपर की तेज गति से वृद्धि की राह पर बना रहेगा।

एसोचैम का मानना है कि 2026 में वैश्विक वृद्धि दर नरम पड़ कर 3 प्रतिशत से नीचे रह सकती है। संगठन ने आगाह किया है कि चूंकि रुपये के मूल्य में काफ़ी गिरावट आई है, इसलिए घरेलू बाजार में एलपीजी सिलेंडरों जैसे कुछ क्षेत्रों में ऊर्जा की कीमतें भी बढ़ी हैं और इसका असर आने वाले समय में महंगाई के रुझानों पर देखने को मिलेगा। उद्योग मंडल

■ 2026-27 सात प्रतिशत से ऊपर की तेज गति से वृद्धि की राह पर बना रहेगा

ने गुरुवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था पर पश्चिम एशिया युद्ध के असर को कम करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदम असरदार और सही समय पर हैं। एसोचैम के अध्यक्ष निर्मल के. मिडा ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है और वित्त वर्ष 2025-26 में जीडीपी में 7.6 प्रतिशतकी बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। मिडा ने कहा कि पिछले कई सालों से सुधारों के जरिए सरकार का मजबूत समर्थन बिजनेस के भरोसे को बढ़ाता है। घरेलू खपत का रुझान कई सालों के सबसे ऊंचे स्तर पर है, जिसे कर व्यवस्था में सुधार और 'ईज ऑफ़ डूइंग बिजनेस' (कारोबार करने में आसानी) में किए गए साहसी सुधारों से समर्थन मिला है और निवेश भी उसी रफ्तार से बढ़ रहा है। मिडा ने कहा कि आगे उम्मीद है कि भारत की वृद्धि अगले वित्त वर्ष 2026-27 में सात प्रतिशत से ऊपर बना रहेगा, जबकि ग्लोबल ग्रोथ के तीन प्रतिशत से नीचे गिरने का डर है। एसोचैम का कहना है कि 2025-26 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि का अनुमान लगभग 7.6 प्रतिशत पर अपरिवर्तित बना हुआ है और आने वाले वित्त वर्ष, 2026-27 में 7 प्रतिशत से ज्यादा की वृद्धि की उम्मीद है भू-राजनीतिक और अमेरिका में ऊंचे शुल्क से जुड़ी चुनौतियों के बावजूद भारत की वृद्धि दर पिछले तीन सालों में सात प्रतिशत से ज्यादा की रही है। फरवरी 2026 के महीने में भारत का विनिर्माण क्षेत्र संबंधी परचेजिग मैनेजर्स इंडेक्स 56.9 और सेवा क्षेत्र पीएमआई 58.1 पर रहा, जो दुनिया की शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं (अमेरिका, चीन और जर्मनी) में सबसे ज्यादा रहे।

### पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।** देश में सामान्य पेट्रोल और डीजल के दाम गुरुवार को अपरिवर्तित रहे। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आज पेट्रोल की कीमत 94.77 रुपये और डीजल की 87.67 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर रही। सामान्य पेट्रोल-डीजल के मूल्य में 30 अक्टूबर 2024 के बाद से कोई बदलाव नहीं किया गया है। इस बीच अंतर्राष्ट्रीय बाजार में आज कच्चे तेल में तेजी रही और लंदन का ब्रेंट क्रूड का मार्च वायदा डेढ़ फीसदी से ज्यादा चढ़कर 104 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया। कच्चे तेल में तेज उछाल के बाद इंडियन ऑयल के प्रीमियम पेट्रोल एक्सपी95 का मूल्य 20 मार्च को दो रुपये बढ़ाया गया था। इस बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में इसकी कीमत अब 101.89 रुपये प्रति लीटर हो गई है। इंडियन ऑयल के प्रीमियम डीजल एक्सजी का मूल्य 91.49 रुपये प्रति डॉलर पर स्थिर है। मुंबई में पेट्रोल की कीमत 103.54 रुपये, चेन्नई में 100.84 रुपये और कोलकाता में 105.45 रुपये प्रति लीटर है। डीजल मुंबई में 90.03 रुपये, चेन्नई में 92.39 रुपये और कोलकाता में 92.02 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। रुपया भी इन दिनों डॉलर के मुकाबले ऐतिहासिक निचले स्तर पर है। पिछले कारोबारी दिवस पर यह 20 पैसे लुढ़ककर 93.96 रुपये प्रति डॉलर के ऐतिहासिक निचले स्तर पर बंद हुआ था।

# स्वास्थ्य बीमा क्षेत्र की वृद्धि दर नौ प्रतिशत रही

**नई दिल्ली, वार्ता**

देश का स्वास्थ्य बीमा क्षेत्र वार्षिक आधार पर लगभग नौ प्रतिशत की दर से मजबूत वृद्धि दर्ज हासिल कर रहा है। वित्त मंत्रालय के अनुसार 2024-25 में कुल स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम की राशि 1.2 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। मंत्रालय की गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार यह वृद्धि बढ़ती जागरूकता, स्वास्थ्य देखभाल वित्तपोषण तक बेहतर पहुंच और चिकित्सा खर्चों के खिलाफ वित्तीय सुरक्षा की बढ़ती मांग को दर्शाती है।

पॉलिसीधारकों को समय पर सहायता सुनिश्चित करने के लिए, भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) ने कैशलेस स्वास्थ्य बीमा दावों के प्रसंस्करण के लिए विशिष्ट समयसीमा निर्धारित की है। आईआरडीएआई द्वारा कैशलेस प्री-ऑथराइजेशन एक घंटे के भीतर और अंतिम स्वीकृति- तीन घंटे के भीतर किए जाने के निर्देश हैं। इन समय-सीमाओं का उद्देश्य देरी को कम करना और यह सुनिश्चित करना है कि मरीजों को समय पर

■ स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम की राशि 1.2 लाख करोड़ रुपये से अधिक रही

चिकित्सा देखभाल मिल सके। आईआरडीएआई के 2024 के नियमों में यह निर्दिष्ट किया गया है कि बीमा उत्पादों का मूल्य निर्धारण सभी प्रासंगिक जोखिम कारकों के आधार पर उचित रूप से किया जाए और वे व्यवहार्य और मूल्य-संचालित बने रहें, साथ ही नियुक्त बीमांकिक द्वारा विश्वसनीय डेटा और ग्राहक प्रतिक्रिया का उपयोग करके आवधिक समीक्षा की जाए। वर्ष 2022-23, 2023-24 और 2024-25 में दावों की संख्या के आधार पर निपटाना क्रमशः 85.66 प्रतिशत, 82.46 प्रतिशत और 87.50 प्रतिशत था। विज्ञप्ति में आईआरडी एआई के बीमा भरोसा पोर्टल के हवाले से बताया गया है कि वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान सामान्य और स्वास्थ्य बीमा से संबंधित 1,37,361 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 1,27,755 (93 प्रतिशत) शिकायतों का निपटारा वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान ही कर दिया गया।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# गैस संकट और मौतों के लिए केंद्र जिम्मेदार: अजय राय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय गुरुवार को रामपुर पहुंचे, जहां पूर्व विधायक अफरोज अली खान के निवास पर कार्यकर्ताओं ने उनका फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया। इस दौरान अजय राय ने एक प्रेस वार्ता को संबोधित किया और केंद्र सरकार की नीतियों पर जमकर निशाना साधा।

उन्होंने रामपुर को बहादुरों और क्रांतिकारियों की धरती बताते हुए जनता के संघर्षों को नमन किया। अजय राय यहां पूर्व विधायक संजय कपूर द्वारा आयोजित सम्राट अशोक जयंती कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए आए थे। प्रेस वार्ता के दौरान अजय राय ने देश में गैस एजेंसी और पेट्रोल की लाइनों में लग रहे लोगों की स्थिति और इस दौरान हो रही मौतों पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने इन दुखद घटनाओं के

■ हकीकत को छिपाने का प्रयास कर रही मोदी सरकार

लिए सीधे तौर पर केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री को जिम्मेदार ठहराया। अजय राय ने आरोप लगाया कि सरकार की कुप्रबंधन नीति के कारण आम जनता को बुनियादी सुविधाओं के लिए भी जान गंवानी पड़ रही है। कांग्रेस नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री लगातार देश की जनता को गुमराह कर रहे हैं और जमीनी हकीकत को छिपाने का प्रयास कर रहे हैं। प्रधानमंत्री द्वारा हाल ही में कोरोना काल की तरह धैर्य बनाए रखने के बयान पर अजय राय ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने याद दिलाया कि कोरोना काल में भी सरकार ने सब कुछ ठीक होने का दावा किया था, जबकि राहुल गांधी ने पहले ही खतरे की चेता. वनी दी थी।

# नोएडा हवाई अड्डे का उद्घाटन 28 मार्च को जनसभा को भी संबोधित करेंगे पीएम मोदी

**नई दिल्ली, वार्ता**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार 28 मार्च को नोएडा के जेवर स्थित नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन करेंगे और एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने गुरुवार को बताया कि श्री मोदी 28 मार्च सुबह लगभग 11:30 बजे गौतम बुद्ध नगर में जेवर स्थित नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल भवन का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद दोपहर लगभग 12 बजे वह नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रथम चरण का उद्घाटन करेंगे और इस अवसर पर एक जनसभा को संबोधित करेंगे।

नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र के लिए दूसरे अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के रूप में विकसित किया गया है, जो दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का पूरक है। सरकारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि ये दोनों हवाई अड्डे मिलकर एक एकीकृत विमानन प्रणाली के रूप में कार्य करेंगे, जिससे दोनों हवाई अड्डों पर बोझ बढ़ जाएगा, यात्री क्षमता बढ़ेगी और



दिल्ली-एनसीआर को वैश्विक विमानन केंद्र के रूप में अग्रणी स्थान हासिल करेगा। नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा भारत की सबसे बड़ी ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट परियोजनाओं में से एक है। नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण को सार्वजनिक- निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत लगभग 11,200 करोड़ रुपये के कुल निवेश से विकसित किया गया है। प्रारंभिक चरण में हवाई अड्डे की संचालन क्षमता 1.2 करोड़ यात्री प्रति वर्ष (एमपीपीए) होगी, जो हवाई अड्डे के पूर्ण विकसित होने तक 70 एमपीपीए तक हो जाएगी। नोएडा हवाई अड्डे का रनवे 3,900 मीटर लंबा है, जो बड़े आकार के विमानों के संचालन में सक्षम है। इसके साथ ही इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम और उन्नत एयरफील्ड लाइटिंग सहित यहां आधुनिक नेविगेशन सिस्टम हैं, जो हर मौसम में दिन-रात संचालन में सक्षम है। इस हवाई अड्डे के साथ एक सुदृढ़ कार्गो प्रणाली भी है, जिसमें एक मल्टी-मॉडल कार्गो हब, एकीकृत कार्गो टर्मिनल और लॉजिस्टिक्स जोन शामिल हैं। यहां प्रति वर्ष 2.5 लाख टन से अधिक माल ढुलाई हो सकती है। बाद में क्षमता को बढ़ाकर। 18 लाख टन किया जाएगा। इसमें 40 एकड़ का एक समर्पित रखरखाव, मरम्मत एवं ओवरहाल सुविधा क्षेत्र भी शामिल है। नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे की स्थापत्य शैली भारतीय विरासत से प्रेरित है, जो पारंपरिक घाटों और हवेलियों की याद दिलाते हैं, जिससे सांस्कृतिक सौंदर्यशास्त्र आधुनिक अवसंरचना के साथ मिश्रित होता है। यमुना एक्सप्रेसवे पर रणनीतिक रूप से स्थित नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को सड़क, रेल, मेट्रो और क्षेत्रीय परिवहन प्रणालियों के निर्बाध जुड़ाव के साथ एक बहु-मॉडल परिवहन केंद्र के रूप में विकसित किया गया है, जो यात्रियों और माल ढुलाई के लिए कुशल कनेक्टिविटी सुनिश्चित करता है।

# ईडी ने फर्जी अस्पताल मालिक की 55 लाख की अचल संपत्ति कुर्क की

**नई दिल्ली।** ईडी ने प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी- पीएमजेएवाई) योजना के तहत बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी से जुड़े एक मामले में असम के एक अस्पताल के मालिक मोब्जिल हुसैन बारभुइया की 55.33 लाख रुपये की अचल संपत्ति कुर्क की है।

ईडी के गुवाहाटी जोनल कार्यालय ने शिफा अस्पताल और अनुसंधान केंद्र के मालिक के खिलाफ हैलाकांडी थाने द्वारा दर्ज एक प्राथमिकी के आधार पर धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत जांच शुरू की थी। जांच में यह बात सामने आई है कि एबी-पीएमजेएवाई योजना के तहत सूचीबद्ध इस अस्पताल ने 22 अप्रैल 2019 से 5 नवम्बर 2022 की अवधि के दौरान लाभार्थियों को कोई वास्तविक चिकित्सा उपचार प्रदान किए बिना 64,10,780 रुपये के 778 फर्जी प्रतिपूर्ति दावे प्रस्तुत किए थे। जांच में पता चला कि अस्पताल का जो पता दिया गया था वहां कोई अस्पताल था ही नहीं। आरोपी ने कथित तौर पर एक व्यवस्थित धोखाधड़ी की योजना बनाई थी जिसमें आयुष्मान भारत कार्ड रखने वाले लाभार्थियों को एक अस्थाई सेटअप पर जाने के लिए प्रेरित किया गया था और 300 रुपये के मामूली भुगतान के बदले उन्हें अस्पताल के बिस्तरों पर लेटे हुए फोटो खिंचवाने के लिए कहा गया था। इन तस्वीरों को फिर ट्रांजैक्शन मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल पर अपलोड किया गया, ताकि उन चिकित्सा प्रक्रियाओं के लिए फर्जी प्रतिपूर्ति दावे उत्पन्न किए जा सकें जो कभी की ही नहीं गई थीं।

## बाइकों की भिड़ंत में दो अन्य घायल, पांच घंटे नहीं उठने दिया शव

# युवक की मौत पर परिजनों ने लगाया जाम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। तेज रफ्तार बुलेट ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौके पर मौत हो गयी जबकि उसका चचेरा भाई व बुलेट सवार गंभीर रूप से घायल हो गये। परिजनों ने बुलेट चालक की गिरफ्तारी की मांग को जमकर हंगामा काटा तथा गुलड़िया रोड जाम कर दिया। पांच घंटे तक चली वार्ता के बाद शर्तों पर जाम खोला गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जबकि अज्ञात बुलेट सवार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है। बुलेट सवार की पहचान धनौरा निवासी रोबिन के रूप में हुई है।



गांव बागड़पुर में स्वर्गीय गुड्डू का परिवार रहता है। दस साल पहले बीमारी के चलते उनकी मृत्यु हो गई थी। परिवार में पत्नी कुसुम देवी के अलावा दो बेटे अजय, अरुण तथा दो बेटी काजल व निशा हैं। काजल की शादी हो चुकी है। तीसरे नंबर का बेटा अरुण पेशे से प्लम्बर था। बुधवार शाम वह अपने 11 वर्षीय चचेरे भाई के साथ बाइक पर सवार होकर कहीं से घर लौट रहा था। जैसे से ही वह गांव से बाहर निकला तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार बुलेट ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में 21 वर्षीय अरुण की मौके पर ही मौत हो गई जबकि चचेरा भाई व बुलेट सवार युवक गंभीर घायल हो गए। इसके बाद बुलेट चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर परिजन व गांव के लोग मौके पर पहुंच गए। उन्होंने आरोपी बुलेट चालक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस मौके पर पहुंची तथा क्षतिग्रस्त वाहनों को हटा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाने लगी तो लोग भड़क उठे। गुस्साई भीड़ ने इसके बाद गुलड़िया- बागड़पुर मार्ग पर जमा लगा दिया। आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी और मृतक के परिजनों को आर्थिक मदद देने की मांग की। सूचना पर एसडीएम व सीओ पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। लगभग पांच घंटे तक चली बाद के बाद शर्तों पर आश्वासन मिलने पर जाम खोला। रात 11:30 बजे पुलिस ने जाम खुलने के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। गुरुवार दोपहर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों में मृतक का अंतिम संस्कार किया। सीओ अवधभान भदौरिया ने बताया कि मामले में अज्ञात चालक पर रिपोर्ट दर्ज करने की बात कही। बताया कि बुलेट सवार की पहचान मडी धनौरा निवासी रोबिन के रूप में हुई है। हादसे में वह भी घायल बताया जा रहा है, परिजनों ने उसे मेरठ के अस्पताल में भर्ती कराया है।

# आत्महत्या को उकसाने वालों पर पुलिस मेहरबान

### पत्नी ने एसपी से की कार्रवाई की मांग



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। जोया सीएचसी में आत्महत्या करने वाले संविदा कर्मी अंकुर चीमा की पत्नी ने डिडौली पुलिस पर आरोपियों की खिलाफ कोई कार्रवाई न करने का आरोप लगाया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय मे शिकायती पत्र सौंप तत्काल आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। 25 फरवरी को जोया सीएचसी में आत्महत्या करने वाले अंकुर चीमा की पत्नी ने गुरुवार को परिजनों संग एसपी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। उन्होंने आरोप लगाया कि आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। जबकि मृतक की जेब से जो सुसाइड नोट मिला मिला था उसमें मानसिक उत्पीड़न का जिक्र था। अंकुर चीमा जोया सीएचसी में संविदा कर्मी के पद पर तैनात थे। 25 फरवरी को उन्होंने अपने सरकारी आवास पर पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली थी। अंकुर मूल रूप से नौगांवा सादात क्षेत्र के गांव भेड़ा भरतपुर के रहने वाले थे। वह सीएचसी मे नवजात शिशु स्थिरीकरण इकाई मे कार्यकृत थे, जबकि पत्नी गरिमा सिंह बलरामपुर जिले मे प्राइमरी स्कूल में अध्यापिका है। गरिमा सिंह ने सोमवार को एक वीडियो वायरल किया था जिसमें उन्होंने पुलिस पर कार्रवाई न करने और आरोपियों से खुद व मासूम बेटे को खतरे का आरोप लगाया था। उनका कहना कि आरोपियों द्वारा उत्पीड़न और मान. सिक रूप से परेशान करने के कारण उनके पति ने आत्महत्या की थी। सुसाइड नोट में उनके भाई, भाभी और पिता पर मानसिक उत्पीड़न तथा मारपीट का आरोप लगाया गया था। पुलिस द्वारा करवाई न होने से खफा गरिमा मायके पक्ष के लोगों के साथ गुरुवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची। प्रदर्शन कर डिडौली पुलिस पर करवाई न करने का आरोप लगाया। मृतक की पत्नी का आरोप है कि उन पर समझौते के लिए दबाव बनाया जा रहा है, और ऐसा न करने पर जन से मारने की धमकी दी जा रही है। गरिमा ने शिकायती पत्र देकर आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की।

# गैंगस्टर के दोषी को चार साल व पांच हजार जुर्माने की सजा

### कुख्यात अपराधी को कोर्ट ने सुनाई सजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। सैदनगली क्षेत्र से जुड़े गैंगस्टर एक्ट के एक अहम मामले में अदालत ने कुख्यात अपराधी दिलशाद को दोषी ठहराते हुए चार साल के कारावास और पांच हजार रूपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

मामला थाना सैदनगली से जुड़ा था। तत्कालीन थाना प्रभारी देवीराम गौतम ने कस्बा ढक्का निवासी दिलशाद के अलावा शमशाद, नौशाद और इंतजार के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। मामले की विवेचना दरोगा ओपी राणा द्वारा की गई थी। शुरुआत में उन्होंने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया था, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया था। बाद में सभी जमानत पर जेल से आ गए थे। मुकदमे की सुनवाई एफटीसी द्वितीय की कोर्ट में विचाराधीन थी। मुकदमे की अंतिम सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पत्रावली के साथ साक्ष्यों का गहनता से अवलोकन किया। दिलशाद को दोषी करार देते हुए चार साल जेल की सजा था पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया। शासकीय अधिवक्ता अमित कुमार वशिष्ठ ने बताया कि इसी मामले में अन्य आरोपी शमशाद, नौशाद और इंतजार को पहले ही चार-चार साल जेल की सजा सुनाई जा चुकी है। एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि दोषसिद्ध किया गया दिलशाद कुख्यात अपराधी है। जिले के थानों में उसके खिलाफ अपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनके चलते उन्हें टॉप-10 बदमाशों की सूची में रखा गया है।

# श्री राम नवमी पर धूमधाम से निकाली शोभायात्रा

### मनमोहक झांकियों ने किया मंत्रमुग्ध



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। नगर में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्मोत्सव श्रीरामनवमी के पावन अवसर पर गुरुवार को नगर भक्ति के रंग में सराबोर नजर आया। नगर के प्रसिद्ध श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर से श्री झारखंड महादेव शिव कावड़ बेड़ा द्वारा एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया।

शोभायात्रा का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी एवं नगर पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। अतिथियों ने भगवान श्री राम की प्रतिमा के समक्ष पूजा-अर्चना की और फीता काटकर यात्रा को रवाना किया। इस दौरान जय श्री राम के उद्घोष से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा। शोभायात्रा नगर के विभिन्न मुख्य मार्गों से होकर गुजरी। इसमें भगवान सीताराम, पवनपुत्र हनुमान और बाबा खाटू श्याम की मनमोहक झांकियां शामिल रहीं, जिन्होंने राहगीरों और दर्शनार्थियों का मन मोह लिया। श्रद्धालु हाथों में धर्म ध्वजा लेकर और डीजे की धुन पर बज रहे राम भजनों पर थिरकते हुए चल रहे थे। जगह-जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। नगर की शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के लिए कोतवाल राजेश कुमार तिवारी भारी पुलिस बल के साथ पूरी यात्रा के दौरान मुस्तैद रहे। इस धार्मिक आयोजन में मुख्य रूप से अंकुर अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, विपिन हिंदुस्तानी, अंकुर प्रजापति, राहुल दक्ष, निशांत चौहान, राहुल हिंदुस्तानी, वरुण अग्रवाल, आकाश हिंदुस्तानी, अभिषेक ठाकुर, शौर्य रस्तोगी, हनी अग्रवाल, मोहित शर्मा, योगेंद्र प्रजापति, सर्वेश प्रजापति, चंदन प्रजापति, श्याम आर्य, रामपाल प्रजापति, राजू प्रजापति, अभिषेक प्रजापति, शुभम आर्य, यश अग्रवाल और मोहित अग्रवाल सहित भारी संख्या में रामभक्त मौजूद रहे।

# चार लाख का लकड़ी का सामान जलकर राख

### जनरेटर से निकली चिंगारी ने मचाई तबाही



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। जनरेटर से निकली चिंगारी से लकड़ी के सामान की दुकान में आग लग गयी। अग्निकांड में करीब चार लाख रूपये के नुकसान का अंदेशा जताया जा रहा है। दमकल कर्मियों की मद्द से आग पर काबू पाया गया। यह घटना डिडौली गांव में हाईवे किनारे स्थित सर्विस रोड की है। गांव निवासी मोहम्मद जामिन की यहां लकड़ी के सामान बनाने की दुकान है। दोपहर में मोहम्मद जामिन दुकान पर आरा मशीन से काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक जनरेटर से निकली चिंगारी लकड़ी के सामान पर गिर गई। जिससे आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और दुकान से ऊंची लपटें उठने लगीं।आग लगते ही मोहम्मद जामिन ने शोर मचा दिया। जिसके बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दमकल कर्मियों को भी बुलाया गया। हालांकि फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले ही दुकान में रखा लकड़ी का सामान, मशीन और अन्य सामग्री पूरी तरह जलकर नष्ट हो चुका था। दमकल कर्मियों ने स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया। दुकान स्वामी ने बताया कि घटना में लगभग चार लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

# महिला का पति पर दूसरी शादी करने का आरोप

### पति समेत छह पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। महिला ने पति पर दूसरा विवाह करने और उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। कार्रवाई के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

क्षेत्र के गांव नसीर नगला निवासी रीना रानी द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर के मुताबिक उनकी शादी साल 2016 में वीरबहादुर सिंह से हुई थी। उनके पिता ने शादी में करीब 25 लाख रुपये खर्च किए थे। विवाह के बाद से वह अपनी ससुराल में रह रही थीं। आरोप है कि पति वीर बहादुर सिंह, ससुर सुरेश, सास सरोज, ननद रेखा, बहनोई राजीव, ननद गीता और अन्य परिजनों ने मिलकर साजिश के तहत 28 मई को पति का दूसरा विवाह मनीषा नाम की महिला से करा दिया। बताया कि दूसरी पत्नी को अनुपशहर में किराए के मकान में रखकर पति वहीं उसके साथ रह रहा है। पीड़िता को इस बात की जानकारी 25 फरवरी को हुई, जिसके बाद वह अपने परिजनों के साथ मौके पर पहुंची और पति को दूसरी महिला के साथ रहते हुए देखा। पीड़िता ने पुलिस को सूचना भी दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। आरोप है कि दूसरी शादी का विरोध करने पर पति ने उसे जान से मारने की धमकी दी। सीओ अवधभान भदौरिया ने मामले में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

## एक नजर

### विधिक शिविर में ग्रामीणों के बताए अधिकार

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अमरोहा द्वारा जनपद न्यायाधीश के मार्गदर्शन में ग्राम टोनिया माफी में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में तहसीलदार मूसाराम थारू उपस्थित रहे। उन्होंने ग्रामीणों को राजस्व संबंधी प्रक्रियाओं, सरकारी योजनाओं एवं प्रशासनिक कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि जागरूक नागरिक ही अपने अधिकारों का सही उपयोग कर सकता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शिविर ग्रामीण क्षेत्रों में न्याय की पहुंच को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाते हैं।

### दुकानदार को पीटने में मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। घड़ी वापस करने को लेकर हुए विवाद में दुक. ानदार को पीटने में पुलिस ने चार नामजद समेत आठ-दस अज्ञात के खिलाफ मुक. दमा दर्ज किया है। शहर के मोहल्ला चिल्ला निवासी समीर खान की बाजार बसावन गंज में घड़ी और चश्मों की दुकान है। बीती 20 मार्च यानि ईद की चांद रात को वह अपनी दुकान पर मौजूद थे। आरोप है कि उसी दौरान मोहल्ला बेरियान का रहने वाला वसीम उनकी दुकान पर आया और दो दिन पूर्व खरीदी गई घड़ी को खराब बताकर वापस करने के लिए दबाव बनाने लगा। समीर खान ने खराब कर वापस की जा रही घड़ी को लेने से इनकार कर दिया। ये सुनकर वसीम गुस्सा हो गया और गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगा। आरोप है कि कुछ समय बाद वसीम अपने साथ मोहल्ला गुजरी के रहने वाले लादेन, कैफ, मोहल्ला मछरटटा निवासी जावेद, दानिश, निजाम और 8-10 अज्ञात लोगों को लेकर दुकान पर पहुंचा। सभी आरोपियों के हाथों में लाठी-डंडे थे। जिन्होंने आते ही मारपीट शुरू कर दी, दुकान में रखे सामान को भी तोड़फोड़ दिया। मौके पर मौजूद उनकी पत्नी व अन्य लोगों ने बीच-बचाव कराने की कोशिश की तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। मामले में व्यापारियों ने एसपी से मुलाकात करते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने मुकदमा दर्ज होने की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### बिजली के बिल को भिड़े दो भाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। बिजली के बिल को लेकर दो सगे भाइयों मे हिंसक झड़प हो गई, घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से हड़कंप मच गया। मामला कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला अफगानान का है। बिजली के बिल को लेकर दो सगे भाइयों के बीच विवाद हिंसक झड़प में बदल गया, दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी डंडे चले जिसमें मामूली चोटें आई। जानकारी के अनुसार बिजली बिल बकाया होने की वजह से आपूर्ति कट दी गई थी, बिल जमा करने को लेकर दो भाइयों मे कहासुनी हुई, देखते ही देखते मारपीट शुरू हो गई। झगड़ा इतना आगे बढ़ा कि दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर लाठी डंडों से प्रहार कर दिया। मोहल्ले के लोगों ने किसी तरह दोनो में बीच बचाव कराया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

### हमलावरों से हमसाज पुलिस



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। हमलावरों से शहर कोतवाल हमसाज हो गये हैं। परिजनों ने तत्काल गिरफ्तारी की मांग को पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। नगर के मोहल्ला वासुदेव के दलीप सिंह को 22 दिन पूर्व कई लोगों ने बेरहमी से पीटा था। वह तभी से मुरादाबाद के किसी अस्पताल में भर्ती हैं। अभी तक उनकी हालत गंभीर बनी है। पुलिस ने इस मामले में मामूली धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। हमलावर अभी भी खुलेआम घूम रहे हैं परिजनों ने आज एसपी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया तथा ज्ञापन सौंपा। जिसमें हमलावर की तत्काल गिरफ्तारी तथा मुकदमे में धाराएं बढ़ाने की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में निर्मल सिंह, योगेन्द्र, विजेन्द्र, हेम सिंह, गंगाराम, गेंदा सिंह, लक्ष्मण सिंह, पिंटू, कमल, वीर सिंह, राजकुमार आदि मौजूद रहे।

# दुर्गाष्टमी पर निकाली मां भगवती की भव्य शोभायात्रा

### पालिकाध्यक्ष ने पूजा अर्चना से किया शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। चैत्र नवरात्र की अष्टमी तिथि पर नगर के प्राचीन श्री नवदुर्गा मंदिर से युवा समाज सेवा समिति के संयोजन में मां भगवती की भव्य शोभायात्रा बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ निकाली गई। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही और पूरा नगर जयकारों से गूंज उठा।

शोभायात्रा का शुभारंभ पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने विधिवत पूजा-अर्चना कर एवं माता के रथ को खींचकर किया। इस अवसर पर उन्होंने नगरवासियों को दुर्गाष्टमी की शुभकामनाएं दीं और सभी के सुख-समृद्धि की कामना की। शोभायात्रा में मां भगवती का सुसज्जित रथ, शिव परिवार, श्रीराम दरबार, मां काली का अखाड़ा, हनुमान जी समेत विभिन्न आकर्षक झांकियां शामिल रहीं, जिन्होंने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। यात्रा के दौरान डीजे व ढोल-नगाड़ों की धुन पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। नगर के विभिन्न स्थानों पर व्यापारियों व सामाजिक संगठनों द्वारा पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया तथा जगह-जगह जलपान की व्यवस्था भी की गई। शोभायात्रा कंचन बाजार, हरदेव बाजार, अग्रसेन बाजार, गढ़ी मंदिर, सब्जी मंडी आदि प्रमुख मार्गों से होती हुई नुक्कड़ शिव मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। यहां विधिवत आरती के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। पूरे आयोजन के दौरान पुलिस-प्रशासन व्यवस्था बनाए रखने में मुस्तैद रहा, वहीं समिति के कार्यकर्ताओं ने शोभायात्रा को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष आयुष रस्तोगी, अंकित घरोटिया, उमंग अग्रवाल, अमित अग्रवाल, गर्वित राजपूत, दीप अग्रवाल, आदित्य सिंघल, दिव्यांशु सिंघल, सौरभ जैन, शुभम रस्तोगी, शिवम गुप्ता, ओम मांगलिक, विदित मालवीय, सागर सिंघल, तनिष्क गर्ग, माधव अग्रवाल, एकांश कौशिक, आकाश मालवीय, वाशु शर्मा, अंकुश गुप्ता, अनन्त अग्रवाल, आकाश घरोटिया, धर्मेंद्र सैनी, सचिन विश्नोई, तेजस्वी जैन, रोहित गुप्ता, अमन वर्मा, अरुण जैन, शरद गर्ग, रूपक अग्रवाल, अजय गोयल, हिमांशु अग्रवाल, यतेन्द्र सिंघल, अमित गर्ग, शरद गर्ग, सोनू अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# विवाहिता को दहेज के लिए पीटकर घर से निकाला

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को पति व ससुराल पक्ष के लोगों ने मारपीट करके घर से निकाल दिया। समझौते के लिए बुलाई गई पंचायत में पीड़िता के माता-पिता के साथ मारपीट भी की। पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

**■ पति समेत छह आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज**

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव शाहपुर उर्फ साहबपुर निवासी पूजा की शादी 22 फरवरी 2023 को मण्डी धनौरा थाना क्षेत्र के गांव कलाली निवासी प्रशांत के साथ हुई थी। पूजा के पिता ने उपहार स्वरूप शादी में काफी सामान दिया था और लाखों रूपये का व्यय हुआ था। आरोप है कि पूजा से उसका पति और ससुराल पक्ष के लोग पांच लाख रूपये या कार की मांग करते आ रहे हैं। कई बार पूजा के साथ मारपीट की गई। इसके बाद भी पूजा यह सोचकर रह रही थी कि वक्त के साथ-साथ हालात सही हो जाएंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ और आए दिन उसका उत्पीड़न होता रहा। 25 फरवरी 2026 को उसे मारपीट करके घर से निकाल दिया। कुछ दिनों बाद भानपुर में पंचायत बुलाई गई तो ससुराल पक्ष के लोगों ने पीड़िता के माता पिता के साथ मारपीट की। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति प्रशांत सहित सोनात, शीला, ज्योति, पारूल, कपिल व राजवीर के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### किशोरी को लेकर युवक फरार, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। नगर के एक मोहल्ला निवासी 17 वर्षीय किशोरी को एक युवक बहला फुसलाकर ले गया। किशोरी के पिता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी युवक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

नगर के एक मोहल्ला निवासी 17 वर्षीय किशोरी घर पर अकेली थी। वह 25 मार्च को गायब हो गई। परिजनों ने जानकारी निकाली तो पता चला कि उसे सैदनगली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक डम्पी पुत्र चरन सिंह सैनी बहला फुसलाकर भगाकर ले गया। किशोरी के पिता ने आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराते हुए पुलिस से अपनी पुत्री की बरामदगी की गुहार लगाई है।

# आरपीएफ जवान के घायल होने पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। आरपीएफ जवान के दुर्घटना में घायल होने के एक माह बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव नसीर नगला निवासी वेद प्रकाश के मुताबिक 24 फरवरी की शाम करीब छह बजे गांव निवासी अमित कुमार अपनी बाइक से कैलसा मार्ग से घर लौट रहे थे। वर्तमान में वह रेलवे सुरक्षा बल मुरादाबाद में कांस्टेबल के पद पर तैनात हैं। जैसे ही वह पायंती कला और गंदासपुर के बीच पहुंचे तभी सामने से आ रहे अज्ञात वाहन चालक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में अमित कुमार गंभीर घायल हो गए। उनके सिर, आंख और दोनों हाथों के अलावा दाहिने पैर में गंभीर चोटें आईं, पैर में कई जगह फ्रैक्चर भी हो गया। घटना के बाद घायल अमित कुमार को पहले सरक. ारी एंबुलेंस से जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां हालत गंभीर देखते हुए उन्हें मुरादाबाद रेफर कर दिया गया। अभी भी उनकी हालत गंभीर बनी है। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने बताया कि मामले रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। आरोपी वाहन चालक को जल्दी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# रेप में फंसाने की धमकी देकर पैसे ऐंठने का आरोप

## रहरा पुलिस की एसपी से की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** बलात्कार के झूंठे मामले में ग्रामीण को फंसाने की धमकी देकर पुलिस पर बार-बार पैसे मांगने की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की गयी है।

रहरा क्षेत्र के गांव पोरारा निवासी रामदास ने पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर कहा है कि उनका परिवार मेहनत मजदूरी करता है। गांव के एक दबंग द्वारा उससे व उसके बच्चों को जबरदस्ती खेत पर काम करने के लिए परेशान किया जाता है। खेतों पर काम करने से मना करने पर उसके साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। जब उसने पुलिस से शिकायत की तो पुलिस ने आरोपियों से हमसाज होकर साठ गांठ कर ली। और उसे बंद कर दिया। दबंगों उसके परिवार के लोगों से 1 लाख भी ले लिया। अब पुलिस के नाम पर एक लाख रुपये और मांगे जाने की दबंग डिमांड कर रहे हैं। पीड़ित ने बताया दबंगों कहना है कि यदि पैसा नहीं दिया गया तो उन्हें जेल भेज दिया जायेगा। इससे उसका परिवार दहशत में है। ग्रामीण है पूरे मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

# महिषासुर मर्दनी की झांकी देखकर नतमस्तक हुए श्रद्धालु

## दिल्ली से आए कलाकारों ने किया सुन्दर मंचन

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के मायापुरी बस्ती में स्थित मां नवदुर्गा चामुंडा मंदिर के प्रांगण में आयोजित हो रहे चैत्रीय नवरात्रि दुर्गा महोत्सव के सातवें

### ■ नवरात्र महोत्सव में अध्यक्ष विचित्र भाटी ने किया पूजन

दिन समिति के अध्यक्ष विचित्र भाटी की अध्यक्षता में मां दुर्गा की पूजा अर्चना की गई।

बुधवार की रात नौ बजे प्रारंभ हुए कार्यक्रम में पंडित योगेश शर्मा द्वारा मंत्रोच्चारण करके हवन यज्ञ आदि संपन्न कराया गया। मुख्य यजमान के रूप में रोहित शर्मा ने सपत्नीक पूजा में भाग लिया। विचित्र भाटी ने कहा कि ऐसे धार्मिक कार्यक्रमों से जनमानस में भक्ति व ऊर्जा का संचार होता है। कार्यक्रम में दिल्ली से आए कलाकारों ने संतोषी माता, दुर्गा, महिषासुर मर्दनी आदि की झांकियां प्रस्तुत कीं। इस अवसर पर



समिति के प्रबंधक डॉ0सुमेर चंद्र, देवेन्द्र सिंह, निगम वर्मा, मनमोहन सिंह सेन, होशियार सिंह, अशोक चौहान, संजीव कुमार, चंद्रपाल पाल, दिनेश अग्रवाल, सीमा चौहान, जितेंद्र गुप्ता, शैलेंद्र कुमार, महिपाल चौहान, देवेंद्र प्रधान, नवनीत, सुंदर सिंह आदि मौजूद रहे।

# पत्नी व साले के विरूद्ध मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** युवक को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में पुलिस ने पत्नी और साले के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव मौहम्मदाबाद निवासी रमेश के पुत्र मोहन की शादी करीब 13 वर्ष पहले थाना रहरा के गांव सिम्पला निवासी मालवती के साथ हुई थी। आरोप है कि मालवती छोटी छोटी बातों पर भी मोहन के साथ झगड़ा करती थी और अपने भाई राजू को बुलाकर मोहन के साथ अपमान. जनक व्यवहार, मारने की धमकी आदि दिलाती थी। बरसों से यही सिलसिला चल रहा था। आरोप है कि 16 मार्च 2026 की दोपहर में भी मोहन के साथ उसकी पत्नि मालवती ने मारपीट गाली गलौच की थी और अपने भाई राजू को भी बुलाया था। राजू ने भी मोहन के साथ झगड़ा

### ■ उत्पीड़न से त्रस्त होकर ग्रामीण ने फांसी पर झूलकर दी थी जान

किया था। रात को भी जब मोहन घेर में सो रहा था तो भी उसके साथ मारपीट की थी। आसपास के लोगों ने बीच बचाव कराया था। पत्नी और साले से दुखी होकर 16/17 मार्च 2026 की रात में मोहन ने फांसी के फंदे पर झूलकर अपनी जान दे दी। सुबह के समय जब रमेश घर से घेर में गया था तो मोहन को फांसी पर झूलता हुआ देखकर चीख पुकार मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई और मोहन के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। बेटे के अंतिम संस्कार एवं अन्य सभी कर्म पूरे करने के बाद रमेश ने बुधवार को थाने पहुंचकर तहरीर दी, जिसके बाद पुलिस ने मोहन की पत्नी मालवती और साले राजू के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# कन्या पूजन के साथ हुई मां महागौरी की आराधना





## श्रद्धालुओं ने घर-घर कन्या पूजन कर पैर छूकर लिया आशीर्वाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा/मंडी धनौरा।** चैत्र नवरात्र की अष्टमी तिथि पर गुरुवार को नगर में मां महागौरी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। पूरे शहर में जय माता दी के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने घर-घर कन्या पूजन कर कन्याओं व बरुओं को भोजन कराया और उनके चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

अष्टमी के दिन सुबह से ही मंदिरों और घरों में धार्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला शुरू हो गया। श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के आठवें स्वरूप महागौरी की पूजा कर सुख-समृद्धि की कामना की। दोपहर तक नगर के विभिन्न क्षेत्रों में कन्याओं को जिमाने का क्रम चलता रहा। कई मंदिरों में सामूहिक रूप से कन्या भोज का आयोजन भी किया गया। धार्मिक मान्यता के अनुसार अष्टमी व रामनवमी पर कन्याओं को भोजन कराना अत्यंत पुण्यदायी माना जाता है। पंडित हरिओम त्रिवेदी ने बताया कि कन्या पूजन से दुखों, कष्टों और शत्रुओं का नाश होता है तथा घर में सुख-समृद्धि, यश और वैभव की वृद्धि होती है। इसी मान्यता के चलते अधिकांश परिवारों ने अष्टमी पर कन्या पूजन कर अपने व्रत का समापन किया। दुर्गाष्टमी के अवसर पर नगर के प्राचीन नवदुर्गा मंदिर महादेव में दिनभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। महिलाओं ने भजन-कीर्तन कर मां का गुणगान किया और विधिवत पूजन कर भोग अर्पित किया। इस दौरान हरिओम त्रिवेदी, तरुण शर्मा, चंद्रवीर सिंह सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे। घर-घर कन्या पूजन के दौरान छोटी-छोटी बालिकाओं को आमंत्रित कर उनके पैर धोए गए, माथे पर तिलक लगाया गया और श्रद्धापूर्वक भोजन कराया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने कन्याओं के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया और उपवास का पारायण किया।

# कक्षा 11 की छात्रा को लेकर युवक फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** घर पर अकेली कक्षा 11 की नाबालिक छात्रा को एक युवक बहला फुसलाकर लेकर फरार हो गया। घटना के समय छात्रा की मां अपने दिवंगत पति की बरसी मनाने उत्तराखंड स्थित अपने गांव गई थी। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार उत्तराखंड के जनपद पिथौरागढ़ के एक गांव निवासी महिला नगर के मौहल्ला बुधबाजार में किराए के घर में रहती है। बताते हैं कि वह 18 मार्च 2026 को अपने दिवंगत पति की बरसी मनाने के लिए गांव गई थी। उसकी पुत्री नगर के एक इण्टर कॉलेज में कक्षा 11 की छात्रा है। उसकी

### ■ दिवंगत पति की बरसी मनाने उत्तराखंड गई थी छात्रा की मां

परीक्षाएं चलने के कारण वह अपनी माता के साथ गांव नहीं गई थी। इसी मौहल्ले में महिला की बुआ भी रहती हैं। कुछ दिन बाद जब महिला पति की बरसी मनाकर गांव वापस लौटी तो उसे अपने घर पर बेटी नहीं मिली। कुछ लोगों से जानकारी की तो पता चला कि उसकी बेटी को नगर के चौपला चौकी क्षेत्र के एक मौहल्ला निवासी युवक बहला फुसलाकर लेकर फरार हो गया। पीड़िता ने आरोपी युवक के विरूद्ध पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी प्रियांशू के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करके छात्रा की तलाश शुरू कर दी है।

# अष्टमी पर कन्याओं को जिमायां



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** चैत्र नवरात्र की अष्टमी पर मां भगवती के महागौरी के स्वरूप की पूजा अर्चना करके भक्तों ने कन्याओं और बरुओं को भोजन कराया और उनके चरण स्पर्श करके उपहार प्रदान किए। पूजा-अर्चना से नगर और गांव का वातावरण भक्तिमयी हो गया। सुबह से ही घरों में मां भगवती की आरती और मंत्रों के उच्चारण के साथ हवन-पूजन शुरू हो गए। घर में पूजन के बाद मंदिरों में पूजन करके भक्तों ने कन्याओं और बरूओं की आरती उतारी और उनके मस्तक पर रोली-चावल से तिलक लगाया। बाद में भोजन में हलवा-पूरी, चना, मीठा आदि खिलाया चरण स्पर्श किया और उपहार व नकद धनराशि प्रदान की। शुक्रवार को नवमी पर भी कन्याओं का पूजन करके जिमांया जाएगा। जिसके बाद नवरात्र समाप्त होंगे।

# सपाईयों ने मनाई सम्राट अशोक की जयंती

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** सपाईयों द्वारा सम्राट अशोक महान की जयंती श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर समाजवादी कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर गोष्ठी आयोजित की और उनके जीवन, व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से चर्चा की। जिलाध्यक्ष मस्तराम सिंह यादव ने कहा कि सम्राट अशोक मौर्य वंश के महान एवं प्रतापी शासक थे, जिन्होंने अखंड भारत पर शासन किया। कलिंग युद्ध के बाद हुए हृदय परिवर्तन के पश्चात उन्होंने बौद्ध धर्म अपनाकर अहिंसा और शांति का संदेश दिया। उन्होंने शिलालेखों के माध्यम से नैतिकता, सद्भाव और जनकल्याण का प्रचार किया तथा सड़कों, अस्पतालों और विश्रामगृहों का निर्माण कराया। प्रदेश सचिव ब्रह्म सिंह पवार ने कहा कि सम्राट अशोक का प्रभाव आज भी एशिया सहित पूरे विश्व में देखा जा सकता है। उनका अशोक चिन्ह आज भारत का राष्ट्रीय प्रतीक है। वहीं जिलामहासचिव




चंद्रपाल सैनी ने कहा कि सम्राट अशोक सभी वर्गों को साथ लेकर चलने वाले शासक थे, लेकिन वर्तमान समय में गरीब, पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्ग परेशान हैं और उनके अधिकारों का हनन हो रहा है। कार्यक्रम में सन्तराम सिंह यादव, महमूद अली, नवाजिश अली, मुंसब मेवाती, राधेलाल रघुवंशी, आलोक भारती, शाबेज खां सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सेमीफाइनल के लिए भिड़ीं चार टीमे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गजरौला।** विश्व क्षय रोग दिवस पर आयोजित चार दिवसीय जुबिलेंट मैत्री क्रिकेट मैच का फाइनल मैच शुक्रवार को होगा। सेमीफाइनल के लिए पहले आरएसीएल-यूएस फूड की टीमें और दूसरे मैच में जुबिलेंट इलेवन और निर्मल फाइवर की टीमें भिड़ीं।

बृहस्पतिवार की शाम जुबिलेंट इंग्रे. विया लिमिटेड की फर्स्ट कालोनी के खेल मैदान में पहली पाली का मैच आरएसीएल और यूएस फूड की टीमों के बीच हुआ। जुबिलेंट में निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित ने टॉस

## निदेशक सुनील दीक्षित ने उछाला टॉस



उछाला। आरएसीएल की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। नवनीत शर्मा की कप्तानी वाली इस टीम के स्टार बल्लेबाज वैभव ने आते ही छक्कों की झड़ी लगा दी। पहले ओवर में ही वैभव ने तीन सिक्सर मारे। यूएस फूड के कप्तान बाबुल सिंह के नेतृत्व में जबरदस्त बॉलिंग एवं फील्डिंग की गई। मैच के एंपायर विष्णु राणा रहे। मैच की शानदार कमेंट्री हिंदी के साथ ही हरियाणवी और भोजपुरी भाषा में डा. सुजिदरं फोगाट एवं अभय ने की। जिसका ग्राउंड में मौजूद खिलाड़ियों के साथ ही दर्शकों एवं अतिथियों ने भी खूब आनंद लिया। इस मौके पर जुबिलेंट इंग्रविया घ्मं साइट हेड विनोद झा, पराग गोयल, प्रताप महापात्रा, विशाल गौरव, डा. नितिन राय, अनुपम सिंह, नाग सिंह, अभिषेक चौहान, अमनदीप, मोनू नागर, दिलीप पांडेय आदि मौजूद रहे। दूसरी पाली में रात्रि का मैच जुबिलेंट इलेवन और निर्मल फाइवर की टीमों के बीच हुआ।

# ds,e fo’ofo|ky; esa Hk0; ’kkL=h; laxhr dk;ZØe esa xkf;dk lquank us cka/kk leka

शाह टाइम्स संवाददाता

मथुरा। केएम विश्वविद्यालय में आज दुर्गा अष्टमी के पावन अवसर पर भव्य शास्त्रीय संगीत की सुरमयी महफिल सजी।

जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि देवी सिंह (डीएम), भारतीय शास्त्रीय गायन की दिग्गज और पदम विभूषण से सम्मानित डा. विदुषी गिरिजा देवी की शिष्या सुनंदा शर्मा, विवि के कुलपति डा. एनसी प्रजापति, कुलसचिव डा. पूरन सिंह, परीक्षा नियंत्रक समीक्षा भारद्वाज, मेडीकल प्राचार्य डा. पीएन भिसे ने संयुक्त रूप से ज्ञान व संगीत की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती के



समक्ष दीप प्रज्जवलित करके की। कार्यक्रम का संचालन करते हुए विवि के रजिस्ट्रार पूरन सिंह ने शास्त्रीय संगीत की प्रख्यात गायिका सुनंदा शर्मा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा हिमाचल प्रदेश के पठानकोट के पास स्थित गांव दाह के शांत वातावरण में उनका जन्म हुआ और पांच वर्ष की आयु में अपने पिता पंडित सुदर्शन शर्मा के मार्गदर्शन में संगीत का प्रशिक्षण शुरू किया। संगीत में स्नातक करते हुए पंजाब विश्वविद्यालय से भारतीय शास्त्रीय गायन में स्वर्ण पदक के साथ मास्टर की उपाधि प्राप्त की।

हरिवल्लभ संगीत सम्मेलन में उनकी प्रतिभा को देखकर पदम विभूषण से सम्मानित डा. विदुषी गिरिजा देवी ने उन्हें शिष्या के रूप में स्वीकार की और उन्हें पंडित किशन महाराज और उस्ताद बिस्मिल्लाह खान जैसे दिग्गजों का आशीर्वाद प्राप्त हुआ। सुनंदा शर्माजी नौ वर्षों तक बनारस और कोलकाता में अपनी गुरु के साथ रहीं और संगीत की उन बारीकियों को आत्मसात किया जो आज उनके गायन की पहचान बन चुकी है।

हालाँकि उनकी मुख्य विशेषज्ञता 'ख्याल', 'टप्पा', 'ठुमरी', 'दादरा' और 'चौती' गायन में है, लेकिन उन्होंने पंजाब और हिमाचल की लोक-परंपराओं, भक्ति संगीत और विभिन्न संस्कृतियों के मेल से बनी संगीत-शैलियों को भी अपनाया है। उन्होंने कई प्रतिष्ठित संगीत समारोहों में अपनी प्रस्तुतियाँ दी हैं, जिनमें 'तानसेन संगीत सम्मेलन', 'सप्तक महोत्सव', 'ठुमरी महोत्सव' और 'स्पिक मैके' के कार्यक्रम शामिल हैं। इसके अलावा, उन्होंने लंदन, पेरिस, ब्रसेल्स, दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण कोरिया और इटली जैसे देशों के अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भी अपनी कला का प्रदर्शन किया है।

गायिका के जीवन वक्तत्व को सुनकर तालियों की गड़गड़ाहट के बीच सुनंदा शर्माजी ने सभागार में मौजूद सभी को नमस्कार करके संबोधन किया, उन्होंने कहा गुरु गिरिजा देवी के साथ रहना केवल संगीत सीखना ही नहीं था।

# भव्य तरीके से निकलेगी बाबा साहेब की शोभायात्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर सेवा समिति द्वारा जारी प्रेस नोट में बताया गया कि 14 अप्रैल को बाबा साहेब के जन्मदिवस के अवसर पर नगर में भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर समिति द्वारा तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं।

समिति के अनुसार 14 अप्रैल को शाम चार बजे अंबेडकर पार्क, मोहल्ला सुभाष नगर से शोभायात्रा का शुभारंभ होगा, जो नगर के मुख्य मार्गों से होकर पुन: अंबेडकर पार्क पर समाप्त होगी। शोभायात्रा में न्यू कमल बैंड दिल्ली, महाराजा बैंड धनौरा के साथ आकर्षक झांकियां शामिल होंगी। साथ ही बहुबली बग्गी पर बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर, महात्मा ज्योतिबा फूले व भगवान गौतम बुद्ध के प्रतिरूप विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगे। समिति ने बताया कि 15 अप्रैल को शोभायात्रा में भाग लेने वाले कलाकारों को क्षेत्र के गणमान्य लोगों द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इसके उपरांत मुख्य अतिथि का संबोधन होगा तथा हरियाणा के पलवल से आए सुरेश गोला एंड पार्टी के कलाकार बाबा साहेब के जीवन पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। पत्र पर समिति के संरक्षक नानक सिंह, अध्यक्ष प्रमोद राम, महासचिव सतीश कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गुरुचरण सिंह, उपाध्यक्ष वालकिशन व राजेंद्र सिंह, उपसचिव राजेंद्र सिंह (पूर्व सभासद), कोषाध्यक्ष राकेश आढ़ती सहित मिंटू निगम, अनिल कुमार सागर, मुनेश शीलगंगे, नरेंद्र सिंह, हरचरण सिंह, अर्जुन सिंह, यशपाल राणा, राहुल, राजेंद्र ठेकेदार, कुलदीप आदि सदस्य के हस्ताक्षर थे।

# सम्राट अशोक की जयंती पर समाजवादी पार्टी कार्यालय पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन

eFkqjkA समाजवादी पार्टी कार्यालय मथुरा पर महान शासक सम्राट अशोक की जयंती का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने अशोक सम्राट के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किए और उसके बाद उनके जीवन वृत पर सभी लोगों द्वारा चर्चा की गई।

इस दौरान जिला अध्यक्ष वीरेंद्र यादव ने कहा सम्राट अशोक ने युद्ध के स्थान पर बुद्ध का मार्ग चुना। सम्राट अशोक ने 'बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय' का जो संदेश दिया, वही हमारी पार्टी का मूल मंत्र है। वरिष्ठ नेता प्रदीप चौधरी ने कहा कि घ्कलिंग युद्ध के बाद जिस तरह उन्होंने हिंसा त्याग कर जन-कल्याण, अस्पताल बनवाने और पिछड़ों की सेवा का संकल्प लिया, उसी न्यायपूर्ण रास्ते पर चलकर हम सबको समाज के हर शोषित वर्ग की आवाज को और मजबूत करना है।

# भारतीय शिक्षण मंडल का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया

शाह टाइम्स संवाददाता

मथुरा। कृष्णा पुरम में भारतीय शिक्षण मंडल का स्थापना दिवस समारोह अत्यंत गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ।

इस अवसर पर भारतीय शिक्षण मंडल के जिला संयोजक वरदान दीक्षित ने संगठन की स्थापना एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भारतीय शिक्षण मंडल की स्थापना वर्ष



1969 में हुई थी, जिसका मूल ध्येय भारतीय जीवन मूल्यों पर आधारित शिक्षा व्यवस्था का पुनर्स्थापन करना है। संगठन का प्रयास है कि शिक्षा केवल ज्ञानार्जन का माध्यम न होकर, चरित्र निर्माण, राष्ट्रभाव जागरण और सांस्कृतिक चेतना का आधार बने।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा को भारतीयता से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है, जिससे विद्यार्थियों में आत्मगौरव एवं राष्ट्रीय चेतना विकसित हो सके।कार्यक्रम में "शिक्षा में भारतीयता" विषय पर विचार व्यक्त करते हुए वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार प्राप्ति नहीं, बल्कि जीवन को संस्कारित करना होना चाहिए।

# मंडल कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष का स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता गजरौला।** ऑल इंडिया सेन जी महासंघ ट्रस्ट कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा नगर मंडल कार्यकारिणी में शीर्ष नेतृत्व द्वारा ऑल इंडिया सेन जी महासंघ ट्रस्ट के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष मनमोहन सिंह सेन को उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत करने पर फूलमालाओं तथा एक दूसरे को मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर ह्यूमन राइट्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष एलसी गहलोत, प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी, रामपाल व्यास, राहुल सेन, दीपक सेन, रोहित जयपाल सेन आदि उपस्थित रहे।

# जेठ ने की विधवा भाभी की गोली मारकर हत्या

## जमीन के विवाद को लेकर महिला के जेठ ने घटना को दिया अंजाम, आरोपी की तलाश जारी



मृतका का फाइल फोटो





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** कोतवाली क्षेत्र के हसनपुर मसूरी गांव में एक विवाहिता की गोली मारकर हत्या कर दी गई। आरोप है कि महिला के जेठ ने जमीन विवाद को लेकर इस वारदात को अंजाम दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

मृतका की पहचान अंकिता के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, अंकिता और उसके जेठ के बीच लंबे समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। कुछ समय पहले अंकिता के पति दो महीने पहले सड़क हादसे में मौत हो गई थी, जिसके बाद से परिवार में तनाव बढ़ गया था। बताया जा रहा है कि आज मामूली कहासुनी के बाद जेठ ने अंकिता पर गोली चला दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। एएसपी प्रवीण सिंह चौहान ने घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए आरोपी के गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम का गठन किया है और जल्द आरोपी की गिरफ्तारी के निर्देश दिए है। खेकड़ा कोतवाली प्रभारी प्रभाकर केन्तुरा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आरोपी की तलाश में टीमें गठित कर दी गई हैं और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस मामले की गहनता से छानबीन कर रही है।

# घर में घुसकर युवक पर किया जानलेवा हमला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** थाना क्षेत्र के रटौल कस्बे में एक युवक पर हमले का मामला सामने आया है। परवीन नामक महिला ने खेकड़ा थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उनके बेटे समीर पर जानलेवा हमला किया गया।

परवीन के अनुसार, यह घटना गुरुवार 26 मार्च की सुबह करीब 9:30 बजे हुई। उन्होंने बताया कि पड़ोस के करीब पांच लोग अचानक उनके घर में घुस आए। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए उनके बेटे समीर पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने समीर को लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से पीटा। उसे घर से घसीटकर बाहर भी लाया गया। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें हमलावर समीर को घर से बाहर खींचते दिख रहे हैं। परवीन ने बताया कि आरोपियों ने समीर के सिर पर लोहे की रॉड और पंच से वार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गया। घटना के बाद परवीन अपने घायल बेटे समीर को लेकर खेकड़ा थाने पहुंचीं। पुलिस ने समीर को चिकित्सीय परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खेकड़ा भेजा। परवीन ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी प्रभाकर केंतुरा ने बताया कि तहरीर मिल गई है और मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जांच के आधार पर दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस फिलहाल पूरे मामले की पड़ताल में जुटी हुई है।

# बड़ागांव मनसा देवी मंदिर पर हुआ भव्य जागरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** क्षेत्र के बड़ा गांव स्थित मनसा देवी मंदिर में बुधवार रात विशाल जागरण का आयोजन किया गया। मंदिर कमेटी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में आसपास के गांवों सहित बड़ा गांव के सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने पूरी रात माता के भजनों में लीन रहकर भक्तिभाव व्यक्त किया।

जागरण का शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके बाद भजन गायकों ने भजनों की प्रस्तुति दी, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने भजनों पर अपनी श्रद्धा व्यक्त की।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य मनुपाल बंसल और सामाजिक संस्था केटी विंग के संस्थापक कपिल त्यागी उर्फ केटी भैया विशेष रूप से उपस्थित रहे।

उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक कार्यक्रम समाज में एकता और श्रद्धा का संदेश देते हैं।

मंदिर कमेटी ने सभी अतिथियों और श्रद्धालुओं का स्वागत किया।

कमेटी के सदस्यों ने बताया कि नवरात्रें के दौरान हर वर्ष इसी प्रकार का जागरण आयोजित किया जाता है,

जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेते हैं।

कार्यक्रम के अंत में सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। पूरे आयोजन के दौरान व्यवस्था सुचारू रही।

[redacted]

# गौशाला में चारा काटते समय मशीन में आया कर्मचारी का हाथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** रटौल नगर पंचायत की गोशाला में बुधवार शाम चारा काटते समय एक कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गया। नगर पंचायत के कर्मचारी पंकज सैनी का हाथ अचानक चारा काटने वाली मशीन में फंस गया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं।

हादसे के बाद गोशाला परिसर में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद अन्य कर्मचारियों ने तुरंत मशीन बंद की और घायल पंकज सैनी को बाहर निकालकर प्राथमिक सहायता दी। घटना की सूचना तत्काल नगर पंचायत अधिकारियों और उनके परिजनों को दी गई। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घायल पंकज सैनी को तुरंत गाजियाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है, जहां चिकित्सकों की टीम उनका इलाज कर रही है और उनकी स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। इस घटना के बाद गोशाला में कार्यरत कर्मचारियों में भय का माहौल है। स्थानीय लोगों और कर्मचारियों के बीच चारा काटने वाली मशीनों के संचालन के दौरान सुरक्षा उपायों को लेकर चर्चा तेज हो गई है। सभी का कहना है कि ऐसे हादसों से बचने के लिए सुरक्षा मानकों का पालन करना अत्यंत आवश्यक है।



## क नजर

### विवाहिता की गला दबाकर हत्या का आरोप, हत्या के बाद ससुराल पक्ष फरार



मृतका का फाइल फोटो

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** धनोरा सिल्वर नगर गांव में बुधवार रात 38 वर्षीय विवाहिता सुमन कश्यप की गला दबाकर हत्या कर दी गई। सूचना मिलने पर पहुंचे परिजनों ने उसके पति और ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। मृतका सुमन के भाई प्रमोद कश्यप, जो शामली के गांव भैंसवाल के निवासी हैं। उन्होंने बताया कि उनकी बहन सुमन की शादी 20 वर्ष पहले धनोरा सिल्वरनगर के अनिल कश्यप से हुई थी। उनके दो बेटे मुदित और सफे हैं। प्रमोद कश्यप ने बताया कि सुमन का पति उसे आए दिन मारपीट करता था। इस कारण वह चार महीने पहले अपने दोनों बेटों के साथ मायके आकर रहने लगी थी। लगभग एक माह पूर्व ससुराल से कुछ लोग घर आए और उन्होंने सुमन को आश्वासन दिया कि आगे से ऐसा कुछ नहीं होगा। इसके बाद सुमन को उनके साथ ससुराल भेज दिया गया। बुधवार रात परिजनों को सूचना मिली कि ससुराल वालों ने सुमन की मारपीट कर गला दबाकर हत्या कर दी है। उसके बाद ससुराल पक्ष के लोग फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# हरियाणा पुलिस ने किसानों की 50 बिघा फसल को ट्रैक्टरों से उखाड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के कोताना गांव में किसानो की लगभग 50 बीघा फसल को उखाड़ कर फेंक दिया। हरियाणा के सोनीपत जनपद के पपनेरा थाना प्रशासन में पपनेरा के ग्रामीणों को साथ लेकर यूपी जनपद बागपत के कोताना गांव के यमुना खादर क्षेत्र की जमीन पर गेहूं एवं तरबुज खरबुजा की फसल को ट्रैक्टरों से उखाड़ कर फेंक दिया। जिसमें लाखों रुपए की फसल बर्बाद हो गई।

यह जानकारी जब किसानों को लगी तो किसानों ने मौके पर पहुंचकर उनको रोकने की भी कोशिश की मगर कोताना गांव के किसानों के साथ गाली गलौज करते हुए धक्का मुक्के कर हरियाणा पुलिस प्रशासन ने किसानों को खेत से भगा दिया। किसानों ने बताया कि लाखों रुपए की फसल बर्बाद हो गई। हरियाणा के लोगों ने जबरन गांव के किसानों की फसल को उखाड़ कर फेंक दिया और बागपत के प्रशासन को सूचना तक नहीं दी गई। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस प्रशासन को कई बार फोन किया गया, मगर किसी ने भी फोन रिसीव नहीं किया। मौके पर लगभग 50 बीघा फसल कोताना गांव के किसानो की बर्बाद हो गई यह किसान भुखमरी के कगार पर आ गए। फसल उजाड़ जाने से इन गरीब किसानों के बढ़ते हुए चेहरे पर मुस्कान की जगह पानी फिर गया और आंखों में आंसू झलक गई। उसे किसानों का रो-रोकर भी बुरा हाल है। वह अपना दुखड़ा किसके सामने रो उनको खुद नहीं पता अब आगे जनपद बागपत का प्रशास किया कार्रवाई करता है, यह प्रशासन के ऊपर निर्भर है। कललू कुमार, अनिल कुमार, ओमपाल कश्यप, महिपाल कश्यप, सलिम मल्हा, आबीद कुरेशी सतबीर प्रजापत राजेन्द्र प्रजापत सहित ग्रामीणों की फसल बर्बाद हो गई है, अब इन किसानों के सामने रोजी रोटी का संकट पैदा हो गया है। इन सभी किसानों ने बताया कि पपनेरा गांव का पूर्व प्रधान एवं सूरजभान चौधरी अपने साथ सोनीपत का प्रशासन लेकर आया था और आते ही कोताना गांव के लोगों के साथ मारपीट एवं गाली गलौज शुरू कर दी। प्रशासन के बल पर धमकी देते हुए कार्रवाई करने के लिए उन लोगों को भागने लगा गांव के लोग नहीं चाहते थे कि यमुना खादर क्षेत्र में झगड़ा हो मगर में झगड़ा करने के इरादे से आए थे।



# पुलिस ने वाहन चोर गिरोह के तीन सक्रिय सदस्यों को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** छपरौली थाना पुलिस ने वाहन चोर गिरोह के 3 सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी की चार मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। ये चोर अलग-अलग क्षेत्रें में लगातार वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे थे।

छपरौली थाने में 25 मार्च को कुरड़ी निवासी प्रवीण ने अपनी मोटरसाइकिल चोरी होने की तहरीर दी थी। इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू की। चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने मनीष, अक्षय और प्रियांक को आदर्श नगला, छपरौली से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से कुल चार चोरी की मोटरसाइकिलें मिली हैं। इनमें से दो मोटरसाइकिलें बागपत के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से चोरी हुई थीं, जबकि दो हरियाणा से चुराई गई थीं। फिलहाल, पुलिस गिरफ्तार चोरों के अन्य साथियों की तलाश में जुटी है। छपरौली थाना प्रभारी आशीष पुंडीर ने बताया कि वाहन चोरों की गिरफ्तारी कर ली गई है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।



# खेत में शीशम के पेड़ से लटका मिला चौकीदार का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** आजमपुर मुलसम गांव में गुरुवार सुबह एक 56 वर्षीय चौकीदार का शव उसके अपने खेत में शीशम के पेड़ से लटका मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रथम दृष्टया इसे आत्महत्या का मामला माना जा रहा है। आजमपुर मुलसम गांव निवासी पवन ऊर्फ कालू 56वर्षीय पुत्र नत्थू, दौराला मिल के गन्ना क्रय केंद्र पर चौकीदारी करता था। वह शाम को घर से चौकीदारी के लिए निकला था। सुबह जब वह घर नहीं लौटा, तो उसके बेटे निक्की ने खेत पर जाकर उसकी तलाश की। पवन के न मिलने पर निक्की ने गांव वालों को सूचना दी। ग्रामीणों ने मिलकर उसकी तलाश शुरू की, जिसके बाद पवन का शव उसके खेत में खड़े शीशम के पेड़ से फांसी के फंदे पर लटका हुआ पाया गया। दोघट थाना प्रभारी केवल सिंह ने बताया कि उन्हें अभी तक इस मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पवन की मौत का कारण आत्महत्या बताया गया है। पवन के परिवार में उसकी पत्नी सुरेश, एक बेटा निक्की जो निजी नौकरी करता है, और एक शादीशुदा बेटी है। इस घटना से परिवार में शोक का माहौल है।

# इंसान की पहचान उसके गुणों से होती है, न कि रंग-रूप से: महाराज

**बामनौली।** गांव के ठाकुरद्वारा मंदिर में चल रहे 111 कुंडीय महारुद्र यज्ञ के तीसरे दिन केशवानंद गिरि महाराज ने प्रवचन दिए। उन्होंने कहा कि इंसान की पहचान उसके गुणों से होती है, न कि रंग-रूप से। रंग-रूप की पहचान केवल आंखों तक सीमित है, जबकि गुण इंसान की आत्मा को भी जीत लेते हैं। यह महारुद्र यज्ञ 27 मार्च तक चलेगा। यज्ञ में 111 हवन कुंड बनाए गए हैं, जहां विभिन्न श्रद्धालुओं ने हिस्सा लेकर आहुतियां दीं। महाराज केशवानंद गिरि ने अपने प्रवचनों में कहा कि जीवन को सुखी और संपन्न बनाने के लिए व्यक्ति दिन-रात कड़ी मेहनत करता है।

# सपा कार्यकर्ताओं ने मनाई सम्राट अशोक की जयंती



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गुरुवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय पर सपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने सम्राट अशोक की जयंती मनाई। इस अवसर पर कार्यालय पर एक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष रविंद्र देव यादव ने की और कार्यक्रम का संचालन सपा नगर अध्यक्ष शाहरुख ने किया। इस मौके पर सापईयों ने सम्राट अशोक के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। उसके बाद उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष रविंद्र देव यादव ने कहा सम्राट अशोक मौर्य राजवंश के महान शासक थे उनको शांति, अहिंसा धम्म और जनकल्याणकारी आदर्शो के लिए सदियों तक याद कर किया जाएगा, सम्राट अशोक न्याय अहिंसा और शांति के प्रतीक माने जाते हैं जिन्होंने युद्ध त्याग कर मानवता का मार्ग अपनाया। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष बिल्लू प्रधान, राहुल यादव, काला विधूड़ी, विवेक, तेजपाल बली, विरेंद्र, सचिन पाल, भालेन्द्र यादव ललित, विशान्त बंसल, सुरेंद्र सिंह, अनुज यादव, कादिर प्रधान, मगन कश्यप, राजू प्रजापति, साबू आदि मौजूद रहे।

# चलती बाइक बनी आग का गोला, चालक सुरक्षित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** नेशनल हाईवे पर गुरुवार सुबह एक चलती बाइक में अचानक आग लग गई। राम पार्क पीवी निवासी उमाशंकर अपनी बाइक से खेकड़ा पाठशाला के पास से गुजर रहे थे, तभी उनकी बाइक के इंजन से धुआं निकलने लगा और देखते ही देखते आग भड़क उठी। चालक ने कूदकर अपनी जान बचाई, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए उमाशंकर ने तुरंत बाइक को सड़क किनारे रोका और कूदकर अपनी जान बचाई। आग तेजी से फैलने लगी, जिससे आसपास अफरा-तफरी मच गई। उमाशंकर ने पास की गन्ने के जूस की दुकान से पानी की बाल्टी लेकर आग बुझाने का प्रयास किया। इस दौरान मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने तुरंत मदद के लिए आगे आकर पानी डालकर आग बुझाने में सहयोग किया। काफी प्रयासों के बाद आग पर काबू पा लिया गया। इस घटना में बाइक को काफी नुकसान हुआ, लेकिन समय रहते आग बुझाने से कोई जनहानि नहीं हुई। सौभाग्य से, इस घटना में बाइक चालक पूरी तरह सुरक्षित रहा। घटना के कारण क्षेत्र में कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित हुआ।

# छेड़छाड़ को लेकर दो पक्षों में मारपीट, दो घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** छेड़छाड़ को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई जिसमें दो लोग घायल हो गये। दोनो पक्षों नें एक दूसरे के खिलाफ थानें में तहरीर दी है वही घटना की वीडियो भी वायरल हो रही है।

रटौल मे मुन्ना नगर में रहने वाली मुस्कान पुत्री दिलशाद नें थानें में तहरीर देते हुए बताया कि रटौल के रहने वाले समीर पुत्र साहिद और उसके मामा का लड़का दानिश पुत्र सराफत आये दिन उसके साथ छेड़छाड़ करते रहते है। विरोध करने पर परिजनों को जान से मारने की धमकी देते है। उसने बताया कि उसने यह बात अपने पिता दिलशाद को बतायी और व इसकी शिकायत लेकर समीर के पिता के पास पहुंचे तो सभी ने मिलकर उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। सूचना पर अन्य परिजन भी पहुंच गये जहां दोनों पक्षों मे जमकर मारपीट हुई जिसमे एक पक्ष से समीर और दूसरे पक्ष से दिलशाद घायल हो गया। दोनो पक्षों नें थानें पहुंच एक दूसरे के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस जांच में जुटी है उधर कोतवाल प्रभाकर केनतूरा नें बताया की मारपीट का मामला है। जांच की जा रही है।



# एएसपी ने किया थाना छपरौली का आकस्मिक निरीक्षण, दिए निर्देश





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण चौहान ने थाना छपरौली का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर में विभिन्न व्यवस्थाओं और कार्यप्रणाली का गहनता से अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान, अपर पुलिस अधीक्षक ने थाना कार्यालय की साफ-सफाई, अभिलेखों के रखरखाव, जनसुनवाई डेस्क, मिशन शक्ति केंद्र और साइबर हेल्प डेस्क की कार्यप्रणाली की बारीकी से जांच की।

उन्होंने संबंधित पुलिसकर्मियों से कार्यों की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अपर पुलिस अधीक्षक ने अभिलेखों को अद्यतन रखने, जनसुनवाई में आने वाले फरियादियों की समस्याओं का त्वरित और निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

उन्होंने साइबर अपराधों के प्रति लोगों को जागरूक करने तथा मिशन शकित अभियान के तहत महिलाओं की सुरक्षा एवं सहायता कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड बरेली, उप्र।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# गैस की किल्लत से बाजार में इलेक्ट्रिक चूल्हों की कमी, बढ़ी कीमत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शहर में रसोई गैस सिलेंडर की कमी ने आम लोगों की रसोई व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित कर दी है। गैस एजेंसियों पर लंबी-लंबी कतारों में घंटों खड़े रहने के बावजूद सिलेंडर नहीं मिलने से कई घरों में चूल्हे ठंडे पड़ गए हैं। मजबूरी में लोगों ने वैकल्पिक साधनों की ओर रुख करना शुरू कर दिया है, जिसके चलते इलेक्ट्रिक चूल्हों की मांग अचानक बढ़ गई है। मांग बढ़ने से बाजार में इनकी कमी भी होने लगी है और कीमतों में करीब 20 प्रतिशत तक उछाल आ गया है।

स्थिति यह है कि जो इलेक्ट्रिक चूल्हा पहले करीब 1500 रुपये में मिल जाता था, अब वही 2500 से 2600 रुपये तक में बिक रहा है।



दूसरी ओर विकल्प के तौर पर खरीदा जा रहा उपकरण भी महंगा हो गया है। गैस एजेंसियों के बाहर सुबह से ही लोगों की भीड़ देखी जा रही है। कई उपभोक्ताओं ने बताया कि वे कई दिनों से सिलेंडर लेने के लिए लाइन में लग रहे हैं, लेकिन हर बार निराश होकर लौटना पड़ रहा है। मोदीनगर रोड स्थित लक्ष्मी रेडियो के संच. ालक ने बताया कि गैस की कमी का सीधा असर उनके कारोबार पर भी पड़ा है, लेकिन मांग के अनुपात में माल उपलब्ध नहीं हो पा रहा। उन्होंने कहा, पिछले कुछ दिनों से अचानक इलेक्ट्रिक चूल्हों की बिक्री कई गुना बढ़ गई है। पहले जो चूल्हा 1500 रुपये का बिकता था, वही अब 2500 से 2600 रुपये तक पहुंच गया है। अगर गैस की समस्या जल्द दूर नहीं हुई तो कीमतें और बढ़ सकती हैं। ग्राहकों ने भी अपनी परेशानी साझा की। एक महिला उपभोक्ता ने बताया कि छोटे बच्चों के कारण खाना बनाना जरूरी है, इसलिए मजबूरी में इलेक्ट्रिक चूल्हा खरीदना पड़ा। एक अन्य ग्राहक ने बताया कि बिजली का खर्च भी बढ़ेगा, लेकिन कोई दूसरा विकल्प नहीं बचा है। उन्होंने कहा कि गैस की कमी ने घरेलू बजट पूरी तरह बिगाड़ दिया है। व्यापारियों का कहना है कि यदि गैस सिलेंडर की आपूर्ति जल्द सामान्य नहीं हुई तो इलेक्ट्रिक उपकरणों की मांग और कीमतें दोनों बढ़ सकती हैं। फिलहाल शहर में गैस की किल्लत ने आम लोगों की दिनचर्या पर गहरा असर डाला है और रसोई व्यवस्था संकट में नजर आ रही है।

# टीबी मुक्त भारत की ओर कदम, सिम्स ने ग्रामीणों को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** विश्व क्षय रोग दिवस 2026 के अवसर पर सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़ (SIMS), पिलखुवा के साम. ुदायिक चिकित्सा विभाग द्वारा व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। मुकिमपुर गांव और संस्थान के ओपीडी परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में मेडिकल कैंप, स्वास्थ्य परामर्श और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को टीबी के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम इस वर्ष की वैश्विक थीम हाँ! हम टीबी को समाप्त कर सकते हैं। देशों के नेतृत्व में, लोगों की शक्ति से के अनुरूप आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य आम जनता को क्षय रोग के लक्षणों की पहचान, समय पर जांच, पूर्ण उपचार और इस बीमारी से जुड़े सामाजिक कलंक को दूर करने के प्रति जागरूक करना था। सामुदायिक चिकित्सा विभागाध्यक्ष डा. (ब्रिग) विनीत रस्तोगी के मार्गदर्शन में आयोजित इस अभियान का नेतृत्व टीबी नोडल अधिकारी डा. विनय कुमार और सीनियर रेजिडेंट डा. सिनीश टी. वी. ने किया। कार्यक्रम में फैकल्टी सदस्यों, रेजिडेंट डॉक्टरों और एमबीबीएस छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुकिमपुर गांव में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों की सामान्य स्वास्थ्य जांच की गई तथा टीबी के लक्षण, जांच और उपचार के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भागीदारी से संभावित रोगियों की पहचान और उन्हें समय पर चिकित्सा परामर्श देना संभव हो सका। कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी लोगों को टीबी के प्रति जागरूक किया गया। इस अभियान के सफल संचालन में डा. अरशद, डा. सानोजा श्रेया, डा. धर्मेंद्र सिंह और डा. ललित के साथ-साथ सामाजिक कार्यकर्ता मनोज, भूप सिंह और इरफान का विशेष योगदान रहा। विशेषज्ञों ने कहा कि जागरूकता और समय पर उपचार ही इस बीमारी को जड़ से खत्म करने का सबसे प्रभावी तरीका है।



# चिप संकट का ग्राहकों की जेब पर असर, कीमतों में भारी उछाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में रेम और रोम चिप्स की मांग अचानक बढ़ने और आपूर्ति घटने के कारण इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की कीमतों में तेज उछाल आ गया है। इसका सीधा असर मोबाइल फोन, लैपटॉप, टैबलेट और कार के डिजिटल सिस्टम तक पर पड़ रहा है। शहर के बाजारों में पिछले कुछ हफ्तों के दौरान मोबाइल फोन की कीमतों में 20 से 30 प्रतिशत तक बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिससे ग्राहकों की जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है और बिक्री भी प्रभावित हुई है।

व्यापारियों के अनुसार जिन मोबाइल फोन की कीमत पहले करीब आठ हजार रुपये थी, वे अब 11 से 12 हजार रुपये तक पहुंच गए हैं। वहीं 8 हजार से 30 हजार रुपये की रेंज वाले अधिकांश स्मार्टफोन 20 से 30 प्रतिशत तक महंगे हो चुके हैं। मध्यम वर्ग के ग्राहकों की पसंद वाले फोन पर सबसे ज्यादा असर देखने को मिल रहा है, जिसके कारण खरीदारी का माहौल ठंडा पड़ गया है। बाजार के जानकार बताते हैं कि मोबाइल फोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में इस्तेमाल होने वाली मेमोरी चिप्स (रेम और रोम) का उत्पादन सीमित होने और वैश्विक स्तर पर मांग बढ़ने से कंपनियों की लागत बढ़ गई है। उन्होंने कहा, पहले ग्राहक तय बजट लेकर दुकान पर आता था और तुरंत मोबाइल खरीद लेता था, लेकिन अब दाम सुनते ही वह चौंक जाता है। बिक्री घटने से कारोबार पर सीधा असर पड़ा है और बाजार में



रौनक कम हो गई है। ग्राहकों ने भी महंगाई पर चिंता जताई है। एक ग्राहक ने बताया कि उन्होंने कुछ समय पहले 20 हजार रुपये में मोबाइल खरीदा था, लेकिन वही मॉडल दोबारा लेने आए तो उसकी कीमत करीब 28 हजार रुपये बताई गई। व्यापारियों का कहना है कि यदि अंतरराष्ट्रीय बाजार में चिप्स की आपूर्ति सामान्य नहीं हुई तो आने वाले समय में कीमतों में और बढ़ोतरी हो सकती है। फिलहाल मोबाइल बाजार में ग्राहकों की संख्या घटी है।

# सरकारी राशन पर हाथ साफ करने की कोशिश नाकाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** कोतवाली क्षेत्र के मोदीनगर रोड पर बुधवार देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में एफसीआई के चावल से भरे ट्रक से बोरे उतारे जा रहे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस को देख मौके पर मौजूद लोग अफरातफरी में सात बोरे सड़क किनारे छोड़कर फरार हो गए। मामले की सूचना मिलने पर जिला पूर्ति विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची और बरामद बोरो को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार रात करीब 10 बजे मोदीनगर रोड स्थित पेपर मिल के सामने खाद्यान्न से लदा एक ट्रक आकर रुका। स्थानीय लोगों ने देखा कि कुछ व्यक्ति ट्रक से चावल के बोरे नीचे उतार रहे हैं, जिस पर उन्हें शक हुआ और पुलिस



को सूचना दी गई। पुलिस टीम के पहुंचते ही वहां मौजूद लोग हड़बड़ा गए और बोरे वहीं छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गए। पुलिस ने मौके से सात बोरे बरामद किए, जिन पर भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) की मोहर लगी हुई बताई जा रही है। आशंका जताई जा रही है कि सरकारी खाद्यान्न की चोरी कर उसे अवैध रूप से खपाने की तैयारी की जा रही थी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद पांडे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। सूचना मिलते ही जिला पूर्ति विभाग के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। टीम ने बरामद खाद्यान्न को अपने कब्जे में लेकर उसके स्रोत और गंतव्य की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों के अनुसार यह पता लगाया जा रहा है कि ट्रक कहां से आया था और सरकारी चावल को कहां उतारने की योजना थी। उल्लेखनीय है कि मोदीनगर रोड पर हाल के दिनों में एफसीआई के खाद्यान्न की चोरी की एक और घटना सामने आ चुकी है, जिसमें रिपोर्ट दर्ज कर जांच चल रही है। ताजा मामले को भी उसी कड़ी से जोड़कर देखा जा रहा है। जिला पूर्ति अधिकारी डा. सीमा सिंह ने बताया कि विभागीय टीम को मौके पर भेजकर बोरो की जांच कराई जा रही है। ट्रक और उससे जुड़े लोगों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मनोज वाल्मीकि ने उठाया सफाई कर्मचारियों का मुद्दा, दिखाई सक्रियता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सफाई कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर उत्तर प्रदेश राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य एवं वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज वाल्मीकि ने राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग, भारत सरकार के उपाध्यक्ष हरदीप सिंह गिल से शिष्टाचार भेंट कर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान उन्होंने उत्तर प्रदेश में कार्यरत सफाई कर्मचारियों की लंबित समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए उनके शीघ्र समाधान की मांग की।

उपाध्यक्ष हरदीप सिंह गिल ने समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों से तत्काल फोन पर बातचीत की और कुछ मामलों का मौके पर ही समाधान कराने का प्रयास किया। साथ ही शेष लंबित मुद्दों को भी जल्द निस्तारित कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों के हितों की अनदेखी नहीं होने दी जाएगी और उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराया जाएगा। भेंट के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज वाल्मीकि ने उपाध्यक्ष का पारंपरिक तरीके से सम्मान किया। उन्होंने उन्हें भगवान महर्षि वाल्मीकि का चित्र भेंट कर पटका पहनाया। इस अवसर पर स्फाई कर्मचारियों के कल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। गौरतलब है कि मनोज वाल्मीकि को उत्तर प्रदेश में वाल्मीकि समाज के प्रमुख नेताओं में गिना जाता है। वह समय-समय पर समाज एवं सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को संबंधित विभागों



और अधिकारियों तक पहुंचाकर उनके समाधान का प्रयास करते रहे हैं। इसके अलावा वह राष्ट्रीय स्तर पर भी आयोग के पदाधिकारियों से मिलकर कर्मचारियों के हितों की पैरवी करते रहे हैं। इस मुलाकात से प्रदेश के सफाई कर्मचारियों में उम्मीद जगी है कि लंबे समय से लंबित समस्याओं का जल्द समाधान संभव हो सकेगा।

# रामनवमी पर बनेगा त्रेतायुग जैसा संयोग, विशेष फलदायक रहेगा पूजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हापुड़।** चैत्र शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि पर भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव रामनवमी का पर्व इस वर्ष 27 मार्च, शुक्रवार को सर्वार्थसिद्धि योग में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। ज्योतिषीय गणना के अनुसार इस बार वह सभी दिव्य संयोग बन रहे हैं, जिनमें त्रेतायुग में भगवान श्रीराम का जन्म अयोध्या में हुआ था। भारतीय ज्योतिष कर्मकांड महासभा के अध्यक्ष ज्योतिर्विद पं. के.सी. पाण्डेय 'काशी वाले' ने बताया कि कर्क लग्न, मध्यान्ह काल और अभिजीत मुहूर्त का विशेष संयोग इस दिन बन रहा है, जो श्रीराम जन्मोत्सव पूजन के लिए अत्यंत शुभ माना गया है।

उन्होंने बताया कि नवमी तिथि 26 मार्च को रात्रि 11:49 बजे से प्रारंभ होकर 27 मार्च को प्रात: 10:07 बजे तक रहेगी, जबकि पुनर्वसु नक्षत्र 26 मार्च को अपराह्न 4:19 बजे से प्रारंभ होकर 27 मार्च को अपराह्न 3:24 बजे तक रहेगा। धर्मग्रंथों के अनुसार अष्टमी तिथि से संयुक्त नवमी में व्रत नहीं करना चाहिए, इसलिए 26 मार्च को रामनवमी व्रत मान्य नहीं है। चूंकि 27 मार्च को ही मध्यान्ह काल, पुनर्वसु नक्षत्र, कर्क लग्न और अभिजीत मुहूर्त का संयोग प्राप्त हो रहा है, अत: इसी दिन रामनवमी व्रत एवं पूजन करना श्रेष्ठ रहेगा। ज्योतिर्विदों के अनुसार 27 मार्च को प्रात: 9:21 बजे से दोपहर 12:24 बजे तक मध्यान्ह काल रहेगा, जबकि 11:59 बजे से 12:45 बजे तक अभिजीत मुहूर्त होगा। यह समय भगवान श्रीराम के जन्म पूजन के लिए विशेष फलदायक माना गया है। श्रद्धालु इस अवधि में विधि-विधान से श्रीराम का पूजन, पाठ और आराधना करेंगे। इसी दिन नवरात्रि की नवमी तिथि होने के कारण मां दुर्गा के नवम स्वरूप की पूजा, हवन और कन्या पूजन भी किया जाएगा। श्रद्धालु मां को दूध का भोग लगाकर कन्याओं को भोजन, प्रसाद और उपहार प्रदान करेंगे। नवरात्रि व्रत का पारण दशमी तिथि में किया जाता है, इसलिए व्रत रखने वाले श्रद्धालु 28 मार्च, शनिवार को सूर्योदय के बाद व्रत खोलेंगे। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन श्रद्धा और नियमपूर्वक पूजन करने से भगवान श्रीराम और मां दुर्गा की विशेष कृपा प्राप्त होती है तथा घर-परिवार में सुख, शांति और समृद्धि का वास होता है।

## एक नजर

# बिजली विभाग को चूना लगाने वाले दो चोर गिरफ्तार, चोरी का सामान मिला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ नगर पुलिस ने ट्रांसफार्मर का सामान चोरी करने वाले दो शातिर आरोपितों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। थाना हापुड़ नगर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ट्रांसफार्मर से सामान चोरी करने वाले आरोपी आनंद विहार बिजली घर की ओर जाने वाले रास्ते पर मौजूद हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान सुहैल पुत्र मुख्तयार व फारुख पुत्र निजामुद्दीन के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार दोनों के कब्जे से ट्रांसफार्मर का चोरी किया गया सामान बरामद हुआ है। तलाशी के दौरान दोनों आरोपितों के पास से एक-एक अवैध चाकू भी मिला। बरामद चाकुओं के संबंध में थाना हापुड़ नगर में मुकदमा आर्म्स एक्ट के तहत अलग से मामला दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी विनोद पांडेय का कहना है कि आरोपितों से पूछताछ की जा रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि चोरी की अन्य घटनाओं में भी उनका हाथ तो नहीं है। गिरफ्तार आरोपितों को न्यायालय में पेश कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# युवक से लूट करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार, हथियार व बाइक बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** थाना पिलखुवा पुलिस ने क्षेत्र में युवक से हुई लूट की घटना का सफल खुलासा करते हुए चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उनके कब्जे से लूटी गई नकदी, मोबाइल फोन, जूते, घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचा व दो मोटरसाइकिल बरामद की हैं। घटना के बाद से पुलिस लगातार आरोपितों की तलाश में जुटी थी।

थाना पिलखुवा पुलिस ने सुरागरसी और मुखबिर की सूचना के आधार पर बड़ौदा रेलवे फाटक मोड़ के पास घेराबंदी कर चारों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपितों की पहचान अभिषेक पुत्र बालकिशोर उर्फ सुनील निवासी ग्राम कस्तला कासमाबाद, भूपेन्द्र उर्फ लखन पुत्र चन्द्रपाल निवासी कस्तला कासमाबाद, प्रेम पुत्र सुनील निवासी ग्राम निजामपुर तथा लविश पुत्र अनिल निवासी ग्राम निजामपुर के रूप में हुई है। सभी आरोपी थाना पिलखुवा क्षेत्र के रहने वाले हैं। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने उनके कब्जे से लूट के 1000 रुपये नकद, एक वीवो मोबाइल फोन, जूतों की एक जोड़ी, घटना में प्रयुक्त एक अवैध तमंचा मय एक जिंदा कारतूस .315 बोर तथा दो मोटरसाइकिल ख्र होंडा शाइन यूपी 37 जे 4186 और डिस्कवर यूपी 14 बीएक्स 2579 बरामद की हैं। बरामद सामान संबंधित मुकदमा बीएनएस से जुड़ा बताया गया है। थाना प्रभारी का कहना है कि आरोपितों से पूछताछ की जा रही है और यह भी जांच की जा रही है कि उन्होंने क्षेत्र में अन्य वारदातों को भी अंजाम तो नहीं दिया है। गिरफ्तार आरोपितों के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई कर उन्हें न्यायालय में पेश किया जाएगा।

# देवी स्थान मंदिर पर नवरात्रि के पावन पर्व के अंतिम दिवस पर दुर्गा पूजा के साथ हुआ समापन

ihyhHkhrA पूरनपुर तहसील क्षेत्र के गांव सबलपुर खास में चल रही नो दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का हुआ समापन नवरात्रि के पावन पर्व पर हनुमत सेवा समिति के श्रद्धालु भक्तों द्वारा सबलपुर खास के देवी स्थान मंदिर पर नव दिवसीय भागवत कथा का आयोजन किया गया था जिसका समापन रामनवमी दुर्गा पूजा एवं विशाल मेले के साथ हुआ। पूरनपुर तहसील क्षेत्र के गांव सबलपुर खास में नवरात्रि के अंतिम दिवस पर विशाल दुर्गा पूजा एवं मेले का आयोजन भी श्रद्धालुओं द्वारा किया जाता है जिसमें मुख्य रूप से देवी स्थान मंदिर परिसर के पुजारी महंत बाबा श्याम दास के सानिध्य में दुर्गा पूजा एवं मेला लगता है। इसमें दूर दराज से श्रद्धालु वक्त माता की पूजा करने के लिए प्रसाद चढ़ाने के लिए मंदिर परिसर में आते हैं दुर्गा पूजा पंडित अनुराग दीक्षित निवासी ग्राम बिलहरी के द्वारा पूरे विधि विधान से सम्पन्न कराई जाती हैं। नवरात्रि के पावन पर्व पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा का सुंदर रसपान पंडित राजकिशोर शुक्ला निवासी बंडी के द्वारा भक्तों को कराया जा रहा है। पंडित जी के द्वारा कथा के अष्टम दिवस पर श्री राम विवाह के सुंदर प्रसंग का रसपान श्रद्धालु भक्तों को कराया गया। जिसे सुनकर सभी श्रोता भाव विभोर हो गए। इस अवसर पर हनुमत सेवा समिती के सभी श्रद्धालु भक्त एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# ढाबे पर हमला कर जमीन हड़पने की साजिश नाकाम, दो दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना बाबूगढ़ पुलिस ने जमीन पर कब्जा करने के उद्देश्य से ढाबे में तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाने के मामले का खुलासा करते हुए दो नामजद आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने दोनों को ग्राम रसूलपुर से पकड़कर आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार आरोपितों ने जमीन पर अवैध कब्जा करने की मंशा से ढाबे में घुसकर तोड़फोड़ की थी, जिससे वहां काफी नुकसान हुआ था। घटना के बाद पीड़ित पक्ष की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपितों की तलाश की जा रही थी। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही थी। इसी क्रम में थाना बाबूगढ़ पुलिस को सफलता मिली और नामजद व वांछित दोनों आरोपितों को ग्राम रसूलपुर से गिरफ्तार कर लिया गया। पकड़े गए आरोपितों की पहचान रविन्द्र पुत्र अलवेल तथा सोमपाल पुत्र अलवेल, निवासी ग्राम रसूलपुर, थाना बाबूगढ़, जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। थाना प्रभारी मुनीश प्रताप सिंह का कहना है कि दोनों आरो. पितों से पूछताछ की जा रही है और घटना से जुड़े अन्य तथ्यों की भी जांच की जा रही है। गिरफ्तार आरो. पितों के खिलाफ बीएनएस की धाराओं में मामला दर्ज है और उन्हें न्यायालय में पेश कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# भाकियू लोकहित का शक्ति प्रदर्शन, महिला प्रकोष्ठ में नई टीम घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** भारतीय किसान यूनियन लोकहित ने महिला शक्ति को संगठन की मुख्यधारा में लाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए हापुड़ महिला प्रकोष्ठ में महत्वपूर्ण नियुक्तियां की हैं। राष्ट्रीय कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में संगठन ने स्पष्ट संदेश दिया कि अब महिलाओं की भूमिका केवल औपचारिक नहीं, बल्कि निर्णायक होगी।

घोषणा के अनुसार यशोदा यादव को जिला अध्यक्ष, मुन्नी यादव को जिला महासचिव तथा अंजू को जिला उपाध्यक्ष, महिला प्रकोष्ठ हापुड़ नियुक्त किया गया। नई पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपते हुए संगठन नेतृत्व ने उनसे गांव-गांव तक महिलाओं को जोड़ने और उनकी समस्याओं को प्रमुखता से उठाने का आहवान किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी देवेंद्र सिंह बाना ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन लोकहित किसानों, मजदूरों और महिलाओं के अधिकारों की लड़ाई पूरी ताकत से लड़ेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि अन्याय, शोषण और भ्रष्टाचार के खिलाफ अब निर्णायक संघर्ष होगा और जरूरत पड़ने पर बड़ा आंदोलन भी किया जाएगा। राष्ट्रीय प्रवक्ता हरीश हूण ने कहा कि देश का किसान और मजदूर आज परेशान है, लेकिन अब चुप बैठने का समय खत्म हो चुका है। कार्यक्रम में दिनेश प्रधान, अंशुल बैसला सहित बड़ी




संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने एकजुट होकर किसानों, मजदूरों और आम जनता के अधिकारों की लड़ाई को और तेज करने का संकल्प लिया।

# सर्वसम्मति से बनी वस्त्र व्यापारी संघ की नई टीम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** जहां सामान्यत चुनावी माहौल में गुटबाजी और खींचतान देखने को मिलती है, वहीं पिलखुवा वस्त्र व्यापारी संघ ने इस बार आपसी सहमति और एकता का अनूठा उदाहरण पेश किया। हर दो वर्ष में होने वाले चुनाव इस बार स्थगित कर दिए गए, लेकिन व्यापारियों ने सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन कर संगठन की मजबूती का संदेश दिया।

सर्वसम्मति से सचिन सिंघल को प्रधान, दीपक राविया को उप प्रधान, अमित गर्ग बोबी को मंत्री, नरेश मित्तल को सह मंत्री तथा प्रंकुल गर्ग को कोषाध्यक्ष चुना गया। इस निर्णय से पूरे व्यापारिक वर्ग में उत्साह और संतोष का माहौल दिखाई दिया। मोदीनगर रोड स्थित अग्रसेन मार्केट चुनाव कार्यालय पर आयोजित भव्य शपथ ग्रहण



समारोह में बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे। चुनाव अधिकारी हरीश अग्रवाल ने नवनिर्वाचित पदाधिका. रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई और संगठन के प्रति निष्ठा से कार्य करने का संकल्प दिलाया। नवनिर्वाचित प्रधान सचिन सिंघल ने कहा कि व्यापारियों ने जो विश्वास जताया है, वह उनके लिए सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सभी को साथ लेकर चलेंगे और व्यापारियों की हर समस्या के समाधान के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य किया जाएगा। चुनाव अधिकारी हरीश अग्रवाल ने कहा कि बिना चुनाव के सर्वसम्मति से कमेटी का गठन आज के समय में बड़ी उपलब्धि है। समारोह के दौरान व्यापारियों ने संगठन की मजबूती और आपसी भाईचारे को बनाए रखने का संकल्प भी दोहराया।

# रेलवे लाइन पर मिला अज्ञात युवक का शव, ट्रेन से गिरकर मौत की आशंका

ijuijA बुधवार रात ट्रेन से गिरकर एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। सुबह रेलवे लाइन किनारे पड़ा अज्ञात शव देखकर सनसनी फैल गई। मामले की जानकारी लगते ही कई ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। लोगों नें शव की पहचान करनें के प्रयास शुरू किए। लेकिन शव की पहचान नही हो पाई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस नें घटनास्थल का मौका मुआयना कर शव को पोस्टमार्टम भेजनें के लिए कार्रवाई शुरू की। जानकारी के अनुसार थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र में स्थित सेहरामऊ रेलवे स्टेशन के आगे गुरुवार सुबह एक अज्ञात युवक का शव रेलवे लाइन किनारे मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। आशंका जताई जा रही है कि युवक की मौत बीती रात किसी ट्रेन से गिरने के कारण हुई है। अनुसार, गुरुवार सुबह जब स्थानीय लोग रेलवे लाइन के पास से गुजर रहे थे, तभी उनकी नजर एक युवक के शव पर पड़ी। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई।सूचना मिलते ही थाना सेहरामऊ उत्तरी पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और घटनास्थल का जायजा लिया। प्रारंभिक जांच में यह अंदेशा जताया जा रहा है कि युवक चलती ट्रेन से गिर गया होगा, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि, पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेजनें की कार्रवाई शुरू कर दी है। युवक की उम्र लगभग 25 से 30 वर्ष के बीच बताई जा रही है, लेकिन अभी तक उसकी पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस का कहना है कि युवक की शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है। थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह नें बताया ट्रैन से गिरकर युवक की मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम भेजनें की कार्रवाई की जा रही है।

# बिना नीलाम के ही प्रधान ने कटवा डाले दर्जनों हरे भरे पेड़

■ तहसीलदार ने कहा होगी कार्यवाही



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के गांव जयनगर के कब्रिस्तान में खड़े हरे-भरे पेड़ों की कटाई की खबर छपने के बाद तहसील प्रशासन हरकत में आ गया। करीब चार दर्जन पेड़ों की बिना नीलामी के ही प्रधान ने वन कर्मियों से मिलकर कटवा डाले।

बताया जाता है कि गांव जयनगर के कब्रिस्तान में वर्षों से खड़े शीशम, नीम, आम, गूलर और जामुन के लगभग चार दर्जन पेड़ों को मंगलवार देर रात एक लकड़ी ठेकेदार द्वारा कटवाकर ले जाया गया। वन कर्मी अकबर अली ने बताया कि कब्रिस्तान के पेड़ों का वर्ष 2024 में करीब आठ हजार रुपये का मूल्यांकन तो कराया गया था, लेकिन उनकी नीलामी की प्रक्रिया पूरी नहीं की गई थी। आरोप है कि इसी का फायदा उठाकर पेड़ों की बिना नीलामी कराए ही अवैध रूप से कटवा दिया गया। मामला अखबारों में प्रकाशित होने के बाद तहसील प्रशासन हरकत में आ गया, और तत्काल ही इस मामले में जांच के निर्देश दिए गए।

**मूल्यांकन 12 का और कटवा डाले चार दर्जन**

ग्राम जयनगर के कब्रिस्तान पर खड़े पेड़ों में से मात्र 12 पेड़ों का मूल्यांकन वन विभाग ने एक साल पहले किया था। जबकि दो दिन पहले चार दर्जन से अधिक पेड़ों को कटवा दिया गया था। खास बात यह है कि इस मूल्यांकन में खूब खेल किया गया है। 26527 रुपये में मात्र 12 पेड़ों का मूल्यांकन कर विभाग ने अपनी खाना पूरी कर इति श्री कर डाली।

तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह के निर्देशों पर गुरुवार को राजस्व निरीक्षक श्याम सुन्दर गुप्ता और वन कर्मी अकबर अली स्थल पर जांच पड़ताल करने पहुंचे। बताया जाता है कि जांच में चार दर्जन से अधिक पेड़ काटे गए हैं।( जांच करने गई टीम ने आरोपी ठेकेदार को फोन करके बुलाया था, लेकिन वह नहीं आ पाए। इस मामले में तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह ने बताया कि घटना की जांच कराई जा रही है, जांच के बाद कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि जब पेड़ों का मूल्यांकन वर्ष 2024 का है तो वह वैसे ही निष्प्रभावी हो गया है, वन विभाग को नया मूल्यांकन करना चाहिए। इस बारे में ग्राम प्रधान मो. सलीम और सचिव रवींद्र कुमार से बात करने की कोशिश की गई, लेकिन दोनों का ही फोन नहीं उठ सका।

# 30 घंटे चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद नाले में मिला युवक का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** सेटेलाइट बस अड्डे पर करीब 12 फीट गहरे नाले में गिरे व्यक्ति की खोजबीन के लिए 30 घंटे चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद आखिरकार टीमों को कामयाबी हाथ लगी। गुरुवार तड़के नाले में गिरे युवक का शव बरामद कर लिया गया।



नाले से युवक का शव बरामद होने के बाद उसकी शिनाख्त भी कर ली गई। हरदोई के मोहल्ला शाहबाद निवासी 30 वर्षीय तौहीद के रूप में उसकी शिनाख्त हुई। बताया जा रहा है कि तौहीद ड्राइवर का काम करता था। युवक के परि. जनों को भी सूचना दी गई है। फिलहाल शव बरामद होने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया था। इससे पहले मंगलवार की देर रात से शुरू हुआ रेस्क्यू ऑपरेशन बुधवार को दिन भर चला। एसडीआरएफ की टीम के साथ नगर निगम के कर्मचारी खोजबीन में जुटे रहे। मामला मुख्यमंत्री कार्यालय और नगर विकास मंत्री तक पहुंच गया। इसके बाद नगर आयुक्त से लेकर अतिक्रमण प्रभारी और पुलिस-प्रशासन के आला अधिकारी खुद जुट गए। गुरुवार तड़के करीब 3:30 बजे नाले से शव बरामद कर लिया गया।

बता दें कि बीते मंगलवार की रात करीब 9:30 बजे सेटेलाइट बस अड्डे पर खुले हुए नाले के पास बैठा एक व्यक्ति अचानक नाले में जा गिरा। आसपास मौजूद यात्रियों और दुकानदारों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, तो उसमें युवक नाले में गिरता दिखाई दिया।

इसके बाद थाना बारादरी पुलिस और रेस्क्यू टीमें सक्रिय हो गईं और रात से सुबह तक रेस्क्यू अभियान चलाया गया। निगम और एसडीआरएफ की टीम ने नाले की सफाई मशीनों से कराई। नाले का पानी निकालने का काम रात तक चलता रहा।

## एक नजर

### नव निर्वाचित पदाधिकारियों का व्यापार मंडल ने किया जोरदार स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** व्यापार मण्डल एवं सर्राफा व्यापार मण्डल मीरगंज ने गुरुवार को बार एसोसिएशन के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम का आयोजन व्यापार मंडल अध्यक्ष रामनरायन गुप्ता के नेतृत्व में किया गया।इस दौरान बार एसोसिएशन के चौथी बार अध्यक्ष बने अशोक उपाध्याय, उपाध्यक्ष अरविंद कुमार, सचिव सह सचिव प्रेमपाल मौर्य, पूर्व अध्यक्ष सतीश चंद्र एवं मुरादबेग को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में संजीव गुप्ता, चरनजीत सिंह, अरविंद गंगवार, विनीत सांख्यधार, रामपाल गुप्ता, सुबोध सिंह, सेफू गुप्ता, रवि गुप्ता, कैलाश गंगवार सहित कई व्यापारी मौजूद रहे।



### फतेहगंज पश्चिमी क्रासिंग पर बनेगा ओवरब्रिज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

60 करोड़ से अधिक की धनराशि मंजूर

**मीरगंज।** फतेहगंज पश्चिमी कस्बे में भिटौरा-बहेड़ी रोड स्थित क्रासिंग संख्या 371 बी पर जल्द ही उपरिगामी पुल ओवरब्रिज का निर्माण होगा। वर्षों से जाम की समस्या से जूझ रहे क्षेत्रवासियों को अब बड़ी राहत मिलने जा रही है।प्रदेश शासन ने 6069.23 लाख रुपये की लागत से पुल निर्माण को 25 मार्च को प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दे दी है। साथ ही चालू वित्तीय वर्ष में 1458.33 लाख रुपये भी अवमुक्त कर दिए गए हैं।

बताया गया कि कुल लागत में रेलवे हिस्से के दो लेन मुख्य पुल के लिए 1902.55 लाख रुपये, यूटिलिटी शिफ्टिंग के लिए 29.79 लाख रुपये और पहुंच मार्ग निर्माण के लिए 4136.89 लाख रुपये निर्धारित किए गए हैं।विधायक डॉ. डीसी वर्मा ने बताया कि पीडब्ल्यूडी जल्द ही टेंडर प्रक्रिया पूरी कर निर्माण कार्य शुरू कराएगा। उन्होंने बताया कि हाल ही में उन्होंने एमएलसी बहोरन लाल मौर्य के साथ लखनऊ में मुख्यमंत्री से मुलाकात कर इस पुल के लिए धनराशि जारी करने का अनुरोध किया था।

### घर में घुसकर मारपीट व धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शुरू की जांच


**मीरगंज।** थाना क्षेत्र के गांव सिधौली में घर में घुसकर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी गई शिकायत में पीड़िता कमला पत्नी हरद्वारी लाल ने बताया कि वह अपने घर पर बहुओं और छोटे-छोटे बच्चों के साथ मौजूद थीं। इसी दौरान रामपुर जनपद के थाना मिलक क्षेत्र के गांव गंगापुर निवासी मुकेश अपने साथ विनोद, अशोक, राजेश समेत अन्य लोगों के साथ उनके घर में घुस आया। आरोप है कि सभी ने गाली-गलौच करते हुए मारपीट की, जिससे उन्हें चोटें आई हैं। पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने उन्हें और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दी और घर से बाहर निकाल दिया। साथ ही घर के अंदर ताला डालकर कब्जा करने का प्रयास भी किया गया।पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी अंजना दहिया ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्राओं को किया गया जागरूक


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**क्योलड़िया।** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्राओं को जागरूक किया गया। मिशन शक्ति/एंटी रोमियो टीम द्वारा मिशन शक्ति फेज-5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत बृहस्पतिवार को भदपुरा स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान टीम द्वारा विद्यालय की बालिकाओं को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना एवं मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही महिला सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरोंख्र1090 (वूमेन पावर लाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन), 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा), 102/108 (स्वास्थ्य सेवा), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन), 1098 (चाइल्ड लाइन) एवं 1930 (साइबर क्राइम हेल्पलाइन) के बारे में भी जागरूक किया गया। इस अवसर पर बालिकाओं को मिशन शक्ति केंद्र की उपयोगिता से अवगत कराया गया तथा उनकी समस्याओं को सुनकर समाधान हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं द्वारा बाल विवाह के विरोध में एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया गया, जिसने सभी को जागरूक करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में प्रभारी निरीक्षक वेद सिंह, उपनिरीक्षक मीनाक्षी, हेड कांस्टेबल नवीन कुमार, कांस्टेबल लक्की सोलंकी, कांस्टेबल सचिन कुमार, महिला आरक्षी रोली यादव, सोनी यादव, मनी समेत पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।



### मिशन शक्ति अभियान के तहत कन्या पूजन व जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**बरेली।** गुरूवार को राज्य महिला आयोग की सदस्या पुष्पा पांडे की अध्यक्षता में मिशन शक्ति 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत ब्लॉक फरीदपुर के भारत माता मंदिर में कन्या पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मोनिका राणा (जिला प्रोबेशन अधिकारी), चंचल गंगवार (केंद्र प्रबंधक), रिंकी सैनी (जिला मिशन कॉर्डिनेटर) एवं रसना गुप्ता (काउंसलर) सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, फरीदपुर की 101 छात्राओं को कन्या भोज कराया गया। साथ ही बेटियों को प्रोत्साहित करने हेतु बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के प्रतीक चिन्ह के रूप में टिफिन और बोतल उपहार स्वरूप भेंट की गई। इसके पश्चात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरीदपुर में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 21 नवजात बच्चियों को बेबी क्लॉथ किट एवं हिमालया बेबी किट वितरित की गई। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों ने अभिभावकों को कन्या जन्म पर बधाई दी और बेटियों के पालन-पोषण एवं शिक्षा पर विशेष ध्यान देने का संदेश दिया। कार्यक्रम के माध्यम से समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने तथा उनके सम्मान और सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया गया।

### स्कूलों के आसपास लगेंगे स्पीड ब्रेकर और सीसीटीवी कैमरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए स्कूल-कॉलेजों के आसपास सड़कों पर स्पीड ब्रेकर और सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को हुई सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में एडीएम सिटी सौरभ दुबे ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा के लिए ये कवायद की जा रही है। एडीएम सिटी ने निर्देश दिए कि स्कूलों के आस-पास अनिवार्य रूप से स्पीड ब्रेकर बनाए जाएं। अभिभावकों और स्कूल प्रबंधन को जागरूक करने पर भी जोर दिया। निर्देश दिए कि बिना फिटनेस प्रमाण पत्र या निर्धारित मानकों के कोई भी स्कूली वाहन सड़क पर न दिखे।

# सम्राट अशोक जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

■ स्वामी प्रसाद मौर्य ने दिए सामाजिक एकता के संदेश

**मीरगंज।** सम्राट अशोक की जयंती के अवसर पर नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था के बीच शोभायात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होकर निकली और मढ़ी सत्याना पर पहुंचकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने सम्राट अशोक के जीवन और उनके आदर्शों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एक समय भारत की पहचान विश्व में सम्राट अशोक और चंद्रगुप्त जैसे महान शासकों से होती थी।उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों पर भी निशाना साधते हुए कहा कि कुछ ढोंगी पाखंडियों ने अपने स्वार्थ के लिए समाज को जाति, मजहब, छुआछूत और ऊंच-नीच में बांट दिया है। उन्होंने कहा कि आज भी देश के करोड़ों लोग मूलभूत जरूरतों के लिए संघर्ष कर रहे हैं, जिससे उनके बच्चों के बेहतर भविष्य पर असर पड़ता है।

स्वामी प्रसाद मौर्य ने लोगों से आह्वान किया कि वे सम्राट अशोक के आदर्शों पर चलने का संकल्प लें और समाज में एकता व समानता को बढ़ावा दें। इस अवसर पर पूर्व विधायक जयदीप सिंह बरार, प्रेमराज मौर्य, अनिल कुमार, राजेश मौर्य सहित कई गणमान्य लोग मौजूद।

# तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से आधा दर्जन बिजली के पोल गिर

■ कस्बे की आपूर्ति हुई ठप्प, लोग हुए परेशान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** बीती रात्रि तेज रफ्तार डंफर की जोरदार टक्कर से मुख्य मार्ग किनारे लगे आधार दर्जन से अधिक बिजली के पोल सड़क पर बिछ गए, जिससे कस्बे की आपूर्ति ठप्प हो जाने से गंभीर समस्या बन गई।

बताते चलें कि बीती रात्रि को तेज रफ्तार अज्ञात डंफर की जोरदार टक्कर से कस्बे के मुख्य मार्ग मोहल्ला कोल्हू के निकट सड़क किनारे खड़े बिजली के आधा दर्जन पोल क्षतिग्रस्त होकर जमीन पर गिर गए, जिससे कस्बे की बिजली आपूर्ति ठप्प हो गई। अज्ञात वाहन चालक मौका पाकर फरार हो गया। ग्रामीणों द्वारा बिजलीघर सूचना देने पर बिजली आपूर्ति बंद कराई गई। संयोग से आधी रात्रि को सड़क पर कोई राहगीर नहीं था अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

**टोल टैक्स बचाने के लिए शीशगढ़ होकर गुजरते है ओवरलोड वाहन**

फतेहगंज पश्चिमी ठिरिया खेतल स्थित टोल प्लाजा पर टोल टैक्स बचाने के लिए अधिकांशत: ओवरलोड वाहन घनेटा होते हुए शीशगढ़ से गुजरकर जाते हैं। शीशगढ़ कस्बे में दिन में इंट्री होने के कारण रात्रि नौ बजे भारी वाहनों की इंट्री शुरू होती है और पूरी रात हैवी वाहन फर्राटे से दौड़ते रहते हैं। बिजली के पोल से वाहन टकराने की घटनाएं कई बार हो चुकी है, लेकिन आधी रात्रि में बिना किसी रोक टॉक के वाहन स्वामी फरार हो जाते है।

# दो अप्रैल को होने वाले सपा के धरना प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए सौंपी जिम्मेदारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** प्रदेश के विधानसभा चुनाव में अभी भले ही समय हो, लेकिन समाजवादी पार्टी इसकी तैयारी में अभी से जुट गई है। 2 अप्रैल को एसडीएम आवास के सामने होने वाले पार्टी के धरना प्रदर्शन को इसी से जोड़कर देखा जा रहा है। पार्टी के सेक्टर प्रमुखों और नेताओं की गुरुवार को हुई बैठक में प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए जिम्मेदारी सौंपी गई है।

सपा के विधानसभा कार्यालय (बग्गर) में विधानसभा अनिल गंगवार की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में पूर्व मंत्री भगवत सरन गंग. वार ने क्षेत्र के सभी सेक्टर प्रमुखों, बूथ अध्यक्षों के साथ ही नेताओं को भीड़ जुटाने की जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने जहां प्रदेश की सरकार को किसान विरोधी बताया, वहीं उन्होंने कहा कि क्षेत्र की ओसवाल चीनी मिल को लगवाए जाने के लिए कितना संघर्ष किया गया था, लेकिन आज मिल पर किसानों का दो साल का गन्ना भुगतान तो बकाया है। यहां तक कि चीनी मिल ही बन्द कर दी गई। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वह क्षेत्र की जनता से सीधे संवाद करें और उनके सुख दुख में उनके साथ खड़े हों। उन्होंने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर 2 अप्रैल को होने वाले धरना प्रदर्शन में बड़ी संख्या में शामिल होने का आवाहन किया।

बैठक में पूर्व ब्लॉक प्रमुख नरा. त्तम गंगवार उर्फ मुन्ना, पुरुषोत्तम गंगवार, तेजप्रकाश गंगवार, जिला पंचायत सदस्य तेजपाल गंगवार, छेदालाल दिवाकर, नीलम गंगवार, प्रतिनिधि नवाव अहमद अंसारी, डॉक्टर नुक्ता प्रसाद, हाजी मुख्तियार अहमद अंसारी, नगर पालिका परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष मो0 यूसुफ सिद्दीकी, प्रधान संघ के अध्यक्ष प्रहलाद गंगवार, निसार अहमद अंसारी, युवा नेता भगवान दास उर्फ मुन्ना, डॉक्टर विजय गंग. वार, पूर्व प्रधान वीरपाल गंगवार, प्रवीण गंगवार टीटू, हरीश गंगवार, भूदेव गंगवार, कांता प्रसाद, बेच. लाल गंगवार, नरेंद्र गंगवार, भूपराम गंगवार, रफीक सिद्दीकी, अरशद अंसारी, पप्पू प्रधान, पूर्व प्रधान द्वारिका प्रसाद सहित अधिकाशं सेक्टर प्रमुखों, बूथ अध्यक्षों ने भाग लिया।

# धूमधाम से हुआ जे एण्ड आर इंटरनेशनल स्कूल का उद्घाटन, अतिथियों ने फीता काटकर किया शुभारंभ

**फूल-मालाओं से हुआ अतिथियों का स्वागत, शिक्षा के महत्व पर वक्ताओं ने रखे विचार**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** गुरुवार को बहेड़ी के इस्लाम नगर शाहपुर डांडी स्थित जे एण्ड आर इंटरनेशनल स्कूल का उद्घाटन समारोह बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा फीता काटकर विधिवत उद्घाटन के साथ हुई। इस दौरान स्कूल प्रबंधन ने सभी अतिथियों का फूल-मालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया, जिससे पूरा माहौल उत्सवमय हो गया।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बेसिक शिक्षा कल्याण समिति उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष सर्वेश पाठक एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में कोतवाली देवरनियां प्रभारी आशुतोष द्विवेदी उपस्थित रहे। इसके अलावा विशेष अतिथि के रूप में दैनिक शाह टाइम्स के जिला प्रभारी मो. इरफान मुनीम सहित अन्य सम्मानित लोग भी कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और बच्चों, अभिभावकों तथा शिक्षकों को मार्गदर्शन दिया।



मुख्य अतिथि सर्वेश पाठक ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के आधुनिक और अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों की स्थापना समय की आवश्यकता है। इससे बच्चों को बेहतर अवसर मिलेंगे और वे शहरों के बच्चों के साथ प्रतिस्पर्धा कर सकेंगे। शिक्षा ही वह साधन है, जिससे समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। विशिष्ट अतिथि आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि शिक्षा ही वह मजबूत आधार है, जो बच्चों को सही दिशा और उज्ज्वल भविष्य प्रदान करती है। केवल किताबी ज्ञान ही नहीं, बल्कि नैतिक शिक्षा और अनुशासन भी उतना ही जरूरी है। शिक्षित और संस्कारी युवा ही देश को आगे बढ़ाते हैं।



विशेष अतिथि मो. इरफान मुनीम ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा बेहद आवश्यक हो गई है। ऐसे विद्यालय बच्चों के अंदर छुपी प्रतिभाओं को निखारने का काम करते हैं। अभिभावकों को भी चाहिए कि वे बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार दें, ताकि वे एक जिम्मेदार नागरिक बन सकें।

विद्यालय के डायरेक्टर मोहम्मद हलीम एवं प्रधानाचार्य अंशु सिंह चौहान ने बताया कि थे एण्ड आर इंटरनेशनल स्कूल में अंग्रेजी माध्यम से उच्चस्तरीय शिक्षा प्रदान करने के लिए अनुभवी स्टाफ की नियुक्ति की गई है। स्कूल का उद्देश्य बच्चों को एक प्रेरणादायक और सकारात्मक वातावरण देना है, जिससे वे अपने सपनों को साकार कर सकें।

उन्होंने यह भी कहा कि यह विद्यालय न केवल बच्चों के शैक्षिक विकास में सहायक होगा, बल्कि उन्हें अच्छे संस्कार देकर समाज, गांव और देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित करेगा। इस दौरान राजेश कुमार, शमीम चाचा, मो. इमरान, सादाब, मो. तारिक, मो. रिजवान, मो. अबसार, मो. फहीम, जलील अहमद, मो. आजम, मो. मीकाईल, मो. जाकिर, आजम खान, हासिम खान, मो. शाकिब, सद्दाम हुसैन, समीर आलम, मो. शहवाज, मो. ताबिश आदि मौजूद रहे।

# नौ वर्ष की उपलब्धियों पर आधरित प्रदर्शनी का समापन

■ हार्टमैन मेला ग्राउंड में उमड़ी भीड़

■ महिला सशक्तिकरण, कृषि, रोजगार व इंफ्रास्ट्रक्चर विकास की झलक देख जागरूक हुए लोग

■ नौ वर्ष की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी का हुआ समापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** उत्तर प्रदेश सरकार के सफलतम नवनिर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शहर के हार्टमैन मेला ग्राउंड (रामलीला मैदान) में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा लगाई गई चित्र प्रदर्शनी का आज समापन हो गया।

इस प्रदर्शनी में सरकार की विगत 09 वर्षों की प्रमुख उपलब्धियों को आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया गया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में आमजन पहुंचे और विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। प्रदर्शनी के माध्यम से "स्वावलंबन, उद्यम और महिला सशक्तिकरण" जैसे विषयों को प्रमुखता से दर्शाया गया।

प्रदर्शनी में बताया गया कि प्रदेश के 75 जनपदों के 826 विकास खंडों तक स्वयं सहायता समूहों का विस्तार करते हुए 1 करोड़ से अधिक ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया गया है। महिलाओं को लघु उद्योग स्थापित करने हेतु आसान एवं ब्याज मुक्त पूंजी भी उपलब्ध कराई जा रही है।

"अन्नदाता का उत्कर्ष, नवनिर्माण के 09 वर्ष" थीम के तहत कृषि क्षेत्र की उपलब्धियों को भी प्रमुखता से दर्शाया गया। किसानों को आधुनिक खेती के लिए ड्रोन पर 50% तक अनुदान, पीएम कुसुम योजना के तहत 86 हजार से अधिक सोलर पंपों पर 90% सब्सिडी, पीएम किसान सम्मान निधि के माध्यम से 3.12 करोड़ किसानों को 99 हजार करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि प्रदान की गई। वहीं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत 3.53 करोड़ किसानों को 5660 करोड़ रुपये से अधिक का मुआवजा दिया गया। इसके अलावा 27 मंडियों का आधुनिकीकरण तथा गन्ना किसानों को 3.12 लाख करोड़ रुपये से अधिक का रिकॉर्ड भुगतान कर प्रदेश को गन्ना एवं चीनी उत्पादन में देश में प्रथम स्थान दिलाया गया।

"पहले था डर, आज अपना घर" के अंतर्गत वर्ष 2017 के बाद माफियाओं से मुक्त कराई गई भूमि पर गरीबों को आवास उपलब्ध कराए जाने की जानकारी दी गई।

"पहले जर्जर डगर, अब फर्राटे का सफर" शीर्षक के तहत बताया गया कि वर्ष 2017 से पहले जहां प्रदेश में मात्र 2 एक्सप्रेसवे थे, वहीं वर्ष 2026 तक 7 एक्सप्रेसवे संचा. लित हो चुके हैं और 15 निर्माणाधीन हैं।

"सशक्त युवा, स्वर्णिम भविष्य" के अंतर्गत मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना से 163 केंद्रों पर निशुल्क कोचिंग दी जा रही है। साथ ही पारदर्शी प्रक्रिया से 9 लाख से अधिक सरकारी नौकरियां तथा 3 करोड़ से अधिक रोजगार निजी एवं एमएसएमई क्षेत्र में उपलब्ध कराए गए हैं। "पहले आर्थिक कठिनाई, आज अपनी कमाईख्रनारी शक्ति का उत्थान" के अंतर्गत लखपति दीदी योजना से 18.55 लाख से अधिक महिलाओं को लाभान्वित किया गया। आजीविका मिशन का दायरा 8 गुना बढ़कर 1.06 करोड़ महिलाओं तक पहुंचा है। 13 हजार से अधिक उद्यम सखियां और 30,500 से अधिक स्वास्थ्य सखियां ग्रामीण क्षेत्रों में सक्रिय हैं।

इसके साथ ही वर्तमान में 44 हजार से अधिक महिलाएं उत्तर प्रदेश पुलिस बल में कार्यरत हैं तथा भर्ती में 20% आरक्षण सुनिश्चित किया गया है। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना से 26.81 लाख से अधिक बेटियां लाभान्वित हुई हैं। वहीं 1581 थानों में मिशन शक्ति केंद्र स्थापित किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले 09 वर्षों में महिला श्रम भागीदारी 13% से बढ़कर 36% हो गई है।

प्रदर्शनी के समापन अवसर पर अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के आयोजनों का उद्देश्य सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाना और उन्हें जागरूक करना है, ताकि अधिक से अधिक लोग इन योजनाओं का लाभ उठा सकें। प्रदर्शनी के सफल आयोजन के लिए सूचना विभाग की सराहना की गई।

# दबंगों का दो युवकों पर जानलेवा हमला



## हॉर्न बजाना पड़ा भारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** बाइक का हॉर्न बजा कर गाड़ी हटाने को कहना दो युवकों को भारी पड़ गया। पास में मौजूद एक घर में से निकले कुछ दबंगों ने बाइक सवारों पर हमला कर दिया और जमकर कुटाई कर दी। जिसमें सलमान और फरमान दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें पुलिस द्वारा प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चांदपुर में भर्ती कराया गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार हीमपुर दीपा थाने में तहरीर देकर सलमान और फरमान ने बताया कि वह बाइक पर कुछ सामान रख कर ला रहे थे। वहीं रास्ते में खड़ी गाड़ी को हटाने के लिए जब उन्होंने हॉर्न दिया, तो कार सवार के बजाय पास में ही स्थित एक घर से कुछ दबंग बाहर निकाल कर आए और उनके साथ मारपीट कर दी। जिससे वह घायल हो गए और उन्हें गंभीर चोट आई है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेते हुए दोनों भाइयों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्याऊ उपचार के लिए भेज दिया और अग्रिम कार्रवाई में जुट गई।

# राजस्व पेंशनर्स वैलफेयर एसो. की बैठक

## वक्ताओं ने अपने-अपने सुझाव रखे




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** राजस्व पेंशनर्स वैलफेयर एसोसिएशन धामपुर शाखा की तहसील सभागार में बैठक आयोजित की गई।

सर्व प्रथम सचिव द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 आय व्यय का ब्यौरा एवं परिलब्धियों, क्रिया-कलापों का विवरण प्रस्तुत किया गया। बैठक में पेंशनर्स की समस्याओं एवं निस्तारण पर चर्चा की गई। बलराम दत्त, श्यामलाल, बीरेंद्र सिंह, मुनेशचंद शर्मा, लोकेंद्र सिंह उपाध्यक्ष जिला कार्यकारणी ने एसोसिएशन के हितार्थ अपने अपने विचार रखें। बैठक में रामकिशन शर्मा का चिकित्सा प्रतिपूर्ति बिल का भुगतान न होन एवं चंद्रवीर सिंह का जीपीएफ का 10 प्रतिशत भुगतान का न होने का प्रकरण संज्ञान में आया है, जिसका 6 माह की अवधि तक भी तहसील नगीना के आर.के. कोषाधिकारी कार्यालय के बावूओं द्वारा लापरवाही के कारण भुगतान नहीं हो पाया है। एसोसिएशन शीर्ष प्राथमिकता से दोनों साथियों के बकाया भुगतान कराने की आपेक्षित कार्यवाही कराएगा। वित्तीय बर्ष के समापन पर कतिपय सदस्यों के अवशेष अंशदान/बंदा जमा किए गए।

बैठक में कुलवीर सिंह, वीरेंद्र सिंह, पवन कुमार, दिनेश कुमार, रामकुंवर सिंह, विजयपाल सिंह, रोहिताश्व सिंह, रामकिशन शर्मा, नरेशपाल सिंह, योगेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे। अंत में अध्यक्ष द्वारा पदाधिकारी/सदस्यगण के उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाने एवं वक्ताओं द्वारा अपने-अपने सुझाव देने पर आभार प्रकट किया गया। जगदेव सिंह (प्रचार मंत्री) के पिता के 24 मार्च को अकास्मिक निधन पर दो मिनट का मौन धारण कर श्रृद्धांजलि दी गई। समस्त कार्यवाही शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई। अंतत बैठक समाप्ति की विधिवत् घोषणा की गई। अध्यक्षता मदनपाल सिंह एवं संचालन रथींद्र कुमार सचिव द्वारा किया गया।

## एक नजर

### हादसे में युवक घायल

**नगीना।** बढ़ापुर मार्ग पर सुबह एक सड़क हादसे में दो युवक घायल हो गए। हादसे में एक युवक की हालत गंभीर होने पर उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया है। झालू (थाना हल्दौर) निवासी रजत (15 वर्ष) पुत्र रमेश, अपने साथी अंश (18 वर्ष) पुत्र अर्जुन के साथ बाइक पर सवार होकर बढ़ापुर जा रहा था। बुधवार सुबह करीब 10 बजे जब वह नगीना-बढ़ापुर रोड पर पहुंचे, तभी अचानक बाइक के सामने एक मवेशी आ गया। सामने अचानक जानवर को देख चालक रजत घबरा गया। जिससे बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर फिसल गई। इस दुर्घटना में दोनों युवक जमीन पर गिरकर घायल हो गए। हादसे के बाद दोनों घायल किसी तरह स्वयं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना पहुंचे। चिकित्सकों ने बताया कि रजत को आंशिक चोटें आई थीं, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। अंश की हालत गंभीर होने के कारण उसे बेहतर इलाज के लिए जिला चिकित्सालय रैफर कर दिया गया है। घटना के बाद घायलों के परिजनों को सूचित कर दिया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर आवारा पशुओं की मौजूदगी आए दिन हादसों का सबब बन रही है।

### अष्टमी पर मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़



**नांगल सोती।** अष्टमी के अवसर पर प्राचीन काली देवी मंदिर में भक्तों की खूब उमड़ पड़ी। इस दौरान भक्तों ने मंदिर में माता के दर्शन कर प्रसाद चढ़ाया और मन्नत मांगी। भक्तों ने आठ दिन लगातार व्रत रखने बाद अपने घरों में कन्याओं को भोग लगाया और प्राचीन काली माता मंदिर पर माता के दर्शन करने वालों की खासी भीड़ रही। इस दौरान भक्तों ने काली माता के दर्शन के साथ, हनुमान, राम दरबार, भोले शंकर के आदि मंदिरों के प्रसाद चढ़ाया।

### जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत



**मंडावर।** ग्राम मुकीमपुर जमाल उर्फ इनामपुरा निवासी 25 वर्षीय युवक अरविंद पुत्र अतर सिंह की जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि युवक को उसके ससुराल पक्ष ने जानबूझकर जहरीला पदार्थ दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। अरविंद अपनी पत्नी को लेने के लिए बिजनौर के जाटान मौहल्ले में गया था। वहा उसने कथित तौर पर जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजनों को बिजनौर से सूचना मिली कि युवक ने जहर खा लिया है। जब परिजन मौके पर पहुंचे, तो युवक की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के भाई ने बताया कि उनके भाई को जानबूझकर जहरीला पदार्थ दिया गया। उन्होंने इस मामले में मृतक की सास सविता, साले पवन, छोटू और पत्नी प्रीति पर गंभीर आरोप लगाए हैं। परिजन न्याय की मांग कर रहे हैं।

### देवी रूपी कन्याओं का पूजन

**शेरकोट।** चैत्र नवरात्रि की अष्टमी पर आज कन्या पूजन के साथ नवरात्रि का समापन हो गया। नगर के विभिन्न मंदिरों और घरों में सुबह से ही धार्मिक अनुष्ठानों की शुरुआत हो गई थी। वातावरण भक्तिमय भजनों, घंटियों और शंखनाद से गूंज उठा। जिससे पूरे नगर में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ। श्रद्धालुओं ने छोटी-छोटी बालिकाओं को मां दुर्गा का स्वरूप मानते हुए उनका विधि-विधान से पूजन किया। कन्याओं को ससम्मान आमंत्रित कर उनके माथे पर तिलक लगाया गया और उन्हें सुंदर चुनरी ओढ़ाकर आदरपूर्वक आसन पर बैठाया गया। इसके बाद भक्तों ने उनके चरण धोकर उन्हें पूजित किया, जो भारतीय संस्कृति में कन्या के प्रति सम्मान और श्रद्धा का प्रतीक है। पूजन के दौरान कन्याओं को हलवा, पूरी, चने और विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाकर प्रेमपूर्वक भोजन कराया गया। साथ ही उन्हें उपहार स्वरूप फल, मिठाई, दक्षिणा और अन्य उपयोगी वस्तुएं भी भेंट की गईं। कन्याओं के साथ लंगूर (बालक) का पूजन भी किया गया, जो इस धार्मिक परंपरा का अभिन्न हिस्सा माना जाता है। इस मौके पर लोगों ने मां दुर्गा से परिवार की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। कन्या पूजन के इस पावन आयोजन ने न केवल धार्मिक आस्था को मजबूती दी, बल्कि समाज में नारी सम्मान और एकता का संदेश भी दिया।

### अवैध मिट्टी खनन पकड़ा



**हीमपुर दीपा।** थाना क्षेत्र में मिट्टी का अवैध कारोबार रुकने का नाम नहीं ले रहा है। हालांकि पुलिस की शह के बिना कोई काम नहीं होता यह जग जाहिर है। सूत्र बताते है कि बीती देर रात किसी सज्जन ने अवैध मिट्टी खनन में लगे तीन ट्रेक्टर ट्रालियों की सूचना हीमपुर दीपा पुलिस सहित उच्चअधिकारियो को दी थी। सूत्र बताते है कि पुलिस ने एक ट्रैक्टर ट्राली को हीमपुर दीपा पुलिस ने अवैध रूप से खनन कर रहे एक ट्रेक्टर ट्राली को थाने लाकर सीज कर दिया। जिसके बाद पुलिस अग्रिम कार्रवाई मे जुटी हुई है।

### कन्या पूजन कर व्रत का पारायण

**बिजनौर।** चैत्र नवरात्रि की अष्टमी के अवसर पर श्रद्धा और भक्ति का माहौल देखने को मिला। सुबह से ही श्रद्धालुओं ने विधि-विधान के साथ कन्या पूजन कर अपने व्रत का पारायण किया। छोटी कन्याओं को मां दुर्गा का स्वरूप मानकर आमंत्रित किया गया और पूरे आदर-सत्कार के साथ उनका पूजन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने कन्याओं के चरण धोकर उन्हें तिलक लगाया तथा हलवा-पूरी और चने का भोग लगाया। पूजन के बाद कन्याओं को उपहार स्वरूप वस्त्र, फल एवं दक्षिणा भेंट की गई। कन्या पूजन के दौरान घरों में धार्मिक वातावरण बना रहा और माता रानी के जयकारों से माहौल गूंज उठा। मंदिरों में भी भीड़ देखने को मिली, जहां श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। अष्टमी और नवमी का दिन कन्या पूजन के लिए विशेष महत्व रखता है, जिससे मां दुर्गा की कृपा प्राप्त होती है।

### अष्टमी पूजन कर कन्याओं को जिमाया

**नजीबाबाद।** दुर्गा अष्टमी के मौके पर पूजन कर कन्याओं को जिमाया गया। चैत्र नवरात्र का आठवां दिन अर्थात मां दुर्गा अष्टमी का दिन है। आज के दिन सुबह दुर्गा चालीसा का पाठ कर मां दुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की गई। मंदिरों में लगे जयकारों से वातावरण गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने कन्याओं को आदर सत्कार के साथ घर बुलाकर हलवा, पूरी, नारियल के प्रसाद का भोग लगाकर उनको भोजन कराया। कन्याओं को देवी का स्वरूप मानकर उनसे आशीर्वाद लिया। मां दुर्गा का गुणगान कर जयकारे लगाए। सभी कन्याओं को उपहार भी दिए गए। मंडावली क्षेत्र के ग्राम मुस्सेपुर में राजा की समाधि स्थल पर प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी चैत्र माह की अष्टमी के दिन मेले का आयोजन किया गया।

# हत्या और जानलेवा हमले के दो आरोपी गिरफ्तार

## एक आरोपी अभी भी फरार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** पुलिस ने हत्या और जानलेवा हमले के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस हमले के दो आरोपियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। अभी भी एक आरोपी फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी है।

बीते गुरुवार को नांगल थाना क्षेत्र के गांव शहजादपुर निवासी पप्पू और महेंद्र दो सगे भाइयों में खेत की मेढ़ को लेकर खूनी संघर्ष हो गया था। इस हमले में पप्पू और पुत्र मोनू गम्भीर रूप से घायल हो गए थे। इस हमले में घायल मोनू ने देहरादून के अस्पताल में सोमवार रात इलाज के दम तोड़ दिया था। जिसके पुलिस ने जानलेवा हमले के मुकदमे को हत्या में तरमीम कर दिया। इस मामले में आरोपी यशपाल उर्फ टिंकू और महेंद्र को पुलिस ने जिला अस्पताल भेज से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उनकी निशानदेही पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त एक सरिया और एक डंडा बरामद किया है। इस घटना के दो आरोपी जयपाल और कोमल पहले ही जेल जा चुके है, एक आरपी लाल सिंह फरार है जिसकी तलाश में पुलिस जुटी है।

## गाजीपुर कुतुब में ईद मिलन कार्यक्रम

**नजीबाबाद।** हिंदू युवा महाशक्ति सेना राजनीति के राष्ट्रीय अध्यक्ष हर्वेद्र राणा व मुरादाबाद मंडल अध्यक्ष बब्लू सिंह के नेतृत्व में ग्राम गाजीपुर कुतुब में यूसुफ के निवास पर ईद मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भारतीय महिला समाज स्वराज शक्ति की महिला टीम भी शामिल रही।

कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष निशि चौधरी उनकी माता, जिला मीडिया प्रभारी विकास कुमार उनकी धर्मपत्नी आरजू तोमर, बेगराज, सतपाल, अनिल, प्रदीप कुमार, राजेंद्र सिंह, रावेंद्र चौधरी, शिवम कुमार, अनुज, अभिषेक आदि शामिल रहे।

हिंदू युवा महाशक्ति सेना के मंडल अध्यक्ष बब्लू सिंह ने संगठन की मजबूती पर बल दिया। कार्यक्रम में हर्वेन्द्र सिंह राणा, मंडल अध्यक्ष बब्लू सिंह, मंडल सचिव रीता देवी आदि मौजूद रहे।

## कन्याओं को जिमा कर लिया आशीर्वाद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नवरात्रि के अष्टमी पर माता के मंदिरों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगी रही।

नवरात्रि के अष्टमी के दिन श्रद्धालुओं ने कन्याओं को जिमाया। नवरात्रि पर अष्टमी के दिन कन्याओं को जिमाया जाता है। जिसके लिए सुबह से ही श्रद्धालु कन्याओं के लिए पूरी छोले, सब्जी, रायता, चना हलवा आदि का प्रसाद बनाकर कन्याओं को बुलाकर जिमाते हैं। फिर उनके पैर छूकर आशीर्वाद लेते हैं। जिससे घर में सुख-समृद्धि खुशहाली आती है। कन्याओं को माता स्वरूप माना जाता है। नवरात्रि पर श्रद्धालु व्रत रखकर अष्टमी के दिन माता स्वरूप कन्याओं को अपने घर बुलाकर भोजन कराते हैं उसके बाद दान स्वरूप रुपए और सामान भेंट करते हैं।

फिर कन्याओं के पैर छूकर आशीर्वाद लेते हैं। जिससे घर में खुशहाली सुख-समृद्धि आती है। कुछ श्रद्धालु नवमी के दिन कन्याओं को जिमाते हैं।

# कन्या पूजन एवं भंडारे का आयोजन

## कन्याओं को तिलक लगाकर चुनरी ओढ़ाई, प्रसाद एवं उपहार भेंट किए



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** चैत्र नवरात्रि की दुर्गा अष्टमी के अवसर पर व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता अरुण कुमार वर्मा के निवास पर श्रद्धा, आस्था एवं धार्मिक उत्साह के साथ कन्या पूजन एवं भंडारे का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत विधि-विधान के साथ माता रानी की पूजा-अर्चना से हुई। जिसके बाद कन्याओं का पूजन कर उन्हें सम्मानपूर्वक भोजन कराया गया। अरुण कुमार वर्मा ने पूरे आयोजन का नेतृत्व किया। कन्याओं को मां दुर्गा का स्वरूप मानते हुए उनके चरण धोए गए। तिलक लगाकर चुनरी ओढ़ाई गई तथा प्रसाद एवं उपहार भेंट किए गए। आयोजन स्थल पर भक्तिमय वातावरण बना रहा और श्रद्धालुओं ने माता रानी के जयकारों के साथ पूजा-अर्चना कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

अरुण कुमार वर्मा ने बताया कि नवरात्रि भारतीय संस्कृति सनातन परंपरा एवं धार्मिक आस्था का प्रतीक पर्व है। दुर्गा अष्टमी पर कन्या पूजन का विशेष धार्मिक महत्व है। क्योंकि कन्याएं मां दुर्गा के नौ स्वरूपों का प्रतिनिधित्व करती हैं। ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में संस्कार, सेवा भावना और धार्मिक चेतना मजबूत होती है तथा नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जुड़ने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम में अशोक वर्मा, वैजयंती माला वर्मा, अश्वनी वर्मा, आरती वर्मा, अनिरुद्ध वर्मा, अलका वर्मा, अमित वर्मा, मनु वर्मा, अक्षय वर्मा, नेहा वर्मा, केशव वर्मा, काव्य वर्मा, आयुष वर्मा, आयुषी वर्मा, अक्षत वर्मा, दित्य सोनी, अयांश वर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## तीनों जुआरियों का चालान

**हीमपुर दीपा।** ग्राम सब्दलपुर रेहरा के जंगल में जुआ खेल रहे शाहीद पुत्र मकबूल, वासिफ पुत्र अशरफ, जीशान पुत्र जमीर को सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने पकड़ लिया। जिनके कब्जे से 1420 रुपए नगद व 52 ताश के पत्ते बरामद किए। हीमपुर दीपा पुलिस ने तीनों जुआरियों का जुआ एक्ट 13 में चालान कर न्यायलय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

## सात आरोपियों के विरुद्ध जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** पुलिस ने सात आरोपियों के विरुद्ध जानलेवा हमले में रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पांच आरोपियों कोहिरासत में लिया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम कमराजपुर निवासी अमित कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि बीती रात उसका भाई सुमित कुमार रास्ते से गुजरते हुए गांव में गिर गया था। तभी गांव के मौहम्मद नईम ने उसके भाई सुमित के पैर मार दिया था। इसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी हो गई थी, जिस मामले को ग्रामीणों ने समझा- बुझाकर शांत कर दिया था। जिसके रात 10 बजे उसका भाई सुमित अपने ताऊ के लड़के शिवम के साथ ग्राम तिसोतरा जा रहा। तभी रास्ते में नईम और उसके साथियों ने उन्हें घेर लिया और लाठी-डंडों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिनका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

इस मामले में पुलिस ने मौहम्मद नईम, मौहम्मद आमिर, मौहम्मद अमजद, शाजिद, जुनैद और एक अज्ञात खिलाफ जानलेवा हमले में रिपोर्ट दर्ज की है।

इस मामले में सीओ नजीबाबाद नितेश प्रताप सिंह ने बताया कि कमराजपुर निवासी सुमित और नईम पक्ष के बीच मारपीट हो गई थी। जिसमें पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मामले में पांच आरोपियों को हिरासत में लिया है। विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# राजेंद्र शर्मा शाखा अध्यक्ष एवं तपराज सिंह बने शाखा मंत्री



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** रोडवेज कर्मचारी संघ संचालन शाखा धामपुर डिपो का वार्षिक चुनाव सुनील कुमार वालिया की अध्यक्षता में नहटौर बस स्टेशन धामपुर डिपो पर संपन्न हुआ।

चुनाव अधिकारी राजवीर सिंह तथा चुनाव पर्यवेक्षक धीरेंद्र कुमार रहे। जिन्होंने विगत वर्ष की आय व्यय ब्यौरा की जांच की तथा चुनाव प्रक्रिया को सुचारू रूप से सम्पन्न कराया। चुनाव में सर्वसम्मति से राजेंद्र शर्मा व शाखा अध्यक्ष तपराज सिंह को शाखा मंत्री निर्विरोध चुना गया। चुनाव में डिपो के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी कर्मचारियों ने फूलमाला पहना कर इनका स्वागत किया और शुभकामनाएं दी। जिसमें राजेंद्र कुमार शर्मा, तपराज सिंह, सुनील कुमार वालिया, हिमांशु आर्य, अंकुर कुमार, सोमपाल सिंह, लोकेंद्र सिंह, लोकेंद्र पाल, रामकुमार सिंह, हरिराज सिंह, सतेंद्र कुमार आदि शामिल रहे।

## तालाब की सफाई के दौरान जाल में फंसा मगरमच्छ

**मंडावली।** क्षेत्र के ग्राम काशीरामपुर के तालाब में मछुआरे तालाब की सफाई कर रहे थे। सफाई करने के दौरान एक मगरमच्छ उनके जाल में फंस गया। मगरमच्छ के जाल में फंसे होने की खबर पूरे गांव में फैल गई। जाल में फंसे मगरमच्छ को देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों के द्वारा सामाजिक वानिकी विभाग को सूचना दी गई। सामाजिक वानिकी के दरोगा विकास कुमार ने अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से रेस्क्यू कर मगरमच्छ को तालाब से निकाल कर उसके प्राकृतिक प्रवास में छोड़ दिया।

## साहू राकेश अग्रवाल के निधन पर शोक जताया

**नजीबाबाद।** अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के तत्वावधान में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें वैश्य समुदाय द्वारा चंद्रा कत्था इंडस्ट्रीज के एमडी साहू राकेश अग्रवाल के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। समाज के लोगों ने दो मिनट के मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। संगठन के जिलाध्यक्ष अभिनव अग्रवाल एड. ने बताया साहू राकेश अग्रवाल न केवल उद्योग जगत में न केवल अपनी मजबूती से पहचान बनाई बल्कि उन्होंने क्षेत्र में विकास व रोजगार सृजन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका व्यवहार अत्यंत सरल था। शोकसभा में अभिनव अग्रवाल एड., युवा प्रदेश सचिव आदित्य अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, विपिन अग्रवाल, युवा प्रदेश सचिव आदित्य अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, विपिन अग्रवाल, अमित सिंघल, आयुष बंसल, अनमोल गुप्ता, शुभम अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## मेडल व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया

**नजीबाबाद।** जनता बाल निकेतन जूनियर हाईस्कूल का वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। कार्यक्रम का संचालन कु. अरीशा ने किया। स्कूल के अध्यक्ष शमीम अहमद पूर्व तहसीलदार, इस्लामी फण्ड के मैनेजर नफीस खां व स्कूल के ऑनर आदिल अथहर व कोकब ए रूशदा हाशमी ने बच्चों को रिजल्ट कार्ड वितरित किये। स्कूल का वार्षिक परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। कक्षा पांच में सानिया टॉपर रही। कक्षा नर्सरी में आहिल प्रथम, केजी में अभिशम, कक्षा एक के शुऐब, दो में साद, तीन में सिदरा, चार में वली, पांच में सानिया, छह में इलमा नूर व कक्षा सात में अनिकेत वर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वार्षिक परीक्षाफल घोषणा के मौके पर बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला। स्कूल के अध्यक्ष व ऑनर न वार्षिक परीक्षा में अच्छे अंक लाने वाले बच्चों को ट्रॉफी व मेडल देकर सम्मानित किया।

# 'मोदी जी के राज में चूल्हा आया हाथ में'

## कांग्रेस यूथ विंग के जिला महासचिव सैफ मंसूरी सिलेंडर न मिलने से परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** कांग्रेस पार्टी यूथ विंग के जिला महासचिव सैफ मंसूरी ने चूल्हे पर खाना बनाकर 'मोदी जी के राज में चूल्हा आया हाथ में' का नारा देकर अलग अंदाज़ मे प्रदर्शन किया।

प्राप्त समाचार के अनुसार नगर के मौहल्ला खुराड़ा निवासी यूथ कांग्रेस के जिला महासचिव सैफ मंसूरी ने अपने आवास पर लकड़ी का चूल्हा जलाया और नारा दिया 'मोदी जी के राज में चूल्हा आया हाथ में'। उन्होंने कहा अभी तो गर्मी शुरू ही हुई है और अभी से ही चूल्हा हाथ में आ गया है। बहुत भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। अब यह हाल है लकड़ी का चूल्हा जलाना पड़ रहा है और आम जनता का तो बहुत बुरा हाल है। सिलेंडर की किल्लत से आम जनता को तो लाइन में लगकर परेशानी उठानी पड़ रही है। लाइन में लगने के बावजूद भी सिलेंडर नहीं मिल रहा। सैफ मंसूरी ने कहा मुझे खुद अभी तक सिलेंडर नहीं मिला। एक महीना हो गया है। अभी तक बुकिंग भी नहीं हो रही है। यह सब मोदी के राज में देखना पड़ रहा है। अब



इस सरकार से जनता परेशान हो चुकी है। आने वाले चुनावों में जनता इसका जवाब देगी।

# रामपुर बनेगा पर्यटन का नया हब, होम स्टे योजना से खुलेगा रोजगार का रास्ता

## ऐतिहासिक विरासत के साथ पर्यटन विकास पर मंथन, जनभागीदारी पर जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार के सफल कार्यकाल के 9 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद, रामपुर द्वारा विकास भवन परिसर में पर्यटन क्षेत्र के विकास को लेकर एक विचार गोष्ठी एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पर्यटन को बढ़ावा देने, स्थानीय रोजगार सृजन और जनसहभागिता को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। आईआईए एवं होटल एसोसिएशन के चेयरमैन श्रीश गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि रामपुर एक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टि से समृद्ध नगर है, जहां के किले, प्राचीन मंदिर, ऐतिहासिक भवन और हस्तशिल्प अपनी अलग पहचान रखते हैं। उन्होंने बताया कि रामपुर की पैचवर्क, जरी, चटाई, चाकू, पतंग, टोपी और वायलिन विश्वभर में प्रसिद्ध हैं। साथ ही विश्व प्रसिद्ध रजा लाइब्रेरी में सोने से लिखी रामायण और हस्तलिखित कुरान जैसे दुर्लभ ग्रंथ पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र हैं। उन्होंने यह भी कहा कि रामपुर उत्तराखंड चारधाम यात्रा का प्रवेश द्वार होने के कारण पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान रखता है।





होटल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष नरेश सिंघल ने प्रदेश सरकार की होम स्टे एवं बेड एंड ब्रेकफास्ट योजना को रोजगार का सुनहरा अवसर बताते हुए कहा कि इस योजना के अंतर्गत आम नागरिक 6 से 12 कमरों तक होम स्टे संचालित कर सकते हैं। यह योजना टैक्स फ्री है और सरकार द्वारा ऋण व सब्सिडी की सुविधा भी प्रदान की जा रही है। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड में यह योजना पहले से ही सफल मॉडल बन चुकी है और बड़े स्तर पर रोजगार उपलब्ध करा रही है।

कार्यक्रम को जिला विकास अधिकारी, होम स्टे संचालक इकबाल खान एवं उपायुक्त उद्योग अनुराग यादव ने भी संबोधित किया। पर्यटन शोधकर्ता ऋषिकेश कुमार सिंह ने बेड एंड ब्रेकफास्ट और होम स्टे नीति के लाभों की विस्तार से जानकारी देते हुए इसे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने वाला कदम बताया।

कार्यक्रम के अंत में पर्यटन सूचना अधिकारी मनीषा राणा ने प्रदेश सरकार की पर्यटन योजनाओं की जानकारी देते हुए आम नागरिकों से इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया और सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश पुरस्कार से सम्मानित गौरव जी द्वारा सफलतापूर्वक किया गया।

# अखिल भारतीय मौर्य महासभा के तत्वाधान में चक्रवर्ती सम्राट अशोक मौर्य महान की मनाई गई भव्य जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसबासी।** अखिल भारतीय मौर्य महासभा के तत्वाधान में चक्रवर्ती सम्राट अशोक मौर्य महान की 2330 बी जयंती के उपलक्ष में सर्वहितकारी इंटर कॉलेज मसवासी में विराट कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजय सिंह मौर्य ने कहा कि आज हमारे समाज को जागरूक होने की बहुत ही अधिक आवश्यकता है क्योंकि हमारी संख्या इतनी ज्यादा अधिक होते हुए भी हमारी सत्ता में भागीदारी बहुत कम है हमें राजनीति के क्षेत्र में भी बढ़-चलकर आगे आना होगा इस मौके पर विशिष्ट अतिथि भाजपा ओबीसी मोर्चा के उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष नेत्रपाल सिंह मौर्य ने कहा कि कि हमें गांव-गांव तक अपने समाज को जागरूक करना होगा समाज की एकजुटता पर चर्चा करनी होगी जिससे कि अगले वर्ष जब यह प्रोग्राम आयोजित हो तब यहां पर और भी अधिक संख्या में लोग एकत्रित हो हमारे समाज के ही विधायक तथा अध्यक्ष बने इस पर गहन विचार की आवश्यकता है । इस मौके पर आदर्श नगर पंचायत मसवासी के निवर्तमान अध्यक्ष हरिओम मौर्य ने बोलते हुए कहा कि जहां से सूरज निकलता था और जहां पर सूरज छिपता था वहां तक चंद्रगुप्त मौर्य का शासन था ज्योतिबा फुले ने समाज की कुरीतियां दूर करने का काम किया सावित्रीबाई फुले ने शिक्षा की ज्योत जलाने का काम किया तथा सम्राट अशोक की लाट सभी सरकारी कार्यों में उपयोग में आती है वह भी हमारे समाज के पूर्वज सम्राट अशोक की ही पहचान है तथा हमारे समाज को आज एकजुट होने की आवश्यकता है राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता सिंह सैनी ने सभी से एकजुटता एवं जागरूकता पर जोर दिया तथा इस मौके पर सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भी भेंट किए इस मौके पर भाजपा के जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार उत्तराखंड ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नेत्रपाल मौर्य, मौर्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय मौर्य, प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट यशपाल मौर्य, महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी, सैनी महासभा मुरादाबाद महिला बिंग की अध्यक्ष मेघा सैनी, ब्लॉक प्रमुख ठाकुरद्वारा पति वीर सिंह सैनी, भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष चेतन स्वरूप मौर्य, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुनील मौर्य, ओबीसी उपाध्यक्ष भूप सिंह मौर्य, जिला मीडिया प्रभारी संजीव कुमार वर्मा, कौशल्यपुरी के अध्यक्ष राजीव सैनी ,सेवाराम सैनी, विधिराम मौर्य, विनेश कुमार मौर्य, देवेंद्र सैनी, अतर सिंह मोर्य,अजय सिंह मौर्य, देवेंद्र सैनी,परमिंदर मौर्य,मयंक मौर्य, मदनलाल मौर्य, दीपक मौर्य, दीप सिंह राही तथा कार्यक्रम का कुशल संचालन राजेश कुमार मौर्य ने किया ।



# स्काउट-गाइड शिविर संपन्न तीन दिवसीय कैम्प में सिखाए गए आपदा प्रबंधन के गुर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** क्षेत्र के गाँव करेंची स्थित प्रेमपाल सिंह आदर्श ज्ञानोदय जूनियर हाई स्कूल में चल रहे तीन दिवसीय स्काउट एवं गाइड शिविर का गुरुवार को समापन हो गया। इस शिविर में छात्र-छात्राओं को तम्बू बनाना, आपदा प्रबंधन और अनुशासित रहने के तरीके सिखाए गए।शिविर के दौरान प्रशिक्षक आयुक्त जीतू कुमार ने प्रतिभागियों को विभिन्न महत्वपूर्ण जीवन कौशल का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने छात्रों को आपातकालीन स्थितियों से निपटने और व्यवस्थित जीवन शैली अपनाने के गुर सिखाए।समापन समारोह के अवसर पर कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इनमें भाजपा नेता महेश चंद्रवंशी, भूमि विकास बैंक के चेयरमैन ठाकुर नरू नरेंद्र सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष शाहबाद, युवा मोर्चा ग्रामीण शाहबाद के मंडल अध्यक्ष अनुज चौहान, उपाध्यक्ष हरप्रसाद लोधी, गौ रक्षा खंड प्रमुख अमर सिंह यादव और थाना कोतवाली प्रभारी प्रतिनिधि चंद्रशेखर शामिल थे।स्कूल प्रबंधन की ओर से प्रबंधक सुभाष चौहान और प्रधानाचार्य संदीप चौहान भी मौजूद थे। इनके साथ शिक्षकगण विजय यादव, राजेश चौधरी, रामबाबू, विनीता यादव, अन्नू, डिम्पल, आशीष चौहान, शिवम और श्रीकासन श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को पुरस्कार और फल वितरित किए गए।



# जनपद न्यायालय रामपुर में संदेश कुमार बने मुख्य प्रशासनिक अधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** जनपद न्यायालय रामपुर में संदेश कुमार को मुख्य प्रशासनिक अधिकारी के पद पर नियुक्ति की गई है ।उन्होंने मुख्य प्रशासनिक अधिकारी के पद का विधिवत कार्यभार ग्रहण किया।

जिला जज भानुदेव शर्मा द्वारा उन्हें इस महत्वपूर्ण पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। पदभार ग्रहण करते ही न्यायालय परिसर में उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला। संदेश कुमार ने अपने संबोधन में न्यायालय की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं सुचारू बनाने का संकल्प व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के सहयोग से कार्यों में तेजी और गुणवत्ता सुनिश्चित की जाएगी।



इस अवसर पर न्यायालय के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कर्मचारियों में नई ऊर्जा और उम्मीद की लहर साफ दिखाई दी। माना जा रहा है कि संदेश कुमार के नेतृत्व में जनपद न्यायालय रामपुर प्रशासनिक दृष्टि से नई ऊंचाइयों को छुएगा।

# ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलटी 6 घायल, एक रेफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** गुरुवार को तहसील क्षेत्र के ग्राम मियागंज निवासी ई रिक्शा चालक मुनव्वर की ई रिक्शा में मुस्तफा पुत्र इदरीस (20) तशरूम पुत्री मुस्लिफ(22)भूरी पुत्री दूल्हाशेर (20) रुबीना पत्नी दूल्हाशेर(60) रज्जो पत्नी सुलेमान (30) ई रिक्शा में सवार होकर शाहबाद स्थित गज शहीद दरगाह पर आ रहे थे, राणा शुगर मिल के निकट अचानक ई रिक्शा अनियंत्रित हो गई और पलट गई ई-रिक्शा में सवार मुस्तफा,तशरूम भूरी, रुबीना व रज्जो घायल हो गए। राहगीरों की सहायता से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद लाया गया, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहाबाद के चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद तशरूम,भूरी रुबीना व रज्जो को घर भेज दिया। जबकि मुस्तफा की गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रामपुर रेफर कर दिया, घायल मुस्तफा का आरोप है कि ई रिक्शा चालक मुनव्वर लापरवाही से रिक्शा चला रहा था जिस कारण ई रिक्शा अनियंत्रित हो गई और पलट गई। घटना के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद पर ग्राम प्रधान पति नसरत मियां पहुंचे और घायलों का हाल-चाल जाना।




# युवती को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोपी गिरफ्तार

## स्वार पुलिस ने मुंशीगंज तिराहे से पकड़ा, विधिक कार्यवाही जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** थाना क्षेत्र में एक युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। यह मामला 13 मार्च 2026 को तब सामने आया जब वादी ने अपनी बहन को अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने की शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद स्वार थाने में बीएनएस के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया। उपनिरीक्षक जितेंद्र कुमार इस मामले की विवेचना कर रहे थे। जांच के दौरान साक्ष्य संकलन और पीड़िता के बयान के आधार पर मुकदमे में धारा-137(2)/64 बीएनएस और 3/4 पॉक्सो एक्ट की धाराएं बढ़ाई गईं। विवेचना में ग्राम कुंवरपुर, थाना मिलक खानम, जनपद रामपुर निवासी मंगत सिंह पुत्र गुरमुख सिंह का नाम आरोपी के रूप में सामने आया। रामपुर पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत, अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी स्वार के निर्देशन में कार्रवाई की गई। स्वार थाना पुलिस ने गुरुवार को वांछित अभियुक्त मंगत सिंह को मुंशीगंज तिराहे से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक जितेंद्र कुमार, कांस्टेबल नरेंद्र कुमार और कांस्टेबल मोहम्मद उस्मान शामिल थे। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# सैफनी क्षेत्र में युवक ने घर में लगाई आग, पत्नी से विवाद के बाद दिया घटना को अन्जाम पत्नी का आरोप





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर** क्षेत्र के गांव कासम नगला में गुरुवार शाम घरेलू विवाद के बाद एक युवक द्वारा अपने ही मकान में आग लगाने का मामला सामने आया है। सूचना पर पहुंची पुलिस और दमकल टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, जसवीर नामक युवक ने एक दिन पहले अपनी पत्नी के साथ मारपीट की थी और उसे घर से निकाल दिया था। पत्नी का आरोप है कि गुरुवार को करीब 3:30 बजे जसवीर शराब के नशे में घर पहुंचा और गुस्से में आकर अपने ही मकान में आग लगा दी।घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने तुरंत 112 नंबर पर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड (दमकल विभाग) की टीम ने आग बुझाने का कार्य शुरू किया और काफी प्रयास के बाद आग पर नियंत्रण पा लिया। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, हालांकि मकान में रखा सामान जलकर काफी नुकसान हो गया।पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और दोनों पक्षों से पूछताछ की जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, परिवार में पहले भी विवाद की स्थिति बनी रहती थी।

# मसवासी नगर में सिलेंडर आपूर्ति को लेकर उपभोक्ताओं में आक्रोश, शहरी क्षेत्र की तर्ज पर सिलेंडर आपूर्ति की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** नगर पंचायत क्षेत्र में गैस सिलेंडर की आपूर्ति अवधि 45 दिन किए जाने से उपभोक्ताओं की परेशानियां बढ़ गई हैं। शहरी क्षेत्र होने के बावजूद ग्रामीण तर्ज पर सिलेंडर वितरण किए जाने को लेकर लोगों में नाराजगी देखी जा रही है।

उपभोक्ताओं का कहना है कि मसवासी नगर पंचायत पूरी तरह शहरी क्षेत्र में आता है और लोग नियमित रूप से टैक्स भी जमा करते हैं। इसके बावजूद गैस एजेंसी संचालक 45 दिन की अवधि में सिलेंडर देने की व्यवस्था लागू कर रहे हैं, जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गैस उपभोगता मोहम्मद फारूक, इरशाद अहमद, राकेश कुमार, मुमतियाज अहमद, सर्वेश कुमार आदि ने एजेंसी संचालकों पर मनमानी का आरोप लगाते हुए सिलेंडर आपूर्ति 30 दिन के भीतर कराने की मांग जिलाधिकारी से की है। साथ ही एजेंसी संचालकों की मनमानी पर अंकुश लगाने की भी मांग उठाई है। उपभोक्ताओं ने प्रशासन से जल्द कार्रवाई कर राहत दिलाने की मांग की है।

# वादी की पुत्री को बहला फुसलाकर ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** बीती 23 मार्च को वादी की तहरीर के आधार पर आरोपी विकास निवासी रजौडा का मझरा थाना पटवाई द्वारा वादी की पुत्री को बहला फुसलाकर ले जाने के सम्बन्ध में थाना पटवाई पर केस दर्ज कराया गया था। विवेचना के क्रम में थाना पटवाई पुलिस ने पॉक्सो एक्ट में फरार चल रहे आरोपी विकास निवासी रजोडा का मझरा थाना पटवाई को पटवाई चौराहे से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया।

न्यायालय श्रीमान सिविल जज (क0ख0) महोदय, जिला रामपुर
उत्तराधिकार वाद सं0-31/2026
पवन सक्सेना उम्र लगभग 40 वर्ष पुत्र स्व0 श्री महेश सरन निवासी 41 बी0कोर्ट रोड, सिविल लाइंस तह0 सदर, जिला रामपुर (उ0प्र0)..प्रार्थी
बनाम 1. पंकज कुमार सक्सेना उम्र लगभग 48 वर्ष पुत्र स्व0 श्री महेश सरन निवासी 34, जानकी धाम कालोनी, मुरादाबाद रोड ग्राम मंसूपुर, तहसील सदर जिला रामपुर
2. हेमलता सक्सेना उम्र लगभग 47 वर्ष पत्नी श्री जीवेन्द्र सक्सेना पुत्री पुत्र स्व0 श्री महेश सरन निवासी मकान नं0-3, बौद्धराज की चक्की के सामने इंद्रप्रसी कालोनी, ज्वालानगर, तहसील सदर जिला रामपुर।
3. प्रीति सक्सेना उम्र लगभग 36 वर्ष पत्नी श्री हर्ष जोहरी पुत्री पुत्र स्व0 श्री महेश सरन निवासी 24/251 श्री राम चौराहा, नई कालोनी टंकी के सामने ज्वालानगर, तहसील सदर, जिला रामपुर (उ0प्र0)
4. आम जनता (विपक्षीगण)
सूचना बनाम आम जनता
चूंकि पवन सक्सेना पुत्र स्व0 श्री महेश सरन निवासी 41 बी0कोर्ट रोड, सिविल लाइंस तहसील सदर, जिला रामपुर (उ0प्र0) के द्वारा सिविल जज (क0स0) रामपुर के न्यायालय में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु उत्तराधिकार अधिनियम 1925 की धारा-372 आई0एस0एक्ट के अन्तर्गत प्रार्थना पत्र इस आशय से प्रस्तुत किया गया है कि प्रार्थी की माता स्व0 श्रीमती शशि सेवी सक्सेना पत्नी स्व0 महेश सरन पुत्री कैलाश चंद्र सक्सेना निवासनी 41 बी0कोर्ट रोड, सिविल लाइंस तहसील सदर, जिला रामपुर (उ0प्र0) जिनका स्वर्गवास दिनांक 14.07.2018 को हो चुका है के नाम से आई0सी0आई0सी0आई0 पूडेन्शल म्यूचुअल फंड (जिसका सम्पूर्ण विवरण उत्तराधिकार वाद में उल्लेखित किया है) में जमा धनराशि 2,32,273.13 रूपये मय ब्याज को प्राप्त करने हेतु उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की मांग की गयी है।
अत: यह इस्तेहार निकाला जाता है कि उपरोक्त प्रार्थना पत्र के सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति है तो वह इस न्यायालय में दिनांक-02.04.26 को प्रात: 10 बजे अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। तारीख गुजरने के बाद फिर किसी की आपत्ति सुनी नहीं जायेगी और निर्णित आदेश पारित किया जायेगा।
आज दिनांक 25-03-2026 को इस न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।
मुंसरिम न्यायालय सिविल जज (क0ख0) रामपुर

# 01 नफर वारंटी को गिरफ्तार किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** गुरुवार पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए 1 वारंटी को गिरफ्तार कर सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई ।पुलिस अधीक्षक के आदेश पर बुधवार की रात्रि कोतवाली प्रभारी संजीव कुमार के निर्देश पर पुलिस द्वारा अपराधियों की धरपकड़ को लेकर चलाए गए अभियान के अंतर्गत पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 1 वारंटी महिपाल पुत्र भजन लाल निवासी भूवरा मसवासी को उसके मसकन से गिरफ्तार कर सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई।गिरफ्तार करने वाली टीम मेंउ0नि0 अंकित कुमार,है0का0 जसवीर सिंह,धीरेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।





# दुर्गा अष्टमी पर ग्राम बैरुआ में श्रद्धा के साथ हुआ पूजन, कन्या भोज का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी / रामपुर**- क्षेत्र के ग्राम पंचायत बैरुआ में गुरुवार को चौत्र नवरात्र के पावन अवसर पर दुर्गा अष्टमी बड़े श्रद्धा और विधि-विधान के साथ मनाई गई।इस अवसर पर गौ रक्षा वाहिनी के जिला अध्यक्ष धर्मपाल सिंह लोधी ने अपने आवास पर माता रानी का पूजन-अर्चन कराया। पूजा के बाद कन्या भोज का आयोजन किया गया, जिसमें छोटी-छोटी कन्याओं को भोजन कराकर उनका आशीर्वाद लिया गया।धर्मपाल सिंह लोधी ने बताया कि चौत्र माह का यह समय अत्यंत पवित्र और फलदायी माना जाता है। इस दौरान माता रानी की पूजा, व्रत और भोग लगाने से विशेष कृपा प्राप्त होती है और भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला और सभी ने श्रद्धा भाव से माता रानी की पूजा कर सुख-समृद्धि की कामना की।



# अजय राय का रामपुर दौरा

## आजम खान के परिवार से मुलाकात, सरकार पर लगाए गंभीर आरोप





**शाह टाइम्स संवाददाता**

रामपुर। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय गुरुवार को समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान के आवास पहुंचे, जहां उन्होंने उनकी पत्नी तंजीन फातिमा से मुलाकात कर परिवार का हालचाल जाना। इस दौरान आजम खान के बेटे अदीब खान ने उनका स्वागत कर उन्हें अंदर ले गए। मुलाकात के दौरान सपा नेता आसिम राजा, जिला अध्यक्ष अजय सागर और पूर्व विधायक संजय कपूर समेत कई नेता मौजूद रहे। इस मुलाकात के बाद अजय राय ने मीडिया से बातचीत में प्रदेश सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि आजम खान के साथ जेल में अत्याचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि परिवार के अनुसार उन्हें सही तरीके से दवा नहीं दी जा रही और बुनियादी सुविधाओं से भी वंचित रखा जा रहा है। अजय राय ने कहा कि कांग्रेस पार्टी आजम खान के परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है और उनके साथ हो रहे व्यवहार के खिलाफ आवाज उठाएगी।

अजय राय ने यह भी आरोप लगाया कि कोर्ट के आदेश के बावजूद आजम खान को जेल में आवश्यक सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। उन्होंने कहा कि मुलाकात के दौरान भी खुफिया एजेंसियों की मौजूदगी रहती है, जिससे स्थिति और चिंताजनक हो जाती है।

इस मुलाकात को लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं तेज हो गई हैं। इसे आगामी चुनावों से जोड़कर भी देखा जा रहा है, हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि यह केवल शिष्टाचार भेंट थी या इसके पीछे कोई बड़ी राजनीतिक रणनीति है।

गौरतलब है कि आजम खान रामपुर सीट से 9 बार विधायक और 2 बार सांसद रह चुके हैं, साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार में कई बार मंत्री भी रहे हैं। बीते वर्षों में उनके खिलाफ कई मामले दर्ज हुए, जिनमें फर्जी पैन कार्ड मामले में अदालत द्वारा उन्हें और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई गई है। फिलहाल इस मामले में सेशन कोर्ट में अपील पर सुनवाई जारी है।

योगी सरकार के कार्यकाल में आजम खान कई बार जेल जा चुके हैं और लंबे समय तक जेल में रहे हैं। उनकी राजनीतिक पकड़ रामपुर में पिछले चार दशकों से मजबूत रही है। ऐसे में अजय राय की यह मुलाकात राजनीतिक दृष्टि से भी अहम मानी जा रही है।

कार्यालय नगर पंचायत मसवासी (रामपुर)
पत्रांक:-876/न०प०म०/का०गौ०ए०वे०प०अ०यो०/2025-26 दिनांक : 25.03.2026
- ई-निविदा सूचना:-
नगर पंचायत मसवासी जनपद रामपुर द्वारा अनुभवी फर्मो/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि कान्हा गौशाला / नगर निधि/रा०वि० से प्राप्त धनराशि के अन्तर्गत निर्माण/ विकास कार्यो हेतु ई-निविदा दिनांक 20.04.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक ई-प्रोक्योरमेन्ट की वेबसाईट http//:etender.up.nic.in पर ऑनलाईन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित अन्य नियम व शर्ते तथा विस्तृत विवरण ई-प्रोक्योरमेन्ट की वेबसाईट http//:etender.up.nic.in पर है। निविदा में कोई भी संशोधन / परिमार्जन/परिवर्तन मात्र http//:etender.up.nic.in की वैवसाईट पर ही प्रकाशित किया जायेगा।
(आशुतोष सिंह) अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत मसवासी (रामपुर)
(श्री दिनेश कुमार गोयल) अध्यक्ष नगर पंचायत मसवासी (रामपुर)

पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, रामपुर
पत्रांक : 973 अल्पकालीन ई-निविदा सूचना दि. 24.03.2026
अल्पकालीन ई-निविदा संख्या एंव कार्य का संक्षिप्त विवरण
1 :- 35/2025-26 EDC (R) विद्युत वितरण खण्ड-स्वार, रामपुर के अन्तर्गत 33/11 केवी विद्युत लाईनों पर पुराने कडक्टर को रीसेंगिंग करना, झुके, गले पोलों को सीधा करने का कार्य, पेडों की टहनियों की कटाई-छटाई का कार्य कराने हेतु।
प्रपत्र शुल्क रू0 1180.00, धरोहर राशि रू० 9000.00
ई-निविदा की अंतिम तिथि : 10.04.2026 11:00 बजे
विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनायें वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएंगी।

# RCB के बाद RR का भी 15290 करोड़ में हुआ सौदा

**जयपुर, वार्ता।** एरिजोना के टेक उद्यमी कल सोमानी की अगुवाई में अमेरिकी निवेशकों के एक कंसोर्टियम ने राजस्थान रॉयल्स (आरआर) को खरीदने के लिए करीब 15,290 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड बोली लगाई है। सोमानी, जो पहले से ही आरआर में हिस्सेदार हैं, अब अपने दो अन्य पार्टनर्स के साथ मिलकर फ्रेंच. इजी का पूरा मालिकाना हक हासिल कर चुके हैं। राजस्थान रॉयल्स ने ही साल 2008 में आईपीएल का पहला खिताब अपने नाम किया था। सोमानी के नेतृत्व वाला यह ग्रुप उन चुनिंदा इंवेस्टर्स में शामिल है,

जिन्हें नॉन-बाइंडिग राउंड के बाद फाइनल बिडिग के लिए आमंत्रित किया गया था। इस डील में न सिर्फ आरआर की 100 फीसदी हिस्सेदारी शामिल है, बल्कि टीम के सभी ग्लोबल ब्रांडेड राइट्स भी दांव पर हैं। इसमें दक्षिण अफ्रीका की पार्ल रॉयल्स और सीपीएल की बारबाडोस रॉयल्स जैसी टीमें भी शामिल हैं। आईपीएल की आठ शुरुआती टीमों में से एक आरआर को साल 2008 में यूके की 'इमर्जिंग मीडिया' ने महज 67 मिलियन डॉलर में खरीदा था। इसका मालिकाना हक मनोज बडाले के पास है। उस दौर में एक डॉलर की कीमत लगभग 40 रुपये थी, जो अब बढ़कर 94 रुपये के करीब पहुंच गई है। इस गणित से देखें तो सोमानी ग्रुप की ताजा बोली 2008 की कीमत के मुकाबले रुपये में करीब 57 गुना ज्यादा है। दिलचस्प बात यह है कि 2008 में सबसे कम वैल्यू वाली टीम होने के बावजूद, दिवंगत शेन वॉर्न की कप्तानी में राजस्थान रॉयल्स ने पहले ही सीजन में इतिहास रचते हुए खिताब अपने नाम किया था। हालांकि पिछले आईपीएल में टीम नौवें पायदान पर रही थी, लेकिन मैदान पर इस प्रदर्शन का टीम की वैल्यू पर कोई असर नहीं पड़ा। दरअसल, फ्रेंचाइजी की बाजार में कीमत हमेशा उनके खेल से अलग तय की जाती है। साल 2009 में राजस्थान रॉयल्स आईपीएल की ऐसी पहली टीम बनी थी, जिसने अपनी हिस्सेदारी बेची थी। तब बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा ने टीम में 11.7 प्रतिशत स्टेक खरीदा था। इसके बाद 2021 तक आते-आते बडाले मुख्य निवेशक बन गए और उनकी हिस्सेदारी 65 फीसदी से भी ज्यादा हो गई। यह उस फंडिग ड्राइव का नतीजा था जिसमें कई बड़े निवेशकों को जोड़ा गया, जिनमें टीम8 के सह संस्थापक इयान मैककिनन, पूर्व बीटी सीईओ फिल जेनसन, फ्यूचर लर्न और नेटवर्क इंटरनेशनल के चेयरमैन रॉन कलीफा, बेटफेयर के संस्थापक एड रे, और टेक उद्यमी जैसे सोमानी, सिमर मेयो और मिहिर पटेल शामिल थे। 2021 में रेडबर्ड कैपिटल्स भी निवेशक के रूप में शामिल हुआ, जिसकी हिस्सेदारी 15 प्रतिशत है और जिसका निवेश लिवरपूल और बोस्टन रेड सॉक्स की पैरेंट कंपनी में भी है।

### विजय माल्या ने आरसीबी के नए मालिकों को दी बधाई

**नई दिल्ली, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के पूर्व मालिक विजय माल्या ने फ्रेंचाइजी के नए मालिकों को इस मूल्यवान आईपीएल फ्रेंचाइजी को खरीदने के लिए शुभकामनाएं दी हैं। माल्या ने एक्स पर लिखे एक पोस्ट में इस फ्रेंचाइज से जुड़ी यादों को साझा करते हुए कहा कि जब उन्होंने 2008 में 450 करोड़ रुपये में यह फ्रेंचाइजी खरीदी थी, तब कई लोगों ने उनका मजाक उडाया था और उनके निवेश को केवल एक 'वैनिटी प्रोजेक्ट' बताकर उसकी आलोचना की थी। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस निवेश के पीछे का मुख्य उद्देश्य रॉयल चैलेंज ब्रांड का निर्माण करना था, जिसके कारण उन्होंने फ्रेंचाइजी का नाम आरसीबी रखा। माल्या ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि 450 करोड़ रुपये के निवेश को 16,500 करोड़ रुपये तक बढ़ते देखना बेहद संतोषजनक है। उन्होंने यह भी साझा किया कि आरसीबी हमेशा उनके डीएनए का हिस्सा रहेगी।

# आरसीबी डील बताई गई बात से कहीं ज्यादा महंगी: ललित मोदी

**बेंगलुरु, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की ब्लॉकबस्टर सेल के बारे में आईपीएल के पूर्व कमिश्नर ललित मोदी ने गुरुवार को कहा कि यह डील बताई गई बात से कहीं ज्यादा बड़ी और महंगी है। हालांकि 1.78 बिलियन डॉलर के हेडलाइन आंकड़े पर चर्चा हो रही है, लेकिन मोदी ने कहा कि असल फाइनेंशियल खर्च कुछ और ही कहानी कहता है। उनके मुताबिक, सभी चीजों को जोड़ने के बाद, कुल पेमेंट लगभग 1,936 बिलियन डॉलर हो जाता है, जिससे यह डील दो बिलियन डॉलर के करीब पहुंच जाती है। उन्होंने बताया कि बोर्ड ऑफ कंट्रोल फॉर क्रिकेट इन इंडिया (बीसीसीआई) को दी जाने वाली पांच परसेंट ट्रांजैक्शन फीस बेस वैल्यूएशन से ज्यादा कॉस्ट को काफी बढ़ा देती है।



इसके अलावा, आरसीबी महिला टीम की एक्विजिशन कॉस्ट और कई सालों में फैले स्ट्रक्चर्ड पेमेंट से कुल खर्च और बढ़ जाता है। मोदी ने करेंसी डेप्रिसिएशन को भी एक वजह बताया, और कहा कि रुपये में उतार-चढ़ाव ने भारतीय टर्म्स में ट्रांजैक्शन की इफेक्टिव वैल्यू को बढ़ाकर लगभग 18,200 करोड़ रुपये कर दिया है। यह कमेंट्स तब आए हैं जब आदित्य बिड़ला ग्रुप की लीडरशिप वाले एक कंसोर्टियम ने यूनाइटेड स्पिरिट्स लिमिटेड से रॉयल चैलेंजर्स स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड में 100 परसेंट स्टेक खरीदा है, जिसे पहले से ही आईपीएल हिस्ट्री की सबसे हाई-प्रोफाइल डील्स में से एक माना जा रहा है। नंबर्स को तोड़-मरोड़कर, मोदी ने एक बड़ी बात पर जोर देने की कोशिश की- कि आईपीएल फ्रेंच. इजी वैल्यूएशन न केवल आसमान छू रही हैं, बल्कि ऐसी डील्स की असली इकोनॉमिक्स अक्सर हेडलाइन आंकड़ों में कम बताई जाती हैं, जिससे इसमें शामिल इन्वेस्टमेंट का असली स्केल छिप जाता है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### ओडिशा की किशोरी अंजलि ने केआईटीजी में तैराकी में जीता स्वर्ण

**रायपुर, वार्ता।** ओडिशा की किशोरी तैराक अंजलि मंडा ने खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 की तैराकी स्पर्धा में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। अंजलि ने बुधवार को 200 मीटर फ्रीस्टाइल में 2:39-02 सेकंड का समय निकालकर उन्होंने स्वर्ण पदक जीता और साथ ही तैराकी की मजबूत टीम कर्नाटक को पहले दिन के सभी छह स्वर्ण जीतने से भी रोक दिया। ओडिशा के जाजपुर जिले के गहिरागड़िया गांव (भुवनेश्वर से लगभग 100 किमी दूर) की रहने वाली अंजलि का पानी से रिश्ता शुरुआत में केवल मजे तक सीमित था, किसी औपचारिक प्रशिक्षण से नहीं। चार भाई-बहनों में सबसे छोटी अंजलि के पिता एक स्थानीय फैक्ट्री में वैन चालक हैं। वह 10 साल की उम्र में कलिगा इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज(केआईएसएस) पहुंचीं, जहां जनजातीय छात्रों को निष्शुल्क शिक्षा और आवास मिलता है।

### फिल्स ने रोमांचक मैच में 4 मैच पॉइंट बचाए, पॉल को चौंकाया

**मियामी।** आर्थर फिल्स ने बुधवार को मियामी ओपन में टॉमी पॉल से बचने के लिए नाटकीय ढंग से चार मैच पॉइंट बचाए। सीजन के एक मैच में, 21 साल के फिल्स ने घरेलू फेवरेट पॉल की उम्मीदों पर 6-7(3), 7-6(4), 7-6(6) से पानी फेर दिया और अपने पहले एटीपी मास्टर्स 1000 सेमीफाइनल में पहुंच गए। फिल्स, जो दो घंटे, 47 मिनट के पूरे मैच में पॉल की सर्विस नहीं तोड़ पाए, ने डिसाइडिग-सेट टाई-ब्रेक में 2/6 से लगातार छह पॉइंट बनाकर आगे बढ़े। फिल्स ने कोर्ट पर अपने इंटरव्यू में कहा कि यह एक कांटे की टक्कर थी और मैं कभी भी लड़ाई से पीछे नहीं हटता।अगर मैं हार भी जाता, तो कोई बात नहीं, मैंने बस अपनी तरफ से पूरी को. शिश की।ष फिल्स ने कहा, ष्यह मेरी जदिगी का अब तक का सबसे अच्छा रिजल्ट है। मैं सेमीफाइनल में अपना बेस्ट करने की कोशिश करूंगा, लेकिन अब मैं बहुत खुश हूं।

# सैमसन और गायकवाड करेंगे CSK के लिए ओपनिंग

**चेन्नई, वार्ता।** चेन्नई सुपर किग्स (सीएसके) के लिए आईपीएल 2026 से पहले सबसे बड़ा सवाल यही था कि उनके लिए ओपनिंग कौन करेगा। उन्होंने सीजन से पहले ही संजू सैमसन को अपने साथ जोड़ा था और टीम में पहले से ही कप्तान ऋतुराज गायकवाड तथा अंडर-19 स्टार आयुष म्हात्रे मौजूद थे। बुधवार को मुंबई में कप्तानों के इवेंट में गायकवाड ने बताया कि सीएसके ने अपनी ओपनिंग जोड़ी को फाइनल कर लिया है।



गायकवाड तीनों बल्लेबाजों को लेकर बात कर रहे थे और उस दौरान उन्होंने कहा कि रुतु और संजू। आईपीएल 2025 में ओप. निंग करते हुए सात पारियों में 188-97 की स्ट्राइक रेट से 240 रन बनाने वाले 18 साल के म्हात्रे को अब नीचे खेलना होगा। गायकवाड के इंजरी रिप्लेसमेंट के तौर पर आने वाले म्हात्रे पिछले सीजन सीएसके की खोज साबित हुए थे। आईपीएल 2026 से पहले फ्रेंचाइजी ने उन्हें रिटेन किया था और फरवरी में उनकी कप्तानी में भारत ने अंडर-19 विश्व कप जीता है। 2026 सीजन की नीलामी से पहले रवींद्र जडेजा और सैम करन के बदले ट्रेड के जरिए सैमसन को लाने के बाद से ही सीएसके की ओपनिंग जोड़ी को लेकर बात हो रही थी। सैमसन की ए डील आईपीएल इतिहास के सबसे बड़े ट्रेड में से एक थी और टी20 विश्व कप में धमाकेदार प्रदर्शन के बाद से तो उनका कद और बढ़ा है। सैमसन ने तीन मस्ट विन मैचों में 89, 89 और नाबाद 97 के स्कोर बनाए थे और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बने थे।

# चिन्नास्वामी में बिना टिकट के नही होगी एंट्री: पुलिस

**बेंगलुरु, वार्ता।** बेंगलुरु पुलिस ने गुरुवार को लोगों से कहा कि वे एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में इस सीजन के पहले आईपीएल मैच के लिए बिना वैलिड टिकट के न आएं। पुलिस ने चेतावनी दी है कि कड़ी जांच होगी और स्टेडियम के बाहर भीड़ जमा होने की इजाजत नहीं दी जाएगी। एक हाई-लेवल रिव्यू और मॉक ड्रिल के बाद पत्रकारों से बात करते हुए सीनियर पुलिस अधिकारी सीमांत कुमार सिंह ने कहा कि मैच को बिना किसी रुकावट के कराने के लिए बड़े पैमाने पर और कई स्तर की व्यवस्थाएं की गई हैं।

इसमें भीड़ कंट्रोल, यातायात का सुचारू संचालन और आपात स्थिति पर खास ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि ए तैयारियां कई महीनों की मिली-जुली कोशिशों का नतीजा हैं, जिसमें कई एजेंसियां और एक एक्सपर्ट कमेटी शामिल थी। इस कमेटी ने बड़े पैमाने पर जांच-पड़ताल के बाद अपनी डिटेल्ड सिफारिशें सौंपी थीं। तैयारियों के हिस्से के तौर पर, 23 मार्च और 26 मार्च को दो बड़े मॉक ड्रिल किए गए। इनमें पुलिस, फायर सर्विस, हेल्थ डिपार्टमेंट, पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट (पीडब्ल्यूडी) और जीबीए अधिकारियों समेत सभी जरूरी स्टेकहोल्डर्स शामिल थे। सिंह ने कहा कि विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों के आधार पर, हमने पिछले कुछ महीनों में हर लेवल पर फिजिकल जांच की है। यह पक्का करने के लिए कि मैच सुरक्षित और बिना किसी रुकावट के हों, जरूरी बदलाव अलग- अलग चरणों में लागू किए गए हैं। सभी डिपार्टमेंट्स ने इन ड्रिल्स में हिस्सा लिया और हमने सिफारिशों के आधार पर तैयारियों का जायजा लिया। अभी तक, पहले चरण के ज्यादातर उपाय पूरे हो चुके हैं। पहला मैच शुरू होने में केवल दो दिन बाकी हैं, ऐसे में सिंह ने बताया कि सुरक्षा काफी बढ़ा दी गई है। ट्रैफिक और लॉ-एंड-ऑर्डर, दोनों ही नजरिए से पुलिस की संख्या लगभग दोगुनी कर दी गई है। एक सख्त एडवाइजरी जारी करते हुए, उन्होंने जोर देकर कहा कि केवल वैलिड टिकट वाले लोग ही स्टेडियम की तरफ आएं।

# गंभीर हाई स्टैंडर्ड तय करने के साथ ही जवाबदेहीभी चाहते हैं: डु प्लेसिस

**नई दिल्ली, वार्ता।** कोलक. ता नाइट राइडर्स पिछले टाटा आईपीएल सीजन में पॉइंट्स टेबल के दूसरे हाफ में रही थी, और नए हेड कोच अभिषेक नायर के लिए काम बहुत होगा। जियो स्टार के 'आईपीएल टुडे लाइव' पर बात करते हुए, जियो स्टार एक्सपर्ट फाफ डु प्लेसिस और आकाश चोपड़ा ने केकेआर ड्रेसिंग रूम में गौतम गंभीर की गैरमौजूदगी, सिर्फ कैप्टन से आगे लीडरशिप की भूमिका, और हेड कोच के तौर पर अपने पहले सीजन में नायर के लिए चुनौतियों पर अपने विचार साझा किए।



फाफ डू प्लेसिस ने एक लीडर के तौर पर गौतम गंभीर के बारे में अपनी राय साझा की, क्योंकि वे उनके खिलाफ कई बार खेल चुके हैं। उन्होंने कहा कि गंभीर के बारे में मेरा नजरिया साफ तौर पर उन लोगों से बहुत अलग है जो उनके साथ खेलते हैं। जब उनके खिलाफ खेलने की बात आती है तो वह हमेशा कहानी में विलेन होते हैं, लेकिन आप इसकी इज्जत करते हैं। और मुझे लगता है कि गौतम गंभीर के साथ यही खास बात है, वह बहुत कॉम्पिटिटिव हैं। वह एक सेकंड के लिए भी इस बात की चिंता नहीं करते कि कोई उन्हें पसंद करेगा या नहीं। एक लीडर के तौर पर उनका काम ऊंचे स्टैंडर्ड सेट करना और ड्रेसिंग रूम में अकाउंटेबिलिटी रखना है। इसलिए, बाहर से, उनके खिलाफ खेलने वाले एक साथी लीडर के तौर पर, आप उन्हें हराना चाहते हैं क्योंकि वह विरोधी टीम के तौर पर खुद को जिस तरह से पेश करते हैं, लेकिन आप इस बात की इज्जत करते हैं कि वह इतने ऊंचे स्टैंडर्ड सेट करते हैं। अच्छे लीडर यही करते हैं,

और उन्होंने जिस दिन से खेलना शुरू किया है, उसी दिन से यह बनाया है। अगर आप उनका रिकॉर्ड देखें, तो आपको अपनी टोपी उतारकर कहना होगा, लीडरशिप के नजरिए से, उनके साथ केकेआर एक मजबूत टीम थी। किसी फ्रेंचाइज में लीडरशिप के लिए कैप्टन ही सब कुछ क्यों नहीं है इस पर फाफ डु प्लेसिस ने कहा कि जब लोग किसी ऑर्गनाइजेशन या टीम में लीडरशिप को देखते हैं, तो हमेशा कैप्टन के बारे में सोचते हैं। हां, कैप्टन का एक रोल होता है, लेकिन मेरे लिए, यह ऊपर से नीचे तक जाता है। तो, यह आपके मालिक, कोच और टीम के अंदर लीडरशिप ग्रुप होते हैं। जब आप एमआई, सीएसके और केकेआर जैसी सफल टीमों को देखते हैं, तो वहां गौतम के साथ श्रेयस अय्यर, या धोनी के साथ फ्लेमिग होते हैं। पिछले साल भी आरसीबी के साथ, आपके पास एंडी फ्लावर और मो बोबट के साथ टॉप पर बहुत मजबूत लीडरशिप थी, लेकिन एक बहुत ही कम अनुभवी कैप्टन के साथ, जिसके लिए यह आईपीएल में पहली बार कप्तानी थी। अगर आपके पास एक मजबूत कैप्टन है, तो बहुत कुछ उस पर आ जाता है। लेकिन अगर आपके पास एक मजबूत कैप्टन नहीं है, तो एक मजबूत कोच की जरूरत होती है।

# मानसिक रूप से मजबूत बनने के लिए मुझे ब्रेक की जरूरत थी: पृथ्वी शॉ

**नई दिल्ली, वार्ता।** आईपीएल 2025 के ऑक्शन में अनसोल्ड रहने के बाद पृथ्वी शॉ एक बार फिर अपनी पुरानी टीम दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के साथ जुड़ गए हैं। साल 2023 और 2024 के सीजन शॉ के लिए कुछ खास नहीं रहे थे, जहां 16 पारियों में उनके बल्ले से महज 304 रन ही निकले। हालांकि आईपीएल 2026 के आगाज से पहले शॉ का मानना है कि इस छोटे से ब्रेक ने उन्हें मानसिक रूप से काफी मजबूत और तरोताजा कर दिया है।




शॉ ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि मैंने इस दौरान अपनी जदिगी को खुलकर जिया और कुछ जगहों पर घूमकर अपने दिमाग को शांत किया। वापसी के बाद मैंने अपने पुराने रूटीन पर तीन गुना ज्यादा मेहनत शुरू कर दी है, चाहे वह ट्रेनिंग हो या बल्लेबाजी। मेरे लिए यह ब्रेक बहुत जरूरी था। मैं इसे पीछे हटना नहीं कहूंगा, बल्कि इसने मुझे दिमागी तौर पर और भी ताकतवर बनाया है। बता दें कि आईपीएल 2024 के बीच में ही डीसी ने उन्हें प्लेइंग ग्प से बाहर कर दिया था। इसके बाद 2024-25 के घरेलू सीजन में भी उन्हें मुंबई की टीम से ड्रॉप होना पड़ा। उस समय मुंबई के उनके साथी श्रेयस अय्यर ने साफ कहा था कि शॉ को ष्अपनी वर्क एथिक्स (कार्यशैली) पर ध्यान देने की जरूरत है। इन तमाम उतार-चढ़ाव के बाद शॉ ने मुंबई का साथ छोड़ दिया और हाल ही में महाराष्ट्र की टीम से जुड़कर मैदान पर वापसी की है। शॉ ने कहा कि मैं एक इंसान हूं, मुझसे गलतियां होंगी। जो कुछ लिखा या कहा जाता है, लोग उसका सिर्फ आधा ही जानते हैं। मेरा परिवार मुझे जानता है, मेरे दोस्त मुझे पूरी तरह जानते हैं। सोशल मीडिया या अखबारों में जब भी मेरे बारे में अच्छी या बुरी बातें आती थीं, तब उन्हें समझने के लिए मैं बहुत छोटा था। हर बार जब आप ऐसी चीजें देखते हैं, तो आप फिर उसी में उलझ जाते हैं। इसलिए मैंने उन्हें देखना ही बंद कर दिया। ए चीजें मुझे क्रिकेट से दूर ले जा रही थीं।

# चंडीगढ़ में महाराष्ट्र ने पदकों की गुढ़ी उठाई!




**चंडीगढ़, वार्ता।** चंडीगढ़ में आयोजित अखिल भारतीय नागरी सेवा योग क्रिडा स्पर्धा 2025-26 में श्रीमती अपर्णा जाधव, मानद सचिव, योग विभाग, सचिवालय जिमखाना के मार्गदर्शन में महाराष्ट्र शासन की टीम ने घवघवीत सफलता हासिल कर विजय की गुढ़ी उठाई!

24 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों से विभिन्न आयु वर्गों में लगभग 400 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

महाराष्ट्र टीम ने 15 पदक जीते।

1 स्वर्ण
7 रजत
7 कांस्य

इसके अलावा पुरुष टीम ने सामूहिक द्वितीय स्थान प्राप्त किया! इस प्रदर्शन की हर ओर प्रशंसा और बधाइयों की वर्षा हो रही है।

### बेंगलुरु एफसी ने पेप मुनोज को हेड कोच बनाया

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु एफसी ने स्पेन के पेप मुनोज को क्लब का नया हेड कोच बनाया है। मुनोज ने 2026/27 सीजन के आखिर तक ब्लूज के साथ कॉन्ट्रैक्ट साइन किया है और वे फर्स्ट टीम की जम्मिदारी संभालेंगे क्योंकि क्लब सबसे ऊंचे लेवल पर मुकाबला जारी रखना चाहता है। मुनोज प्लेयर डेवलपमेंट और एलीट-लेवल कोचिग में अच्छे अनुभव के साथ बेंगलुरु आए हैं। उन्होंने पहले एफसी बार्सिलोना के यूथ सेटअप में बार्सा अंडर19 और बार्सिलोना बी के साथ काम किया है, और चीन की नेशनल फुटबॉल टीम के साथ काम करने के अलावा, उन्होंने किगदाओ हुआंगहाई और शेडोंग लुनेंग के साथ चीन में भी समय बिताया है। हेड कोच के तौर पर उनका पहला पूरा रोल कंबोडिया में प्रीह खान रीच स्वे रींग के साथ आया, जहां उन्होंने दो साल तक कामयाबी से काम किया।

# एशियन गेम्स मेरे लिए व्यक्तिगत तौर पर बहुत अहम हैं: मीराबाई चानू

**रायपुर, वार्ता।** भारत की स्टार भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने कहा है कि एशियन गेम्स मेरे लिए व्यक्तिगत तौर पर बहुत महत्वपूर्ण हैं क्योंकि वहां मेरा अभी भी कुछ काम शेष है। खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के बुधवार को उद्घाटन समारोह के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में मीराबाई ने कहा, ष्एशियन गेम्स मेरे लिए व्यक्तिगत तौर पर बहुत महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि वहां मेरा अभी भी कुछ अधूरा काम बाकी है।



एशियन गेम्स में मुकाबले का स्तर बहुत ऊंचा होता है, जो इसे और भी अधिक चुनौतीपूर्ण और रोमांचक बनाता है। मीराबाई के सामने एक बड़ी चुनौती अपनी वेट कैटेगरी (वजन वर्ग) को एडजस्ट करना रही है। उन्होंने अधिकतर 49किग्रा वर्ग में ही हिस्सा लिया है, लेकिन अब इंटरनेशनल वेटलिफ्टिंग फेडरेशन (आईडब्ल्यूएफ) द्वारा वजन वर्गों में किए गए बदलावों के कारण उन्हें अलग-अलग कैटेगरी के बीच स्विच करना पड़ेगा। मीराबाई 23 जुलाई से दो अगस्त तक ग्लासगो में होने वाले 2026 कॉमनवेल्थ गेम्स में 48किग्रा कैटेगरी में हिस्सा लेंगी, और उसके बाद 19 सितम्बर से 4 अक्टूबर तक जापान के नागोया में होने वाले एशियन गेम्स में पदक जीतने की एक और को. शिश के लिए वापस 49 किग्रा भार वर्ग में आ जाएंगी। मीराबाई ने बताया, ष्मैं कॉमनवेल्थ गेम्स तक अपना वजन 48 किग्रा के अंदर ही रखूंगी, लेकिन उसके दो महीने के अंदर ही एशियन गेम्स होने हैं, जो कि 49किग्रा भार वर्ग में हैं, इसलिए मुझे वापस उसी कैटेगरी में जाना पड़ेगा। मीराबाई ने फरवरी में नेशनल वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में अपना 2026 का सीजन शुरू किया और महिलाओं की 48 किग्रा भार वर्ग में तीन नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाए। इस चैंपियनशिप में, मीराबाई ने स्नैच में 89 किग्रा वजन उठाया - यह उनका अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन था, भले ही वह अपनी सामान्य 49किग्रा कैटेगरी से कम वजन वाली कैटेगरी में हिस्सा ले रही थीं। इसके बाद उन्होंने क्लीन एंड जर्क में 116 किग्रा का सफल लिफ्ट किया, जो महिलाओं की 48 किग्रा कैटेगरी में नेशनल रिकॉर्ड है। इससे उनका कुल वजन 205 किग्रा हो गया और उन्होंने स्वर्ण पदक जीत लिया। मीराबाई ने 'खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स' की शुरुआत की तारीफ की और इसे दूर-दराज के इलाकों के खिलाड़ियों के लिए एक अहम मंच बताया। उन्होंने कहा कि खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स उन सभी खिलाड़ियों को एक मंच देगा जो दूर-दराज के इलाकों से आते हैं, ताकि वे अपनी काबिलियत दिखा सकें। मैंने पूरे देश में, खासकर नॉर्थ-ईस्ट और दूसरे आदिवासी इलाकों में ऐसे कई मामले देखे हैं।

## सम्पादकीय

शुक्रवार, 27 मार्च 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# ठोस पहल की जरूरत

अमेरिका ने ईरान के साथ जारी संघर्ष के लगभग चार सप्ताह बीत जाने के बाद पहली बार स्पष्ट रूप से समझौते की इच्छा जताते हुए युद्धविराम प्रस्ताव सामने रखा है। यह प्रस्ताव ऐसे समय में आया है जब दोनों देशों के बीच तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है और क्षेत्रीय स्थिरता पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। हालांकि इस पहल को एक सकारात्मक संकेत के रूप में देखा जा सकता है, लेकिन वास्तविकता यह है कि दोनों पक्षों की शर्तें अत्यंत कठोर हैं और आपसी भरोसे की भारी कमी शांति स्थापित करने की राह में सबसे बड़ी बाधा बनी हुई है। मौजूदा हालात में सबसे जरूरी कदम यह है कि तुरंत हमलों को रोका जाए और संवाद के जरिए किसी साझा समाधान की दिशा में ठोस प्रयास किए जाएं, क्योंकि सैन्य ताकत के सहारे केवल विनाश और अस्थिरता ही बढ़ेगी। प्रस्तावों को लेकर किसी भी तरह की ठोस स्पष्टता सामने नहीं आई थी। पाकिस्तान में ईरान के राजदूत रजा अमीरी मुकद्दम ने सार्वजनिक रूप से यह कहा कि वॉशिंगटन और तेहरान के बीच फिलहाल किसी प्रकार की सीधी बातचीत नहीं हो रही है। दूसरी ओर, ईरान के एक सैन्य प्रवक्ता ने भी अमेरिका के इस प्रस्ताव को गंभीरता से लेने के बजाय उसका मजाक उड़ाया, जिससे यह साफ जाहिर होता है कि ईरान अभी इस पहल को लेकर पूरी तरह आश्वस्त नहीं है। इसके बावजूद, यह एक महत्वपूर्ण बदलाव है कि कम से कम अब शांति और युद्धविराम जैसे मुद्दों पर खुलकर चर्चा हो रही है, जो आगे चलकर किसी सकारात्मक परिणाम का आधार बन सकती है। ईरान और अमेरिका के बीच जो मूलभूत मतभेद हैं, वे इतने गहरे और जटिल हैं कि उन्हें तुरंत सुलझा पाना आसान नहीं है। फरवरी में भी जब दोनों पक्षों के बीच बातचीत की कोशिश हुई थी, तब यही मुद्दे सामने आए थे और अंततः वार्ता किसी निष्कर्ष तक नहीं पहुंच सकी थी। यह ऐसे संवेदनशील विषय हैं जिन्हें दोनों देश अपनी 'रेड लाइन' मानते हैं, यानी ऐसे बिंदु जिन पर समझौता करना उनके लिए लगभग असंभव है। इन मुद्दों में सुरक्षा, क्षेत्रीय प्रभाव, परमाणु कार्यक्रम और प्रतिबंध जैसे कई पहलू शामिल हैं, लेकिन यह भी सच है कि किसी भी युद्ध के दौरान बातचीत की शुरुआत अक्सर इसी प्रकार के कठिन और असहज माहौल में होती है। यह उम्मीद करना अव्यावहारिक होगा कि दोनों देश तुरंत आमने-सामने बैठकर सभी मतभेद सुलझा लेंगे। इसके लिए धैर्य, लचीलापन और निरंतर प्रयास की आवश्यकता होती है। शांति की दिशा में आगे बढ़ने के लिए यह अनिवार्य है कि दोनों पक्ष अपने-अपने कठोर रुख में कुछ नरमी दिखाएं और ऐसे बिंदुओं की तलाश करें जहां आपसी सहमति बन सके। जब तक कोई साझा आधार नहीं मिलेगा, तब तक किसी भी तरह का समझौता संभव नहीं हो पाएगा।

## टेक्नोलॉजी पर विशेष ध्यान जरूरी



टेक्नोलॉजी विकास की रफ्तार को कई गुना बढ़ा सकती है और गति को प्रगति में बदल सकती है, इसी को ध्यान में रखते हुए उप्र सरकार ने कई कार्यक्रम शुरू किए हैं और बजट में टेक्नोलॉजी पर विशेष ध्यान देने का प्रयास किया है, जब हम तकनीक नहीं अपनाते उससे परहेज करते हैं तो प्रतिस्पर्धा में नहीं होते हैं और जब प्रतिस्पर्धा में नहीं होते हैं, तो प्रगति की जगह दुर्गति की ओर जाते हैं, हमें प्रगति की ओर नहीं जाना है बल्कि प्रगति का अनुसरण करना है, हमारे युवाओं में बहुत टैलेंट है। उसके टैलेंट को जब हम टेक्नोलॉजी के साथ जोड़ते हैं, तो वह अपनी प्रतिभा को कई गुना तेजी के साथ आगे बढ़ाने में सफल होता है।

**-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उप्र**

# युद्ध के चलते दुनियाभर में ऊर्जा लॉकडाउन का डर






**रजनीश कपूर**

विश्व आज एक नए संकट के कगार पर खड़ा है। 28 फरवरी 2026 को शुरू हुए अमेरिका-इजरायल और ईरान युद्ध ने मात्र चार सप्ताह में वैश्विक ऊर्जा बाजार को हिला दिया है। 'स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज', जिससे दुनिया के 20 प्रतिशत तेल और एलएनजी का परिवहन होता है, प्रभावी रूप से बंद हो गया है। ईरान के साउथ पार्स गैस फील्ड और कतर के रास लाफान एलएनजी प्लांट पर हमलों से वैश्विक उत्पादन में 3.5 प्रतिशत की कमी आई है, जिसकी मरम्मत में वर्षों लग सकते हैं। तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच चुकी हैं, जबकि भारत जैसे आयात-निर्भर देशों में ईंधन, एलपीजी और बिजली की आपूर्ति पर दबाव बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद में चेतावनी दी है कि यह संकट ऊर्जा सुरक्षा को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकता है। ऐसे में 'ऊर्जा लॉकडाउन' की चर्चा जोर पकड़ रही है। एक ऐसी स्थिति जिसमें ईंधन राशनिंग, बिजली कटौती और औद्योगिक गति. विधियों पर अंकुश लग सकता है, ठीक कोविड जैसी आपात स्थिति की तरह।

यह युद्ध केवल सैन्य टकराव नहीं, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था का आर्थिक हथियार बन गया है। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) के प्रमुख फतिह बिरोल ने इसे मेजर, मेजर थ्रेट बताया है। हॉर्मुज बंद होने से न केवल तेल, बल्कि उर्वरक, हीलियम और सल्फर की आपूर्ति भी प्रभावित हुई है, जो खाद्य उत्पादन और एआई तकनीक तक को प्रभावित कर रही है। बांग्लादेश ने पहले ही ईंधन राशनिंग लागू कर दी है। लंका में अनिवार्य ऊर्जा अवकाश की घोषणा हुई है। भारत में भी पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ रही हैं, एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति अनिश्चित है और बिजली संयंत्रों में कोयला-गैस का संकट गहरा रहा है। यदि युद्ध लंबा चला तो 'ऊर्जा लॉकडाउन' वास्तविकता बन सकता है। यानी उद्योग बंद, परिवहन सीमित और घरेलू बिजली पर पाबंदी। यह न केवल मुद्रास्फीति बढ़ाएगा, बल्कि विकास दर को 1-2 प्रतिशत तक घटा सकता है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि यदि हॉर्मुज दो-तीन महीने और बंद रहा तो वैश्विक मंदी अनिवार्य हो जाएगी, लेकिन संकट के बीच आशा की किरण भी दिख रही है।

शांति वार्ता की संभावना बन रही है और इसमें पाकिस्तान की भूमिका अचानक केंद्र में आ गई है। पाकिस्तान ने खुद को अमेरिका और ईरान के बीच मुख्य मध्यस्थ के रूप से स्थापित किया है। पाकिस्तानी आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर की ईरान और अमेरिका दोनों के साथ अच्छी पहुंच का फायदा उठाते हुए इस्लामाबाद ने वार्ता का मंच प्रस्तावित किया है। खबरों के अनुसार, अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वैंस और ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बागेर गलीबाफ के बीच इस्लामाबाद में संभावित शिखर वार्ता की तैयारी चल रही है। पाकिस्तान ने 15-पॉइंट प्रस्ताव अमेरिका की ओर से ईरान तक पहुंचाया है, जिसमें हॉर्मुज खोलने, यूरेनियम संवर्धन सीमा और मुआवजे जैसे मुद्दे शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि यह भूमिका संयोग नहीं है। पाकिस्तान न तो अमेरिकी सैन्य अड्डे रखता है और न ही ईरान के साथ उसके संबंध खराब हैं। बल्कि पाकिस्तान के दोनों देशों के साथ सैन्य-कूटनीतिक संबंध मजबूत हैं। ईरान के साथ साझा सीमा और शिया समुदाय के कारण, जबकि (पाक आर्मी चीफ की हालिया व्हाइट हाउस यात्रा के चलते) अमेरिका के साथ ट्रंप की व्यक्तिगत दोस्ती के कारण पाकिस्तान मध्यस्थ बनने में सक्षम है। इसके साथ ही कतर और ओमान पारंपरिक मध्यस्थ रहे हैं, सऊदी अरब और टर्की ने भी 'बैकचैनल' वार्ता शुरू की है, जबकि चीन ने आर्थिक हितों के कारण शांति की अपील की है। लेकिन जानकारों के अनुसार पाकिस्तान की पहल सबसे मुखर और सक्रिय लग रही है।

सवाल उठता है कि क्या युद्धविराम संभव है? कूटनीतिक विशेषज्ञों की राय विभाजित है। कुछ का मानना है कि पाकिस्तान की मध्यस्थता एक 'टर्निंग पॉइंट' साबित हो सकती है क्योंकि दोनों पक्ष थक चुके हैं। तेल की महंगाई के चलते अमे. रिका को घरेलू आर्थिक दबाव और इजरायल को क्षेत्रीय विस्तार की सीमा का सामना करना पड़ रहा है। ईरान की अर्थव्यवस्था पहले से ही चरमरा रही है। पाकिस्तान के माध्यम से 'बैकचैनल' संदेशों का आदान-प्रदान पहले ही शुरू हो चुका है। यदि इस्लामाबाद शिखर सफल हुआ तो हॉर्मुज दोबारा खुल सकता है और ऊर्जा संकट थम सकता है। वाशिंगटन इंस्टीट्यूट और स्टिमसन सेंटर के विश्लेषकों का कहना है कि यह युद्ध 'कोई स्पष्ट विजेता' नहीं देगा। इजरायल के हमलों से ईरान की ऊर्जा सुविधाएं क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं, जिनकी मरम्मत में वर्षों लगेंगे। ईरान की ओर से जवाबी हमले अभी भी जारी हैं। यदि युद्धविराम हो भी गया तो भी 'दूसरे चरण' के मुद्दे जैसे कि, परमाणु कार्यक्रम, क्षेत्रीय प्रभाव और मुआवजा आदि, बने रहेंगे। पाकिस्तान की भूमिका को कुछ विशेषज्ञ 'रणनीतिक अवसरवाद' मानते हैं। पाकिस्तान खुद अफगानिस्तान के साथ संघर्ष में फंसा है और सऊदी के साथ रक्षा समझौते की तलाश में है। मध्यस्थता से वह वैश्विक कूटनीति में अपनी प्रासंगिकता बढ़ाना चाहता है। लेकिन विशेषज्ञ चेताते हैं कि यदि ईरान पाकिस्तानी प्रस्ताव को 'ट्रंप का दबाव' माने तो बात आगे नहीं बढ़ेगी।

पाकिस्तान भले ही क्षेत्रीय शक्तियों (सऊदी, टर्की) और महाशक्तियों (अमेरिका, चीन) के बीच संतुलन बनाए रखता है। फिर भी, युद्ध की जड़ें गहरी हैं, परमाणु मुद्दा, इजरायल-ईरान शत्रुता और हॉर्मुज का भू-राजनीतिक महत्व आदि। यदि पाकिस्तान सफल हुआ तो भारत को फायदा होगा, क्योंकि हमारा 60 प्रतिशत तेल आयात मध्य पूर्व से आता है, लेकिन भारत को अपनी ऊर्जा सुरक्षा पर ध्यान देना चाहिए।

जैसे कि रणनीतिक भंडार बढ़ाना, नवीकरणीय ऊर्जा को तेज करना और रूस-मध्य एशिया से आयात विविधीकरण करना। ऊर्जा लॉकडाउन से बचने का एकमात्र रास्ता कूटनीति है, लेकिन यदि युद्ध जारी रहा तो वैश्विक अर्थव्यवस्था को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। भारत जैसे विकासशील देशों को हर स्थिति के लिए तैयार रहना होगा, न केवल संकट प्रबंधन के लिए, बल्कि दीर्घकालिक ऊर्जा स्वतंत्रता के लिए भी। यह संकट हमें याद दिलाता है कि युद्ध अब केवल सीमाओं पर नहीं, बल्कि ऊर्जा पाइपलाइनों और आर्थिक आपूर्ति श्रृंखलाओं पर भी लड़ा जाता है। गौरतलब है कि शांति की अपील सभी पक्षों, अमेरिका, इजरायल, ईरान और मध्यस्थ देशों से होनी चाहिए। अन्यथा, दुनिया भर में ऊर्जा लॉकडाउन का साया काफी देर तक मंडराता रहेगा।

# जलवायु परिवर्तन, पौधों पर जल्दी फूल आना

**नाइट्रिक ऑक्साइड पौधों और जंतुओं में एक जाना-माना महत्वपूर्ण संकेतक अणु है। यह बूंद से पौधे की कोशिकाओं में पहुंचकर ऐसी जैव-रासायनिक प्रक्रियाएं शुरू करवाता है, जो अंततः पुष्पन की प्रक्रिया को सक्रिय कर देती हैं। पुष्टि के लिए वैज्ञानिकों ने 30 से अधिक वर्षों में जुटाए गए ब्रेसिकेसी कुल के लगभग 1.2 करोड़ पौधों के पुष्पन रिकॉर्ड का विश्लेषण किया। उन्होंने पफूल खिलने के समय की तुलना 11 अलग-अलग मौसम सम्बंधी कारकों से की। पफूल खिलने के समय का सम्बंध तापमान और दिन की लंबाई के अलावा ओस बिंदु से भी देखा गया।**



दुनिया भर में कई पौधों में अब पहले की तुलना में जल्दी फूल खिलने लगे हैं। पूरा ध्यान बढ़ते तापमान पर जाता है। लेकिन वैज्ञानिकों के अनुसार केवल गर्मी बढ़ना ही इसका कारण नहीं है। जैसे, ग्रीनहाउसों में सिर्फ ज़्यादा तापमान देने से फूल समय से पहले नहीं खिले। एक नए अध्ययन से पता चला है कि पत्तियों पर जमा होने वाली ओस की बूंदें इस जल्दबाजी की वजह हो सकती हैं।

शोधकर्ताओं के अनुसार, जब पानी की बहुत सूक्ष्म बूंदें पत्तियों पर जमती हैं, तो वे कुछ रासायनिक अभिक्रियाएं शुरू करवाती हैं। ए अभिक्रियाएं पौधे को संकेत देती हैं कि अब फूल बनाने का समय आ गया है। तो लगता है कि केवल बढ़ता तापमान नहीं, बढ़ती नमी के कारण बनने वाली ओस भी पौधों के व्यवहार को प्रभावित कर सकती है। पहले किए गए प्रयोगों से यह स्पष्ट था कि थोक पानी की तुलना में पानी की बहुत छोटी बूंदें अलग तरह से व्यवहार करती हैं। जब ऐसी सूक्ष्म बूंदें किसी ठोस अजैविक सतह पर बनती हैं, तो उनमें खास रासायनिक अभिक्रियाएं शुरू हो सकती हैं। देखा गया था कि इन अभिक्रियाओं के कारण वहां मूलक बनते हैं जिनमें अयुग्मित इलेक्ट्रॉन होते हैं। इस अवलोकन से यह सवाल पैदा हुआ कि यदि ऐसी ही बूंदें किसी सजीव सतह (जैसे पत्ती) पर जमें तो क्या परिणाम होगा। इसको समझने के लिए वैज्ञानिकों ने एक छोटे फूलदार पौधे एरेबिडॉप्सिस थैलियाना पर प्रयोग किए। यह ब्रेसिकेसी कुल का पौधा है। विस्तृत प्रयोगों में पाया गया कि इस पौधे की पत्तियों पर ओस जमने पर, वहां होने वाली रासायनिक अभिक्रियाओं के परिणामस्वरूप हाइड्रोजन परॉक्साइड और नाइट्रिक ऑक्साइड बनते हैं।

नाइट्रिक ऑक्साइड पौधों और जंतुओं में एक जाना-माना महत्वपूर्ण संकेतक अणु है। यह बूंद से पौधे की कोशिकाओं में पहुंचकर ऐसी जैव-रासायनिक प्रक्रियाएं शुरू करवाता है, जो अंततः पुष्पन की प्रक्रिया को सक्रिय कर देती हैं। पुष्टि के लिए वैज्ञानिकों ने 30 से अधिक वर्षों में जुटाए गए ब्रेसिकेसी कुल के लगभग 1.2 करोड़ पौधों के पुष्पन रिकॉर्ड का विश्लेषण किया। उन्होंने फूल खिलने के समय की तुलना 11 अलग-अलग मौसम सम्बंधी कारकों से की। फूल खिलने के समय का सम्बंध तापमान और दिन की लंबाई के अलावा ओस बिंदु से भी देखा गया।

ओस बिंदु हवा में उपस्थित नमी और हवा के तापमान से जुड़ा है। हालांकि सभी वैज्ञानिक पूरी तरह आश्वस्त नहीं हैं लेकिन यदि यह निष्कर्ष सही साबित होते हैं, तो वैज्ञानिकों की यह समझ बदल सकती है कि गर्माती जलवायु में पौधे कैसे प्रतिक्रिया करते हैं। यदि केवल तापमान ही नहीं, बल्कि हवा की नमी में छोटे बदलाव भी फूल आने के समय को प्रभावित कर सकते हैं, तो इस शोध का व्यावहारिक उपयोग भी हो सकता है। भविष्य में किसान नियंत्रित फुहार या हल्की नमी देकर फूलने का समय बदल सकते हैं और फसल उत्पादन बढ़ा सकते हैं।

**-स्रोत फीचर्स**

# संस्कृत नाटक से आधुनिक थिएटर तक, रंगमंच का इतिहास

**विश्व रंगमंच दिवस पर विशेष**



**योगेश कुमार गोयल**

रंगमंच सदियों से मानव संस्कृति का अभिन्न अंग रहा है, जिसमें समय के साथ अनेक परिवर्तन हुए हैं। विभिन्न परंपराओं और सांस्कृतिक मूल्यों के अनुसार रंगमंच का विकास हुआ, जो कई चरणों से गुजरते हुए विभिन्न रूपों में बंट गया। रंगमंच मनोरंजन का सबसे पुराना माध्यम है, जो समाज की भावनाओं, विचारों और संस्कृति को दर्शाता है। 'रंगमंच' शब्द 'रंग' और 'मंच' दो शब्दों से मिलकर बना है। 'रंग' शब्द इसलिए क्योंकि .श्य को आकर्षक बनाने के लिए दीवारों, छतों और पर्दों पर तरह-तरह की चित्रकारी होती है और अभिनेताओं की वेशभूषा तथा साज-सज्जा में भी भिन्न-भिन्न रंगों का इस्तेमाल किया जाता है और 'मंच' शब्द इसलिए क्योंकि रंगमंच का तल दर्शकों की सुविधा के लिए फर्श से कुछ ऊंचा उठा होता है। दर्शकों के बैठने के स्थान को रंगमंच और प्रेक्षागार सहित समूचे भवन को प्रेक्षागृह, रंगशाला या नाटडशाला कहते हैं जबकि पश्चिमी देशों में इसे 'थिएटर' या 'ऑपेरा' नाम दिया गया।

हर साल 27 मार्च को रंगमंच की कला को बढ़ावा देना और इस क्षेत्र से जुड़े कलाकारों, निर्देशकों, लेखकों और तकनीशियनों को सम्मान देने के लिए 'विश्व रंग. मंच दिवस' मनाया जाता है, जिसकी शुरूआत 1961 में हुई थी। अंतर्राष्ट्रीय रंगमंच संस्थान (आईटीआई) ने यूनेस्को के सहयोग से 27 मार्च को विश्व रंगमंच दिवस के रूप में घोषित किया था, जिसे मनाने का मुख्य उद्देश्य रंगमंच कला के महत्व को समझाना, दुनिया भर में रंगमंच की महत्ता को बढ़ावा देना और नाटड कला को संरक्षित करना है। दुनियाभर में आईटीआई के 85 से भी ज्यादा केंद्र हैं। सर्वप्रथम इस दिवस की स्थापना का विचार राष्ट्रपति अरवी किविमा द्वारा दिया गया था, जिन्होंने 1961 में आईटीआई की 9वीं विश्व कांग्रेस की बैठक में फिनिश सेंटर की ओर से यह प्रस्ताव रखा था, जिसके बाद 1962 से यह दिवस हर साल 27 मार्च को मनाया जाने लगा। यह दिन उन लोगों के लिए एक बड़ा उत्सव है, जो कला के रूप 'थिएटर' के मूल्य और महत्व को समझते हैं। भारत में रंगमंच की परंपरा अत्यंत पुरानी और समृद्ध है, जो वेदों, पुराणों और संस्कृत नाटकों से लेकर आधुनिक नाटड रूपों तक विस्तारित है। भारतीय रंगमंच की जड़ें धार्मिक अनुष्ठानों, लोकनाटडों और शास्त्रीय नाटकों में गहरी जमी हुई हैं। भारत में रंगमंच की शुरुआत भरतमुनि के 'नाट्यशास्त्र' से मानी जाती है, जिसे संस्कृत नाटक का आधार और रंगमंच का पहला विस्तृत ग्रंथ माना जाता है, जिसमें अभिनय, नृत्य, संगीत, वेशभूषा, रंगमंचीय संरचना और नाट्यशैली के बारे में विस्तार से बताया गया है। कालिदास अभिज्ञानशाकुंतलम, 'मालविकाग्निमित्रम', भास स्वप्नवासवदत्तम, प्रतिज्ञायौगंधरायणम, शूद्रक मृच्छकटिकम और विशाखदत्त मुद्राराक्षस जैसे नाटककारों ने संस्कृत रंगमंच को समृद्ध किया। इन नाटकों में धार्मिक, ऐतिहासिक, पौराणिक और सामा. जिक विषयों को उठाया गया था। भारत में आधुनिक रंगमंच का विकास पारसी थिएटर, सामाजिक नाटक और राजनीतिक नाटकों के रूप में हुआ। मध्यकाल में लोकनाट्य परंपरा अधिक विकसित हुई। भक्ति आंदोलन के प्रभाव से भक्ति और धार्मिक नाटकों का उदय हुआ। उस दौरान भारत के विभिन्न क्षेत्रों में अनेक लोकनाटड शैलियां उभरी, जैसे उत्तर भारत में रामल. ीला व नौटंकी, महाराष्ट्र में तमाशा, गुजरात व राजस्थान में भवाई, पश्चिम बंगाल में जात्रा, कर्नाटक में यक्षगान, आंध्र प्रदेश में वीर नाटडम, केरल में कथकली, तमिलनाडु में तेरुक्कूत्तु आदि। भारतीय रंगमंच पर आधुनिक काल में पाश्चात्य प्रभाव भी पड़ा। अंग्रेजों के आगमन के बाद 19वीं शताब्दी में पारसी थिएटर का विकास हुआ, जिसने भारतीय नाटक को व्यावसायिक रूप दिया और वह कई दशकों तक लोकप्रिय रहा। हालांकि 20वीं शताब्दी में रंगमंच ने एक नए रूप में जन्म लिया, जिसमें सामाजिक, राजनीतिक और समक. ालीन मुद्दों को मंचित किया जाने लगा। उस दौर में कई महान नाटककार और रंगकर्मी उभरे, जिनमें गिरीश कर्नाड तुगलक, हयवदन, बदाल सरकार भागवत अज्जुकर, एवम इंद्रजीत, विजय तेंदुलकर घासीराम कोतवाल, खामोश अदालत जारी है, हबीब तनवीर चरणदास चोर, धर्मवीर भारती अंधायुग आदि प्रमुख थे। रंगमंच का इतिहास प्राचीन ग्रीस से जुड़ा माना जाता है, जहां 534 ईसा पूर्व में थेस्पिस नामक कलाकार ने पहली बार एकल अभिनय (रंगमंचीय प्रदर्शन) किया था, जिस कारण उन्हें 'प्रथम अभिनेता' और 'रंगमंच का जनक' भी कहा जाता है। विश्व का पहला प्रसिद्ध रंगमंच 'थिएटर ऑफ डायोनिसस' था, जो एथेंस (ग्रीस) में स्थित था, जो 5वीं शताब्दी ईसा पूर्व में बनाया गया था। वहां ग्रीक नाटककार सोफोक्लेस, यूरिपिड्स और एस्किलस के नाटक प्रस्तुत किए जाते थे। लगभग छठी शताब्दी ईसा पूर्व में ग्रीस में नाट्य प्रदर्शन होने लगे थे। एस्किलस, सोफोक्लेस, यूरिपिडीस और अरिस्टोफेनीस जैसे नाटककारों ने ही ग्रीक रंगमंच को समृद्ध किया। ग्रीक नाटकों में मुख्य रूप से दुखांत, सुखांत और व्यंग्य प्रमुख शैलियां थी। ग्रीक नाटडशालाएं खुले स्थानों पर पहाड़ियों पर बनाई जाती थी, जो उस जमाने के 'ओपन-एयर थिएटर' थे। अभिनेताओं द्वारा विभिन्न भावों को दर्शाने के लिए मुखौटे पहने जाते थे। यूरोप में रंगमंच का विकास मध्ययुगीन धार्मिक नाटकों से लेकर आधुनिक युग तक क्लासिकल, रोमांटिक, यथार्थवादी और आधुनिक शैलियों में कई चरणों में हुआ। प्रारंभ में ईसाई धर्म से जुड़े नाटकों का मंचन किया जाता था। ग्रीक रंगमंच से प्रभावित होकर ही रोमन सभ्यता ने अपने नाटकों का विकास किया और तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व से रोमन रंगमंच का प्रभाव बढ़ा। रोमन नाट्यशालाएं विशाल और भव्य होती थी। रोमन रंगमंच में हास्यपूर्ण और व्यंग्यात्मक नाटक अधिक प्रचलित थे। रोमन नाटककारों में प्लॉटस और टेरेन्स प्रमुख थे। रोमन युग में नाटक के साथ-साथ ग्लैडीएटर मुकाबले भी होते थे। रंगमंच को विलियम शेक्सपीयर ने नई ऊंचाई प्रदान की। 'हैमलेट', 'मैकबेथ', 'ओथेलो' जैसे नाटकों के रचयिता विलियम शेक्सपीयर ही थे। एशियाई रंगमंच विविध और पारंपरिक रूपों में विकसित हुआ, जिसमें चीन, जापान, भारत और अन्य पूर्वी देशों की नाट्य परंपराएं सम्मिलित हैं। एशियाई रंगमंच में अभिनय के साथ नृत्य और संगीत का महत्वपूर्ण स्थान है। रंगमंच दिवस के लिए पहला संदेश 1962 में जीन कोक्टड् द्वारा लिखा गया था, जिसका 50 से अधिक भाषाओं में अनुवाद किया गया और वह सैकड़ों अखबारों में छापा गया। कई संस्थानों के माध्यम से उस संदेश को दुनिया के सभी कोनों में प्रसारित किया गया। वह नाटक पांचवीं शताब्दी के शुरुआती दौर का माना जाता है। रंग. मंच दिवस सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देता है और दुनिया भर में रचनात्मकता तथा सामाजिक परिवर्तन को बढ़ावा देने में रंगमंच की भूमिका को मान्यता देता है।

आज रंगमंच न केवल मनोरंजन का साधन है बल्कि यह सामाजिक चेतना जगाने और सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने का माध्यम भी है। आज के डिजिटल युग में सिनेमा और वेब सीरीज के बावजूद रंगमंच अपनी पहचान बनाए हुए है। तकनीकी प्रगति और डिजिटल मनोरंजन के बढ़ते प्रभाव के बावजूद रंग. मंच की प्रासंगिकता बनी हुई है। लाइव स्ट्रीमिंग और ऑनलाइन थिएटर के माध्यम से रंगमंच की पहुंच वैश्विक स्तर तक बढ़ रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### बंगलादेश में बस पद्मा नदी में गिरी 26 यात्रियों की मौत

**ढाका।** बंगलादेश में बुधवार शाम यात्रियों से भरी एक यात्री बस, नौका पर चघए जाने के दौरान अनियंत्रित होकर पद्मा नदी में गिर गई जिससे कम से कम 24 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य लापता हैं। यह दर्दनाक हादसा राजबाड़ी जिले के दौलतदिया फेरी टर्मिनल के पास शाम लगभग सवा पांच बजे तब हुआ जब ढाका की ओर जा रही 'सौहार्द परिवहन' की बस पंटून नंबर 3 से नदी में जा गिरी। प्रारंभिक जांच के अनुसार, फेरी के करीब पहुंचते ही बस चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिसके बाद बस पलट गई और नदी में लगभग 30 फीट नीचे डूब गई।

### एयर इंडिया ने छह साल बाद रोम के लिए शुरू की उड़ान

**नई दिल्ली।** टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया ने छह साल के अंतराल के बाद इटली की राजधानी रोम के लिए उड़ान की शुरुआत की है। एयर इंडिया की उड़ान संख्या एआई123 बुधवार को दिल्ली से रोम के फिउमिचिनो हवाई अड्डे के रवाना हुई। यह नॉन स्टॉप उड़ान सप्ताह में चार बार है। रोम यूरोप की मुख्य भूमि में एयर इंडिया का आठवां और मिलान के बाद इटली का दूसरा गंतव्य बन गया है। एम्स्टर्डम, कोपेनहेगन, फ्रैंकफर्ट, मिलान, पेरिस, वियना और ज्यूरिख के लिए उसकी नॉन स्टॉप सेवाएं पहले से हैं।

### इराकी सरकार अमेरिकी दूत को तलब करेगी: अल-नुमान

**दोहा।** इराक के विदेश मंत्रालय ने घोषणा की है कि रक्षा मंत्रालय के एक चिकित्सा केंद्र पर हुए हवाई हमले के विरोध में अमेरिकी कार्यवाहक राजदूत को तलब कर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई जाएगी।। इराक के सशस्त्र बलों के कमांडर-इन-चीफ और प्रधानमंत्री के प्रवक्ता सबा अल-नुमान ने बताया कि इस हमले में सैन्य कर्मी मारे गए हैं। इराकी रक्षा मंत्रालय ने इससे पहले कहा था कि पश्चिमी इराक में हब्बनिया सैन्य चिकित्सा केंद्र पर हुए हवाई हमलों में सात इराकी सैनिक मारे गए और 13 अन्य घायल हो गए।

### अमेरिका सेना एक सीटी स्कैन मशीन यूक्रेन भेजेगी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सेना एक सीटी स्कैन मशीन यूक्रेन को देने तथा चिकित्सा कर्मियों को इसे संचालित करने के लिए प्रशिक्षित करने की योजना बना रही है। रूस की सरकारी न्यूज एजेंसी रिया नोवोस्ती ने अमेरिकी सरकारी दस्तावेजों की समीक्षा के बाद यह जानकारी दी। दस्तावेजों के अनुसार, ठेकेदार को न केवल उपकरण वितरित और स्थापित करना होगा, बल्कि इसे चलाने के लिए स्थानीय विशेषज्ञों को प्रशिक्षित भी करना होगा। इसके साथ ही सिस्टम मैनुअल भी यूक्रेनी भाषा में प्रदान करना होगा। इस परियोजना की देखरेख अमेरिकी सेना की 409वीं कॉन्ट्रैक्टिंग सपोर्ट ब्रिगेड द्वारा की जा रही है, जो जर्मनी में स्थित है।



**इजरायल।** रामत गान में ईरानी मिसाइल हमलों की चेतावनी देने वाले हवाई हमले के सायरन बजने पर अपने कुत्तों के साथ बम आश्रय में छिपे डॉग सैलून के कर्मचारी।

## ट्रम्प ने ईरानी वार्ताकारों की आलोचना की, कहा बहुत अलग एवं अजीब

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पश्चिम एशिया में तनाव कम करने के लिए संभावित बातचीत पर गुरुवार को प्रतिक्रिया देते हुए ईरानी वार्ताकारों की आलोचना की और उन्हें अलग एवं अजीब करार दिया। इसके साथ ही अमेरिकी राष्ट्रपति ने इस मामले में नाटो देशों से किसी प्रकार का सहयोग नहीं मिलने पर उनकी अप्रत्यक्ष रूप से आलोचना की है। ट्रम्प ने अपनी सोशल नेटवर्किंग साइट ट्रुथ सोशल पर लिखा कि ईरानी वार्ताकार बहुत अलग एवं अजीब हैं। वे हमसे समझौता करने की विनती कर रहे हैं जो कि उन्हें करना ही चाहिए क्योंकि वे सैन्य रूप से पूरी तरह पराजित हो चुके हैं और उनके युद्ध में वापसी की कोई संभावना नहीं है।

# अमेरिका-ईरान युद्ध ने बढ़ाई वैश्विक खाद्य सुरक्षा की चिंता

## वैश्विक कृषि व्यापार नियमों को फिर से लिखने का प्रस्ताव तैयार रहे अर्थशास्त्री और विभिन्न सरकारें

**नई दिल्ली।** अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच हाल ही के युद्ध ने न केवल तेल बाजारों को प्रभावित किया है, बल्कि वैश्विक खाद्य और उर्वरक आपूर्ति श्रृंखला में बड़ी बाधाएं उत्पन्न कर भविष्य की खाद्य सुरक्षा के लिए भी खतरा पैदा कर दिया है। इस संकट को देखते हुए अर्थशास्त्री और विभिन्न सरकारें अब वैश्विक कृषि व्यापार नियमों को फिर से लिखने का प्रस्ताव तैयार कर रही हैं, ताकि भविष्य में इस तरह के झटकों से निपटा जा सके।

भारतीय विदेश व्यापार संस्थान के पूर्व डब्ल्यूटीओ चेयरमैन प्रोफेसर विश्वजीत धर ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य से यातायात संचालन में आई बाधा ने यह उजागर कर दिया है कि ऊर्जा, उर्वरक और खाद्य प्रणालियां एक-दूसरे से कितनी गहराई से जुड़ी हुई हैं। एलएनजी के प्रवाह में रुकावट और बढ़ती ऊर्जा लागत के कारण भारत जैसे देशों में उर्वरक उत्पादन और कीमतों पर सीधा असर पड़ा है। प्रमुख अर्थशास्त्रियों द्वारा प्रस्तावित 'मॉडल ट्रीटी ऑन एग्रीकल्चरल ट्रेड' में तर्क दिया गया है कि विश्व व्यापार संगठन का मौजूदा ढांचा जलवायु परिवर्तन, महामारी और युद्ध जैसे झटकों से



■ भारत जैसे देशों के लिए ऊर्जा और उर्वरक की लागत संरचनात्मक रूप से हमेशा के लिए ऊंची बनी रह सकती है

निपटने में अक्षम साबित हुआ है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह ढांचा शुरू से ही दोषपूर्ण था और अब इसे वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं के तनाव परीक्षण में विफल पाया गया है। भारत अपनी जरूरत का लगभग पांचवां हिस्सा यूरिया, आधा हिस्सा डीएपी और लगभग पूरी पोटाश मात्रा आयात करता है। खाड़ी देशों से होने वाली आपूर्ति और समुद्री मार्गों में बढ़ते जोखिमों के कारण बीमा प्रीमियम और माल ढुलाई की लागत में भारी वृद्धि हुई है, जिससे उर्वरकों की कीमतों में उछाल आया है। अधिकारियों के अनुसार, भारत सरकार ने फिलहाल इस झटके को किसानों तक पहुंचने से रोकने के लिए उच्च सब्सिडी के माध्यम से अवशोषित करने का निर्णय लिया है। यदि सरकार ऐसा नहीं करती, तो कृषि उत्पादन घटने और खाद्य कीमतों के बढ़ने का गंभीर जोखिम पैदा हो सकता था, जो एक बड़ा वित्तीय संकट बन सकता है। प्रस्तावित नई संधि का उद्देश्य व्यापार के बजाय खाद्य सुरक्षा, पर्यावरणीय स्थिरता और समानता को प्राथमिकता देना है। प्रोफेसर धर के अनुसार, यह संधि सरकारों को घरेलू उत्पादन बढ़ाने, आपूर्ति श्रृंखलाओं में विविधता लाने और आवश्यकता पड़ने पर बाजार में हस्तक्षेप करने का कानूनी अधिकार देने की वकालत करती है। विशेषज्ञों का मानना है कि संघर्षविराम होने के बावजूद, होर्मुज जलडमरूमध्य से होने वाले व्यापार में युद्ध जोखिम प्रीमियम स्थाई रूप से जुड़ सकता है। इसका मतलब है कि भारत जैसे देशों के लिए ऊर्जा और उर्वरक की लागत संरचनात्मक रूप से हमेशा के लिए ऊंची बनी रह सकती है। बदलते हालातों को देखते हुए भारत अब पोटाश और फॉस्फेट के लिए नए स्रोतों की तलाश कर रहा है और विदेशी खनिज संपत्तियों में निवेश बढ़ा रहा है।

# बाब-अल मंदेब में नया मोर्चा खोलेगा ईरान

## अमेरिका का मुकाबला करने के लिए सर्वोच्च नेता मुजतबा खामेनेई की धमकी को अमली जामा पहनाने की पूरी तैयारी



■ ईरान ने संभावित शांति समझौते के तहत अमेरिका इजरायल से हिजबुल्लाह के खिलाफ सैन्य कार्रवाई रोकने की मांग की

**तेहरान/वॉशिंगटन।** ईरान ने अमेरिका का मुकाबला करने के लिए बाब-एल-मंडेब जलडमरूमध्य में एक 'मोर्चा' खोलने की धमकी दी है। ईरानी समाचार एजेंसी तसनीम ने एक सैन्य स्रोत के हवाले से यह जानकारी दी। इससे पहले, ईरान के नए सर्वोच्च नेता मुजतबा खामेनेई ने कहा था कि यदि क्षेत्र में संघर्ष जारी रहता है तो ईरान अमेरिका और इजरायल के खिलाफ नए मोर्चे खोल सकता है।

स्रोत ने समाचार एजेंसी को बताया कि ईरान लाल सागर में उस रणनीतिक जलमार्ग को खतरे में डालने में सक्षम है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यदि अमेरिका ईरान के दक्षिणी क्षेत्रों और ईरानी द्वीपों के खिलाफ कोई कार्रवाई करने का प्रयास करता है तो अमेरिका का मुकाबला करने के लिए यह नया मोर्चा खोला जाएगा। न्यूयॉर्क टाइम्स अखबार ने बुधवार को अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से खबर दी कि अमेरिकी सैना उत्तरी फारस की खाड़ी में देश के प्राथमिक तेल निर्यात केंद्र, ईरान के खार्ग द्वीप पर कब्जा करने के लिए 82वीं एयरबोर्न डिवीजन के सैनिकों की तैनाती पर विचार कर रही हैं। अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को तेहरान सहित ईरान के ठिकानों पर हमले किए, जिससे व्यापक नुकसान हुआ और हजारों की संख्या में नागरिक हताहत हुए। इसके जवाब में ईरान ने इजरायली क्षेत्र और पश्चिमी एशिया में अमेरिकी सैन्य सुविधाओं पर हमले करने शुरू कर दिए। ईरान के आसपास बढ़ते तनाव के कारण फारस की खाड़ी के देशों से वैश्विक बाजार में तेल और तरलीकृत प्राकृतिक गैस की आपूर्ति के लिए एक प्रमुख मार्ग, 'होर्मुज जलडमरुमध्य' बंद हो गया है, जिससे वैश्विक तेल बाजार काफी प्रभावित हुआ है। परिणामस्वरूप, दुनिया भर के अधिकांश देशों में ईंधन की कीमतें बढ़ रही हैं। वहीं ईरान ने अमेरिका, इजरायल से एक संभावित शांति समझौते के तहत लेबनान स्थित शिया संगठन हिजबुल्लाह के खिलाफ सैन्य कार्रवाई रोकने की मांग की है। सूत्रों के अनुसार, ईरान ने मार्च के मध्य में यह रुख जाहिर किया था। सूत्र ने बताया कि हिजबुल्लाह को ईरान से यह आश्वासन मिला है कि लेबनान में संघर्ष-विराम इस समझौते का एक हिस्सा होगा। ईरान के एक उच्च-पदस्थ सूत्र ने बताया कि तेहरान लगभग एक महीने से अमेरिका के शांति प्रस्ताव पर विचार कर रहा है। इस सप्ताह की शुरुआत में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया था कि वॉशिंगटन और तेहरान के बीच सप्ताहांत में 'बहुत ही सकारात्मक और सार्थक' बातचीत हुई और उन्होंने ईरान के ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर पांच दिनों के लिए हमले रोक दिए। ईरान के विदेश मंत्रालय ने दोनों पक्षों के बीच सीधी बातचीत होने की खबरों को खारिज करते हुए कहा कि उसे केवल ऐसे संदेश प्राप्त हुए हैं जिनमें अमेरिका ने बातचीत करने की इच्छा जाहिर की है।

### ईरान के साथ संघर्ष की बढ़ सकती है अवधि: पूर्व ट्रम्प सलाहकार

**वॉशिंगटन।** अमेरिका का अपने रणनीतिक भंडार से तेल का उपयोग करना इस जोखिम का संकेत हो सकता है कि ईरान के साथ संघर्ष लंबा खिच सकता है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पहले अभियान के विदेश नीति सलाहकार जॉर्ज पापाडोपोलोस ने मीडिया को यह जानकारी दी है।

पापाडोपोलोस ने एक साक्षात्कार में कहा कि इन भंडारों को केवल अत्यधिक संकट के दौरान उपयोग करने के लिए बनाया गया है, जैसे कि अमेरिका में या दुनिया भर में होने वाला लंबी अवधि का कोई भी संभावित युद्ध, उन्होंने आगे कहा कि अमेरिका का वर्तमान भंडार केवल लगभग एक महीने या उससे भी कम समय तक चल सकता है। अमेरिकी ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने इससे पहले मार्च में कहा था कि वॉशिंगटन अपने रणनीतिक भंडार से 17.2 करोड़ बैरल तेल निकालेगा और 2027 में इसमें 20 करोड़ बैरल तेल फिर से भरेगा। इतनी बड़ी मात्रा में तेल जारी करने में लगभग 120 दिन लग सकते हैं। अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को तेहरान सहित ईरान के कई ठिकानों पर हमले किए थे, जिससे काफी नुकसान हुआ और हजारों नागरिक हताहत हुए हैं। ईरान ने इसके जवाब में इजरायली क्षेत्र और पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले किए। होर्मुज जलडमरूमध्य के माध्यम से होने वाला जहाजों का आवागमन इस सैन्य अभियान की वजह से लगभग रुक गया है, जबकि बीमा कंपनियां प्रीमियम बढ़ा रही हैं और कवरेज की शर्तों में बदलाव कर रही हैं। दुनिया भर में तेल, पेट्रोलियम उत्पादों और तरल प्राकृतिक गैस का 20 प्रतिशत हिस्सा अकेले होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है।

# अमेरिका ने अपने नागरिकों को इराक छोड़ने को कहा

■ नागरिकों को सड़क मार्ग से जॉर्डन, कुवैत, सऊदी अरब या तुर्की जाने की सलाह दी गई

**बगदाद।** इराक में ईरान समर्थित आतंकवादी समूहों के बढ़ते हमलों के बीच इराक स्थित अमेरिकी दूतावास ने 'सुरक्षा अलर्ट' जारी कर अपने सभी नागरिकों को तत्काल इराक छोड़ने का निर्देश दिया है।

दूतावास की ओर से बृहस्पतिवार को जारी इस चेतावनी में कहा गया है कि अमेरिकी मिशन अभी खुला है, लेकिन मिसाइल, ड्रोन और रॉकेट हमलों के खतरे को देखते हुए नागरिकों को दूतावास या इरबिल स्थित वाणिज्य दूतावास के करीब न आने की सलाह दी गई है। अमेरिका ने इराक के लिए 'यात्रा नहीं करने की स्तर चार' की चेतावनी जारी रखते हुए स्पष्ट कहा है कि नागरिक किसी भी कारण से इराक न जाएं और जो वहां मौजूद हैं, वे तुरंत निकल जाएं। परामर्श में कहा गया है कि इराक का हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण व्यावसायिक उड़ानें संचालित नहीं हो रही हैं। नागरिकों को सड़क मार्ग से जॉर्डन, कुवैत, सऊदी अरब या तुर्की जाने की सलाह दी गई है। दूतावास ने बताया कि जॉर्डन में 'वीजा ऑन अराइवल' की सुविधा उपलब्ध है। वीजा की अवधि समाप्त हो चुके अमेरिकी नागरिकों को भी प्रवेश की अनुमति दी जा रही है। सऊदी अरब में सीमा पर देरी से बचने के लिए नागरिकों को कम से कम 48 घंटे पहले 'ई-वीजा' आवेदन करने की सलाह दी गई है।

### अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प मई में करेंगे चीन की यात्रा

**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प 14-15 मई को बीजिंग की यात्रा करेंगे, जहां वह अपने चीनी समकक्ष शी जिनपिंग के साथ एक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने गुरुवार को यह घोषणा की कि चीनी राष्ट्रपति भी इस वर्ष के अंत में अमेरिका की यात्रा करेंगे। ट्रम्प ने कहा कि वह 'जिनपिंग के साथ मुलाकात के लिए बहुत उत्सुक हैं, जो कि यकीनन एक यादगार घटना होगी।' दोनों राष्ट्रपतियों के बीच यह उच्च स्तरीय बैठक पहले 31 मार्च से दो अप्रैल के दौरान होनी थी, लेकिन ईरान पर अमेरिका-इजरायल के हमले के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा कि चीन के सम्मानित राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ मेरी बैठक पुनर्निर्धारित की गई है और यह 14 और 15 मई को बीजिंग में होगी।

# इमरान के पुत्र कासिम ने पिता की सेहत को लेकर जताई चिंता

■ इमरान की चिकित्सा देखभाल में भी लापरवाही बरती जा रही है

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के पुत्र कासिम खान ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में अपने पिता की हिरासत को लेकर चिंता जताई है। कासिम ने जिनेवा में मानवाधिकार परिषद में अ आरोप लगाया है कि जेल में अधिकारी उनके पिता के साथ दुर्व्यवहार कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के आरोपों में 2023 से जेल में बंद उनके पिता के साथ किया जा रहा बर्ताव पाकिस्तान में राजनीतिक दमन के एक व्यापक स्वरूप को दर्शाता है, जो 2022 में उनके पद से हटाए जाने के बाद से ही साफ तौर पर दिखाई दे रहा है। गौरतलब है कि खान सरकारी तोहफों से जुड़े एक कथित भ्रष्टाचार मामले में 14 साल की सजा काट रहे हैं और उन्हें अदियाला जेल में रखा गया है। इस हिरासत को 'मनमाना' बताते हुए कासिम ने दावा किया कि यह अंतर्राष्ट्रीय कानून का सीधा उल्लंघन है, जिसमें 'नागरिक और राजनीतिक अधिकारों पर अंतर्राष्ट्रीय अनुबंध' और 'यातना विरोधी कन्वेंशन' जैसे ढांचे शामिल हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके पिता को एकांत कारावास में रखा गया है, उन्हें परिवार के सदस्यों और कानूनी सलाहकारों से मिलने नहीं दिया जा रहा है। उनकी चिकित्सा देखभाल में भी लापरवाही बरती जा रही है।

## शीर्ष ईरानी अधिकारी हमारे आग्रह पर इजरायल की हिट लिस्ट से हटे: पाकिस्तान

**वाशिंगटन।** पाकिस्तान के अनुरोध पर इजरायल ने ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची और संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाघर ग़ालिबाफ़ को अपनी 'हिट लिस्ट' से हटा दिया है। इजरायली अखबार टाइम्स ऑफ़ इजरायल ने रॉयटर्स के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। एक पाकिस्तानी अधिकारी के अनुसार इजरायल के पास इन दोनों ईरानी हस्तियों को निशाना बनाने के लिए उनकी भौतिक स्थिति का पता लगाने वाले भौगोलिक आंकड़ें थे, लेकिन पाकिस्तान ने यह तर्क दिया कि उन्हें खत्म कर देने से बातचीत के लिए कोई भी भरोसेमंद राजनयिक संपर्क नहीं बचेगा।

# अफगानिस्तान-पाकिस्तान में फिर झड़प, 3 की मौत

## ईद पर 5 दिन का सीजफायर खत्म होने के बाद हिंसा शुरू, 3 पाकिस्तानी चौकियां तबाह

**काबुल/इस्लामाबाद।** अफगानिस्तान और पाकिस्तान की सीमा पर बुधवार को फिर से लड़ाई शुरू हो गई। अफगान तालिबान अधिकारियों के मुताबिक, इस हमले में 2 आम नागरिकों की मौत हो गई और 8 घायल हो गए। वहीं पाकिस्तान का भी एक नागरिक मारा गया।

अफगान और पाकिस्तान ने मिलकर ईद को लेकर 5 दिनों का अस्थायी युद्धविराम घोषित किया था। 25 मार्च को सीजफायर खत्म होने के बाद दोनों देशों में फिर से झड़प शुरू हो गई। मुताबिक एक अफगान अधिकारी ने बताया कि युद्धविराम खत्म होते ही पाकिस्तानी सेना ने नरई और सरकानो इलाकों में दर्जनों तोप के गोले दागे। उन्होंने कहा कि जवाब में अफगान सीमा बलों ने भी गोलीबारी की और तीन पाकिस्तानी सैन्य चौकियों को तबाह कर दिया, इस हमले में 1 व्यक्ति मारा गया। अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच 17 मार्च को हिंसक झड़प हुई थी। इसके बाद पाकिस्तानी एयर फोर्स ने काबुल के कई इलाकों में मिसाइल हमले किए थे। अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच 17 मार्च को हिंसक झड़प हुई थी। इसके बाद पाकिस्तानी एयर फोर्स ने काबुल के कई इलाकों में मिसाइल हमले किए थे। यह हिंसा उस समझौते के करीब एक हफ्ते बाद हुई है, जिसमें दोनों देशों ने लड़ाई रोकने पर सहमति जताई थी। यह समझौता सऊदी अरब, तुर्की और कतर के कहने पर हुआ था।



■ 25 मार्च को सीजफायर खत्म होने के बाद दोनों देशों में फिर से झड़प शुरू हो गई

सॉंई फिजियोथेरेपी क्लीनिक
आप सभी को रामनवमी की शुभकामनाएं
सभी प्रकार के हड्डी जोड़ एवं न्यूरो की समस्याओं का नवीनतम फिजियोथेरेपी मशीनों द्वारा स्थायी इलाज



डॉ. कुलदीप शर्मा
फिजियोथेरेपिस्ट
पता: हरपाल चेयरमैन वाली गली कविनगर, गजरौला (अमरोहा)
मो.-9456869811

# गुटेरेस ने पश्चिम एशिया संघर्ष को बेकाबू बताया

## संयुक्त राष्ट्र के महासचिव ने तत्काल युद्ध रोकने का किया आग्रह

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने गुरुवार को कहा कि पश्चिम एशिया में युद्ध बेकाबू हो गया है, जिससे युद्ध का विस्तार हो जाने से नागरिकों की पीड़ा और वैश्विक आर्थिक संकट गहरा गया है। संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए गुटेरेस ने कहा कि युद्ध शुरू होने के तीन सप्ताह से अधिक समय बाद, लड़ाई सबसे खराब आशंकाओं से भी आगे निकल गई है।



■ युद्ध शुरू होने के तीन सप्ताह से अधिक समय बाद लड़ाई सबसे खराब आशंकाओं से भी आगे निकल गई है

गुटेरेस ने कहा कि दुनिया एक व्यापक युद्ध के कगार पर खड़ी है। उन्होंने संबंधित पक्षों से युद्ध को तत्काल रोकने और कूटनीति एवं अंतर्राष्ट्रीय कानून का पालन करने का आह्वान किया। महासचिव ने कहा कि उन्होंने जीन अर्नोल्ट को अपना निजी दूत नियुक्त किया है, ताकि जमीनी स्तर पर दोनों पक्षों के साथ सीधे तौर पर जुड़ने और चल रही शांति पहलों का समर्थन करने सहित मध्यस्थता प्रयासों में तेजी लाई जा सके। उन्होंने हताहतों की बढ़ती संख्या और आर्थिक दुष्परिणामों का हवाला देते हुए अमेरिका और इजरायल से युद्ध समाप्त करने का आग्रह किया। उन्होंने ईरान से भी युद्ध में प्रत्यक्ष रूप से शामिल न होने वाले पड़ोसी देशों पर हमले रोकने का आह्वान किया और कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने ऐसे कृत्यों की निंदा की है। महासचिव ने प्रमुख नौवहन मार्गों, विशेष रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य में व्यवधानों पर चिंता व्यक्त की और चेतावनी दी कि लंबे समय तक बंद रहने से विश्व भर में कृषि के लिए महत्वपूर्ण समय में तेल, गैस एवं उर्वरकों का प्रवाह बाधित हो सकता है। गुटेरेस ने लेबनान की स्थिति की भी चर्चा की, जहां उन्होंने हाल ही में दौरा किया था और हिजबुल्लाह से इजरायल पर हमले रोकने का आग्रह किया। उन्होंने इजरायल से उन सैन्य अभियानों को रोकने का आह्वान किया, जो नागरिकों को बुरी तरह से प्रभावित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गाजा मॉडल को लेबनान में नहीं दोहराया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस युद्ध से वैश्विक बाजार अस्त-व्यस्त हो गए हैं, जबकि मानवीय सहायता अभियान गंभीर बाधाओं का सामना कर रहे हैं और इस संकट का सबसे अधिक खामियाजा सबसे गरीब एवं सबसे कमजोर लोगों को भुगतना पड़ रहा है। सवालों का जवाब देते हुए गुटेरेस ने कहा कि आगे तनाव बढ़ने के संकेतों के बावजूद, जिसमें कथित सैन्य तैनाती और अमेरिका और ईरान के बीच अस्वीकृत प्रस्ताव शामिल हैं, कूटनीति ही आगे बढ़ने का एकमात्र व्यवहार्य तरीका है। उन्होंने कहा कि मेरा संदेश यह है कि कूटनीति को ही प्राथमिकता मिलनी चाहिए। हमें इस आपदा से निकलने का रास्ता चाहिए और शांति ही एकमात्र रास्ता है।

श्री कृष्णा वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्ड़ा रोड़, निकट गऊशाला, मुजफ्फरनगर
प्रवेश सूचना-पैरामेड़िकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स etc.)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास/10thफेल, 12th हेतू-10th पास/12th फेल
(Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-July व Oct 2026)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (X-Ray Tech), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्म टैक), CHD(होम्यापैथिक), Diploma in Yoga & YTTP, ECCE-(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), CCA (कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact us for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, Dip. in Panchkarma Therapy, OT Tech., DMLT, BMLT, BNYS, Optometry, Ophthalmic, Dental Tech & Hygiene, Radiology & Imaging Tech, Dietician and Nutritionist, Optician Dispensing, MPHW, MRT, Agriculture, Bachelor (All Paramedical) BBA, MBA, BSC, MSC, B.Com, M.Com, M.A. B.A. Polytechnic, ITI, Nursing Assitant Etc.
M.: 8505978850, 9634519104

यौन समस्याएं



यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108